वार्षिक प्रतिवेदन
2018-19

भा.कृ.अनु.प.–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान

करनाल – 132001, भारत

उद्देश्य

- गेहूँ एवं जौ की उत्पादकता व गुणवत्ता में सुधार के लिए मौलिक एवं रणनीतिपरक अनुसंधान
- टिकाऊ उत्पादन के लिए फसल उत्पादन व सुरक्षा तकनीकों का समन्वय एवं विकास
- आनुवंशिक विविधता प्रदान करने तथा प्रजनन चक्र को त्वरित करने के लिए गैर मौसमी सुविधाओं का उपयोग
- रतुआ रोग के प्रबंधन के लिए निगरानी एवं चेतावनी
- उन्नत तकनीकों का प्रसार, क्षमता विकास और परस्पर सम्बंधों का विकास

ध्येय

गेहूँ एवं जौ की उत्पादकता और बचत को पारिस्थितिक एवं आर्थिक आधार पर टिकाऊ बनाते हुए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित कर गेहूँ उत्पादन में भारत को विश्व में अग्रणी बनाना।

भाकृअनुप
ICAR

वार्षिक प्रतिवेदन

2018-19

भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान

करनाल – 132001, हरियाणा

सही दृष्टांत : वार्षिक प्रतिवेदन 2018–19, भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल–132001, (हरियाणा)

सम्पादक मंडल : अनुज कुमार, भूमेश कुमार, चरण सिंह, मम्रुथा एच.एम., सेन्धिल आर., गोपाला रेड्डी के., रमेश चन्द एवं जी.पी. सिंह

संकलन : रविश चतरथ, ज्ञानेन्द्र सिंह (फसल सुधार), डी.पी. सिंह (फसल सुरक्षा), आर. के. शर्मा (संसाधन प्रबन्धन), सेवा राम (गुणवत्ता एवं मूलभूत विज्ञान), सत्यवीर सिंह (सामाजिक विज्ञान), ए. एस. खरब (जौ सुधार कार्यक्रम), एस. सी. भारद्वाज (क्षेत्रीय केन्द्र, शिमला), सी. एन. मिश्र (दालंग मैदान), जोगेन्द्र सिंह (बीज प्रक्षेत्र, हिसार)

प्रकाशक : **निदेशक**
भा. कृ. अनु. प.–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान
करनाल–132001, हरियाणा
दूरभाष :0184–2267490 फैक्स :0184–2267390
वेबसाईट : *www.iiwbr.org*

छायाचित्र : राजेन्द्र कुमार शर्मा

प्रतियाँ : 100

मुद्रण : **एरोन मीडिया**
#17, प्रथम तल, सुपर मॉल, सैक्टर 12,
करनाल, हरियाणा
(मो.) 98964 33225

© इस रिपोर्ट का कोई भी अंश निदेशक, भाकृअनुप. –भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल, की पूर्व अनुमति के बिना पुनः प्रकाशित नहीं किया जा सकता।

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान
(भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
पोस्ट बॉक्स 158, अग्रसेन मार्ग, करनाल-132001, हरियाणा

ICAR-Indian Institute of Wheat and Barley Research
(Indian Council of Agricultural Research)
Post Box 158, Agrasain Road, Karnal-132001, Haryana

डॉ. ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह
निदेशक
Dr. G.P. Singh
DIRECTOR

प्राक्कथन

फसल परिदृश्य में वार्षिक रिपोर्ट 2018–19 को एक ऐतिहासिक महत्व के रूप में प्रस्तुत करते हुए मुझे अति प्रसन्नता हो रही है कि वर्ष 2018–19 के दौरान गेहूँ की खेती लगभग 29.55 मिलियन हैक्टर (वैश्विक क्षेत्रफल का (13.45 प्रतिशत) क्षेत्रफल पर की गई तथा ऐतिहासिक आंकड़े को छुते हुए अब तक का सर्वाधिक उत्पादन 101.20 मिलियन टन हुआ, जो गेहूँ की सर्वकालिक उच्चतम उत्पादकता 34.24 कु.है. दर्ज की गई। इसी वर्ष जौ की खेती 0.66 मिलियन हैक्टर क्षेत्रफल पर की गई तथा राष्ट्रीय उत्पादकता 26.17 कु./है. के साथ कुल उत्पादन 1.73 मिलियन टन का अनुमान लगाया गया। एक संगठन के रूप में, शोधकर्ता किसानों से लेकर उपभोक्ताओं तक बहुसंख्यक हितधारकों की सेवा के लिए अपना सर्वश्रेष्ठतम् प्रयास करते हैं।

इस वार्षिक रिपोर्ट में सभी के लिए भोजन एवं पोषण सुरक्षा पर हमारी दृष्टि को सुनिश्चित करने के लिए भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल की उपलब्धियों एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया है। रबी मौसम (2018–19) की शुरुआत में अच्छे मौसम फसल सत्र के दौरान अधिक समय तक ठंडा मौसम, अनुकूल परिस्थितियाँ, अच्छे वातावरण के परिणाम स्वरुप गेहूँ के 100 मिलियन टन के विशाल उत्पादन को प्राप्त करने की दिशा में सार्थक दिखाई देता है। इसके अलावा, गेहूँ खरीद मूल्य में 6.1 प्रतिशत एवं जौ में पिछले वर्ष की तुलना में 2.1 प्रतिशत की वृद्धि पर सरकार के नीतिगत निर्णय से किसानों को बीजाई पूर्व का निर्णय लेने में मदद मिली।

भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल की दृष्टि आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिक दृष्टिकोण के आयामों को पूरा करने वाले सबसे स्थायी तरीके से उच्च गुणवत्ता वाले गेहूँ एवं जौ के अतिरिक्त मात्रा के उत्पादन पर केंद्रित है। पिछले कुछ वर्षों से, अनुसंधान कार्यसूची को सुव्यवस्थित किया गया है। 57वीं अखिल भारतीय गेहूँ एवं जौ सुधार परियोजना के अंतर्गत रांची में आयोजित गेहूँ एवं जौ शोधकर्ताओं का सम्मेलन इनमें से एक है। वर्ष 2018–19 के दौरान, देश के विभिन्न क्षेत्रों एवं उत्पादन स्थितियों के लिए केंद्रीय उपसमिति द्वारा गेहूँ की छह नई किस्मों के लिए फसल मानकों के अनुसार अधिसूचना जारी की गई। उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में सिंचित एवं समय से बिजाई के लिए भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल द्वारा विकसित, गेहूँ की डीबीडब्ल्यू 187 किस्म जैविक एवं अजैविक अनुकूलन और अच्छी गुणवत्ता मानकों के साथ–साथ उपज क्षमता के संदर्भ में बहुत ही आशाजनक रही है। उच्च उपज वाले प्रारंभिक परीक्षणों को संशोधित पैकेज ऑफ प्रैक्टिस के साथ शुरू किया गया और विभिन्न शोध स्थानों पर परिणाम काफी प्रभावशाली पाए गए। भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल द्वारा गेहूँ और जौ सुधार का लक्ष्य सभी कार्य क्षेत्र में सक्रिय रहा है। गेहूँ की ब्लास्ट बीमारी के खतरे का सामना करने के लिए, लगभग 100 किस्मों एवं अग्रिम प्रजनन लाइनों का मूल्यांकन जसोर, बांग्लादेश में किया गया है। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक, सामाजिक और प्रिंट मीडिया के लाभ को बढ़ाने वाले सभी हितधारकों को समय पर सलाह के प्रसार के बाद नियमित निगरानी प्रदान की गई है।

भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल की राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर गेहूँ एवं जौ सुधार में महत्वपूर्ण योगदान के लिए अपनी एक अलग पहचान है। इसकी विश्वसनीयता के लिए, भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वावधान में भारतीय अनुसंधान टीम को राष्ट्रीय प्रजनन कार्यक्रम की सेवा एवं गेहूँ अनुसंधान व विकास में उत्कृष्ट योगदान की मान्यता के लिए जीन प्रबन्धक, तकनीकी कार्यशाला–2018, बोरलॉग वैश्विक रतुआ इनीशिएटिव, मारकेश, मोरक्को में सम्मानित किया गया है। हमारा संस्थान सार्वजनिक–निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने में पहले से ही सक्षम रहा है और इस आधार पर, बीज वितरण प्रणाली को मजबूत करने के लिए 54 बीज कंपनियों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल दुनिया के सबसे बड़े गेहूँ उत्पादक होने के साथ–साथ हमारे विविध ग्राहकों के हितों की रक्षा करने के अपने दृष्टिकोण पर अत्यधिक प्रतिबद्ध है। इस वर्ष के दौरान ऐतिहासिक उत्पादन लक्ष्य 100 मिलियन टन से अधिक पहुंचने के लिए, मैं सच्चे मन से भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद, अनुसंधान भागीदारों एवं किसानों के समर्थन को स्वीकार करता हूँ।

जय किसान, जय विज्ञान

ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह

(जी पी सिंह)

विषय सूची

सारांश		I-X
संगठन		XI
अनुसंधान उपलब्धियाँ		
1	फसल सुधार	1–25
2	फसल सुरक्षा	26–34
3	संसाधन प्रबन्धन	35–42
4	गुणवत्ता एवं मूलभूत विज्ञान	43–48
5	सामाजिक विज्ञान	49–57
6	जौ सुधार	58–71
7	क्षेत्रीय केन्द्र, फ्लावरडेल, शिमला	72–75
8	क्षेत्रीय केन्द्र, दालंग मैदान, लाहौल स्पीति	76–77
9	बीज एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र, हिसार	78–79
अन्य गतिविधियाँ		
10	संस्थान की गतिविधियाँ	80–83
11	विस्तार गतिविधियाँ	84–87
12	पुरस्कार एवं सम्मान	88–90
13	विशिष्ट आगंतुक	91–93
14	प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण	94–95
15	अनुसंधान परियोजनाएँ	96–102
16	प्रकाशन	103–122
17	राजभाषा कार्यन्वयन	123–127
18	कार्मिक	128–130
19	कर्मचारियों की संख्या एवं वित्त	131–132
20	नियुक्तियाँ, पदोन्नति, स्थानांतरण एवं सेवानिवृत्ति	133–134

सारांश

फसल सुधार

- सी.वी.आर.सी. द्वारा गेहूँ की छह नई किस्में रिलीज की गई जो कि पी.बी.डब्ल्यू 752, पी.बी.डब्ल्यू 757, एच.डी. 3226 (पूसा यशस्वी), एच.डी. 3226 (पूसा गेहूँ 3226), एच.आई. 1620 (पूसा गेहूँ 1620) एवं डी.बी.डब्ल्यू 187 (करण वंदना) है। ये किस्में देश की विभिन्न उत्पादन स्थितियों और कृषि पारिस्थितिक क्षेत्रों के लिए है।
- संस्थान द्वारा विकसित गेहूँ प्रजाति डी.बी.डब्ल्यू 187 को उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों के लिए विकसित किया गया। उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों के लिए सिंचित, समय से बुआई, अधिक पैदावार क्षमता, व्यापक अनुकूलता, पीला एवं भूरा रतुआ प्रतिरोधक क्षमता के साथ–साथ अच्छे बिस्कुट कारक (8.6) एवं लौह तत्व की अधिकता (43.1 पीपीएम) के लिए है।
- गेहूँ की पंद्रह आनुवंशिक संभारों (जोकि बीमारी के प्रतिरोधक क्षमता, तापमान सहनशीलता, अधिक प्रोटीन प्रतिशत एवं मुलायम गेहूँ का दाना) को एन.बी.पी.जी.आर., नई दिल्ली को पौधा जननद्रव्य पंजीकरण समिति द्वारा पंजीकरण के लिए प्राप्त किया गया। संस्थान ने 1781 परिग्रहणों को देश के विभिन्न मांगकर्ताओं को उनके प्रजनन कार्यक्रम में उपयोग करके हेतू आपूर्ति की और संस्थान में 577 स्वदेशी और विदेशी परिग्रहणों को वर्णित किया गया।
- पी.पी.वी.एफ.आर. 2001 के डी.यू.एस. परिक्षण के अन्तर्गत 13 कैन्डीडेट प्रजातियों एवं 3 फारमर्स प्रजातियों को करके, 29 संदर्भ प्रजातियों के विरूद्ध नई श्रेणी के अन्तर्गत मूल्यांकन किया गया।
- 28 मार्च, 2018 को संस्थान में गेहूँ एवं जौ प्रक्षेत्र दिवस के रूप में मनाया गया जिनमें विभिन्न को आपरेटिंग केन्द्रों के वैज्ञानिकों ने गेहूँ एवं जौ के जननद्रव्यों का मौके पर मूल्यांकन एवं चुनाव किया।
- पूर्व प्रजनन कार्यक्रम के अंतर्गत, अन्तर्जातीय, गैर पारम्परिक क्रोसों में ट्रिटिकम कोम्पैक्टम एवं ट्रिटीकम पोलोनिकम स्पीशीज को गेहूँ के दानों के लिए आकार, प्रकार एवं गुणवत्ता के लिए उपयोग में लाया गया। जबकि ट्रिटीकम उरारतू को अधिक प्रकाश संश्लेषण दर बढ़ाने के लिए उपयोग में लाया गया। इसके अलावा, ट्रिटिकम स्फेरोकोकम को गेहूँ के तने की मजबूती, लोजिंग प्रतिरोधकता के साथ–साथ अधिक प्रोटीन एवं सूखा प्रतिरोधक गुणों का सुधार के लिए क्रोसिंग प्रोग्राम में उपयोग किया गया।
- तीन वर्षों के मूल्यांकन के आधार पर आठ एम्फीडिप्लोएडों को अधिक लौह तत्त्व, जिंक एवं प्रोटीन गुणों के लिए संभावित स्त्रोत के रूप में चिन्हित किया गया।
- डी.बी.डब्ल्यू. 218 को एन.बी.पी.जी.आर., नई दिल्ली द्वारा अधिक देरी से बुआई की दशओं के अन्तर्गत अधिक सेडीमेन्टेशन मान एवं अच्छी प्रोटीन प्रतिशतता के लिए पंजीकृत किया गया।
- डी.बी.डब्ल्यू.–ई.एम.एस.–98, ईथाईल मिथेन सल्फोनेट (ई.एम.एस.) द्वारा प्रेरित करके क्लोरोफिल डिफिशियन्ट म्यूटेंट विकसित किया गया, मानोजेनिक रिसेसिव इन्हेरीटेन्स का पता लगाया गया और इसके उपरांत इसे नये गुण के रूप में इस म्यूटेंट को एन.बी.पी.जी.आर., नई दिल्ली में पंजीकृत किया गया।
- क्यूएलडी 46 को अधिक प्रोटीन (14.42 प्रतिशत) के रूप में, जबकि क्यूएलडी 49 को कम दाना कठोरता सूचकांक, 20 (जो कि बिस्कुट बनाने के लिए उपयोगी है) के रूप में नये गुणों वाले दानों की जीनप्रारूपों को एन.बी.पी.जी.आर., नई दिल्ली में पंजीकृत किया गया।
- दो प्रविष्टियाँ डी.बी.डब्ल्यू 221 एवं डीबीडब्ल्यू 252 का मूल्यांकन करके अंतिम वर्ष ए.वी.टी–2 सिंचित एवं समय से बुआई उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र एवं उत्तर पूर्वी मैदान क्षेत्र के लिए संस्थान के उष्ण क्षेत्रीय प्रोग्राम से पदोन्नत किया गया।
- डीबीडब्ल्यू 16, जीडब्ल्यू 173, एचडी 2967, एनपी 825 प्रजातियों को नाईट्रोजन अधिग्रहण एवं सक्षम उपयोगिता के लिए चिन्हित किया गया। जबकि डीबीडब्ल्यू 243, डीबीडब्ल्यू 166, 47वाँ आईबीडब्ल्यूएसएन 938, डीबीडब्ल्यू 222, डीबीडब्ल्यू 235 एवं डीबीडब्ल्यू 110 को अच्छे जल उपयोग दक्षता के लिए चिन्हित किया गया।
- गेहूँ के एस.एन.पी. जीनोटाईपिंग (35 के एकसियोम व्हीट ब्रीडर्स करे) के माध्यम से पाले के प्रति सहिष्णुता के लिए गुणसूत्र 1 बी, 2 बी, 5 बी एवं 7 ए पर जिनोमिक क्षेत्र को पहचाना गया।
- धारवाड़ ड्राई डीपीडब्ल्यू 621–50 रिकोम्बीनेंट इन्ब्रेड लाइनों में गुणसूत्र 7 बी पर कम पानी की दशाओं में दानें भरने की अवधि के लिए एवं सिंचित सिंचाई की अवस्थाओं में बाली की लम्बाई के लिए और गुणसूत्र 2 डी पर 1000 दानों के भार के लिए एवं पानी की कमी की दशाओं में प्रति बाली दानों की संख्या के लिए जिनोमिक क्षेत्रों की पहचान की गयी।
- दो अलग–अलग प्रजातियों एनआई 5439 (सूखा सहिष्णु) एवं डब्ल्यूएल 711 (सूखा प्रभावित) को नये माइक्रो आर.एन.ए. के लिए पहचाना गया जिसको सूखा तनाव के लिए की नियंत्रक तंत्र में सम्मिलित पाया गया।
- राइजोस्फीयर का अध्ययन यह दर्शाता है कि सूखा सहनशील प्रजातियों के राइजोस्फीयर सिंगोमोनास एवं एग्रोबैक्टीरियम जीनस के जीवाणु विद्यमान है। जबकि हेलीएनजीएसी एवं साइनो

बैक्टिरिएसी परिवार के जीवाणु कल्ले निकलने की अवस्था में तापमान सहिष्णु अधिकता से पाया जाता है।

- कल्ले निकलने की अवस्थाओं में सूखा सहनशील प्रजातियों में फास्फेट सोलूबीलाइजर्स, नाइट्रोजन फिक्सर, सामान्य जीवाणु की जनसंख्या अधिक मात्रा में पायी जाती है जबकि फास्फेट सोलूबिलाइजर्स, बीजेरनीकिया स्पीशीज तापमान सहनशील प्रजातियों में अधिकता में पाये जाते हैं।
- पहचानी गई प्रजातियों को दाता के रूप में विभिन्न गुणों जैसे अगेती ओज, उच्च सापेक्ष जल सामग्री, उच्च झिल्ली स्थिरता, कम चंदवा तापमान, उच्च क्लोरोफिल सामग्री, गहरी जड़े, अधिक पैदावार, गिरने के प्रति सहनशील एवं तापमान सहनशील गुणों के लिए सूखे के लिए सुधार कार्यक्रम में उपयोग में लाया जा सकता है।
- एक सौ छत्तीस गेहूँ की प्रजातियों के प्रजनक बीज के आवंटित केन्द्रों पर उत्पादित किया गया। 141 गेहूँ की प्रजातियों का कुल 1522.13 कुंतल बीज का उत्पादन बीज श्रृंखला को जीवित रखने के लिए क्षेत्रों में नई प्रजातियों द्वारा अधिकतम क्षेत्र में फैलाने के लिए और देश में गेहूँ फसल की बीज प्रतिस्थान दर को बढ़ाने के लिए किया गया।

फसल सुरक्षा

- गेहूँ के फसल स्वास्थ्य पर बहुत अच्छी तरह से निगरानी की गई थी खासकर उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्रों में पीले रतुआ के लिये और समय पर बीमारी को कम करने के लिए उपचार के उपाय सुझाए गये। गेहूँ ब्लास्ट रोग के लिए भी पश्चिम बंगाल में सर्वेक्षण किया गया था और क्षेत्र में कही भी ब्लास्ट रोग का प्रकोप दर्ज नहीं किया गया। इससे रोग व कीटों का प्रभावी तरीके से नियंत्रण किया जिससे फसल में नुकसान नगण्य हुआ और इस प्रकार रिकार्ड गेहूँ उत्पादन में योगदान दिया गया।
- कई रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले जीनोटाइप की पहचान की गई और 23 ऐसे जीनोटाइप को कई विभिन्न केन्द्रों के गेहूँ प्रजनक के साथ साझा किया गया।
- करनाल बंट की स्थिति को जानने के लिय सभी गेहूँ उत्पादक क्षेत्रों का सर्वेक्षण किया गया। मध्य और प्रायद्वीपीय क्षेत्रों में पिछले वर्षों की तरह 2017–18 फसल के मौसम के दौरान करनाल बंट से मुक्त पाए गए और इन क्षेत्रों का उपयोग करनाल बंट से मुक्त गेहूँ के उत्पादन के लिए किया जा सकता है।
- गेहूँ में ब्लास्ट रोग के खतरे से निपटने के लिए तैयारियों के रूप में, रोग प्रतिरोध स्रोतों के खोज के लिए सिमीट के सहयोग से बांग्लादेश के जसोर में 100 किस्मों और अग्रिम प्रजनन लाईनों का मूल्यांकन किया गया।
- गेहूँ के फोलियर ब्लाइट्स के जैविक प्रबंधन के लिए बैक्टीरियल एंडोफाइट्स का मूल्यांकन किया गया। तीन बैक्टीरियल एंडोफाइट्स ने बाइपोलारिस सोरोकिनिआना के खिलाफ मजबूत प्रतिपक्षी गतिविधि दिखाई। इनको पहचानने के लिये 16 एस.आर. डी.एन.ए. के अनुक्रम के आधार पर बेसिलस सबटिलिस, बेसिलस सेरेस और बेसिलस सबटिलिस सब स्पिसीज सबटिलिस पहचान की गई ।
- वर्ष 2017–2018 में कुल 98 गेहूँ जीनोटाईप का परीक्षण पत्ती के माँहू (रोलोसिफम मेडिस) के विरुद्ध प्रतिरोधकता स्तर मूल्यांकन करने के लिए किया गया। इसमें से केवल 12 जीनोटाईप में ही मध्यम प्रतिरोधक क्षमता पाई गई। ये 12 किस्में थी, डी.डब्ल्यू.आर. 39 (प्रगति), एच.डी. 2009 (अर्जुन), एच.डी. 2967, एच.डी. 3043, एच.पी. 1731(राजलक्ष्मी), एच.पी. डब्ल्यू. 251, एच. डब्ल्यू. 517, के.आर.एल. 210, राज 2184, राज 3765, राज 3077 और यूपी 2003।
- 189 एजिलॉप्स प्रजातियाँ में से, 10 एजिलॉप्स प्रजातियाँ में से प्रतिरोधकता, 66 मध्यम प्रतिरोधकता, 56 संवेदी और 57 अतिसंवेदनशील श्रेणी में पाया गया। ये दस एजिलॉप्स प्रजातियां एजिलॉप्स तोसाई की थी तथा इनके परिग्रहण दावे. 23, 59, 15, 3758, 3761, 3806, 13757, 14336, 14338 और 9795 थे।
- गेहूँ की बुवाई का चार अलग–अलग समय (1 नवंबर, 15 नवंबर, 1 दिसंबर और 15 दिसंबर) पर कर गेहूँ की फसल पर पत्ती के माँहू की जनसंख्या की गतिशीलता का अध्ययन किया गया था, जिसमें पाया गया कि अगेती गेहूँ की फसल में दिसंबर की बोई गई फसलों की तुलना में पत्ती के माँहू ने अधिक नुकसान पहुंचाया।
- खेत में पत्ती के माँहू को पकड़ने के लिए उनकी क्षमता निर्धारित करने के लिए दो प्रकार के कीटों की निगरानी करने वाले जाल की निगरानी, चिपचिपा–जाल और पानी की ट्रे–ट्रैप और फसल में उनके रखने (प्लेसमेंट) का परीक्षण किया गया। दर्ज किए गए अवलोकन में स्पष्ट रूप से पता चला है कि पीले रंग के जाल में फंसने वाले पत्ती के माँहू की संख्या नीले रंग के जाल की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक थी। पत्ती के माँहू को पकड़ने में चिपचिपा जाल की दक्षता ट्रे जाल से अपेक्षाकृत बेहतर थी।
- तीन अलग–अलग उर्वरक स्तर (निम्न, मध्यम और उच्च) के प्रभाव से पत्ती के माँहू की जनसंख्या पर असर का अध्ययन किया गया। नाइट्रोजन की उच्च खुराक के साथ उपचार 150 या 225 किलोग्राम/है. में नाइट्रोजन की कम खुराक की तुलना में पत्ती के माँहू अधिक संख्या थी। गेहूँ की प्रजाति एचडी 2967, अतिसंवेदनशील चेक ए–9–30–1 की तुलना में पत्ती के माँहू की सबसे कम संख्या थी (10.75 एफिड्स/टिलर) पाई गई।
- एन.डी.वी.आई. और कैनोपी तापमान के साथ पत्ती के माँहू की जनसंख्या के बीच संबंध का भी अध्ययन किया गया था और यह पाया गया कि एन.डी.वी.आई. का एफिड बहुतायत के साथ सकारात्मक संबंध था और चंदवा तापमान एफिड प्रचुरता के साथ

नकारात्मक सहसंबंध पाया गया।

- ट्रांसक्रिप्टोम प्रोफाइलिंग द्वारा एच.डी. 2967 और ए–9–30–1 में पत्ती के माँहू के साथ संक्रमित गेहूँ की जीन अभिव्यक्ति का अध्ययन किया गया। जिसमें पत्ती के माँहू द्वारा संक्रमण के पहले और बाद में अतिसंवेदनशील जीनोटाइप, ए–9–30–1 की तुलना में सहिष्णु गेहूँ की विविधता, एचडी 2967 की जीन अभिव्यक्ति की तुलना की गई ।
- पत्ती के माँहू द्वारा खिलाने से पहले दो जीनोटाइप के ट्रांसक्रिप्टोम 47, 952 उत्पन्न हुए, जिनमें से 8378 जीन केवल एच.डी. 2967 और 1074 ए–9–30–1 में व्यक्त किए गए थे। इसके अलावा, प्रतिलेख की तुलना में संकेत दिया गया कि 353 को अपग्रेड किया गया था जबकि 1175 को डाउनग्रेड किया गया था।
- एफिड्स द्वारा खिलाने के बाद, दोनों मेजबानों में 42655 व्यक्त किए गए थे। जिसमें से, एचडी 2967 में 8378 जीन और 353 को अतिसंवेदनशील मेजबान ए–9–30–1 में व्यक्त किया गया था। साथ ही 353 जीनों को अपग्रेड किया गया और 1175 जीनों को अपदस्थ किया गया। यह देखा गया कि दोनों में व्यक्त जीनों की अभिव्यक्ति में क्रमशः 11.0, 0.2, 15.8, 29.9, 14.1 प्रतिशत की कमी थी, केवल एचडी 2967, ए–9–30–1, अनियमित और अनियमित जीन में।
- 16 एस माइक्रोबायोम प्रोफाइलिंग सीक्वेंसिंग का उपयोग करते हुए, हमने पत्ती के माँहू में माइक्रोबायोम की विविधता एवं बहुतायत की तुलना का आकलन सहिष्णुता गेहूँ किस्म एच.डी. 2967 और अतिसंवेदनशील जीनोटाईप, ए–9–30–1 में का अध्ययन किया। जीवाणु प्रजातियों की जनसंख्या (384) एवं विविधता (अल्फा विविधताः 1.66), सहनशील किस्म एचडी 2967 तुलनात्मक रूप से अधिक थी। अतिसंवेदनशील जीनोटाईप ए–9–30–1 में 0.84 अल्फा विविधता से एकत्र की गई एफिड में है।
- फेम (फ्लुबेंडामाइड 480 एस.सी.) 20 जी.ए.आई./हैक्टर और कॉन्फिडोर (इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एल) 20 जी.ए.आई./हैक्टर पत्ती के माँहू की जनसंख्या को कम करने में सबसे प्रभावी पाए गया। एज़ाडीरेक्टिन 1500 पीपीएम, बीयूवेरिया बासियाना और मेटारहिजियम अनिसोपलीऐ की प्रभावशीलता पत्ती के माँहू के खिलाफ रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में कम रही। इन तीनों में से, एज़ाडीरेक्टिन 1500 पीपीएम अन्य मूल्यांकन किए गए जैव कीटनाशकों की तुलना में बेहतर था।
- गेहूँ के बीज के लिए बीज रक्षक के रूप में विभिन्न पौधों की प्रभावकारिता का मूल्यांकन अनाज के घून (साइटोफिलस ओरेजा) के विरुद्ध किया गया और यह पाया गया कि बाकी उपचारों की तुलना में, वेखंड पाउडर और नीम के पत्तों के साथ उनका मिश्रण, जंगली इमली और गुलाल पाउडर के साथ बीज उपचार में काफी प्रभावी साबित हुआ।
- चार अलग–अलग प्रकार के अनाज भंडारण बैग अर्थात् जूट, कपड़ा, एच.डी.पी.ई. और बी.ओ.पी.पी. बैग का भंडारण कीट संक्रमण के साथ–साथ अनाज की गुणवत्ता पर उनके प्रभाव को निर्धारित करने के लिए परीक्षण किया जा रहा है। अध्ययन से पता चला है कि बी.ओ.पी.पी. बैग में अन्य कीटों की तुलना में भंडारण कीट–कीट का सबसे कम संक्रमण है।
- गाँव कुंजपुरा, सुभरी, रसीना और हजवाना आदि में पत्ती के माँहू और गुलाबी तना बेधक के गंभीर प्रकोप पाया गया। इसके अलावा पत्ती के माँहू और गुलाबी तना बेधक का प्रकोप लाडवा, यमुनानगर, नूरपुर बेदी, आनंदपुर साहिब, अभय कलां, रोपड़, बजरूर एवं बनुर में पाया गया। प्रभावित क्षेत्रों में काक्सिनेलिड बीटल के ग्रब और वयस्कों को भी देखा गया ।

संसाधन प्रबंधन

- धान–गेहूँ प्रणाली में जुताई के प्रभाव के लम्बी अवधि प्रयोग में पाया गया कि धान में जुताई का गेहूँ की पैदावार पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। लेकिन गेहूँ में जुताई का गेहूँ की उपज पर कुछ अन्तर पाया गया अतः रोटरी जुताई में कुछ अधिक उपज दर्ज की गई।
- गेहूँ में विभिन्न जुताई विकल्पों का धान की उत्पादकता पर कोई प्रभाव नहीं देखा गया लेकिन जीरो अर्थात् बिना जुताई धान की रोपाई विकल्प में धान की उत्पादकता गीली व सूखी जुताई के बाद रोपाई करने की तुलना में बहुत कम दर्ज की गई।
- जुताई और अवशेष प्रबंधन का गेहूँ की उत्पादकता पर कोई प्रभाव नहीं पाया गया । गेहूँ की एच.डी. 2967 किस्म की उपज पारंपरिक जुताई और संरक्षण कृषि प्रणाली के तहत समान रही जो यह दर्शाता है कि यह एक स्थिर किस्म है ।
- मक्का–गेहूँ–मूंग प्रणाली के दीर्घकालिक जुताई प्रयोग में पाया गया कि गेहूँ की फसल जुताई और अवशेष प्रबंधन से प्रभावित नहीं होती लेकिन मक्का की उपज संरक्षण खेती में पारंपरिक जुताई की तुलना में बेहतर दर्ज की गई ।
- धान और मक्का के बिखरे अवशेषों में टर्बो हैप्पी सीडर या रोटरी डिस्क ड्रिल का उपयोग करके गेहूँ को सफलतापूर्वक बोया जा सकता है जबकि गन्ने के रैटून में केवल रोटरी डिस्क ड्रिल का उपयोग करके ही फसल बोई जा सकती है।
- विविध चौड़े पत्ती खरपतवारों के प्रभावी नियंत्रण के लिए 20 ग्रा./है. कारफेंट्राजोन के साथ हेलाक्सिफेन्फ्लोरोसुलम 10.21 ग्रा./है. का तैयार मिश्रण या 2,4–डी. 400 ग्रा./है. या मेटसल्फ्यूरन 4.0 ग्रा./है. का मिश्रित प्रयोग उपयुक्त पाया गया।
- विविध वर्णक्रम खरपतवारों के नियंत्रण के लिए गेहूँ उगने से पूर्व पाइरोक्सासल्फोन+ मेट्सफ्लुरोन और पेन्डिमिथेलिन+ मेट्रिब्यूजिन तथा गेहूँ उगने के बाद क्लोडिनाफॉप या पिनोक्सीडेन का मेट्रिब्यूजिन के साथ टैंक मिश्रण प्रभावी पाया गया।
- बहुशाकनासी प्रतिरोधिकता (आइसोप्रोटुरोन, फिनोक्साप्रॉप,

क्लोडिनाफॉप, अटलांटिस और सल्फोसल्फ्यूरॉन के लिए) वाली मंडूसी के प्रबंधन हेतु वैकल्पिक शाकनासी पेन्डीमैथालिन, पाइरोक्सासिन, फ्लुमायोजिन और मेट्रिब्यूजिन प्रभावी पाए गए।

- सीधे बीजे धान में बिस्पाईरीबैक+पेन्डीमैथालिन बुवाई के समय एवं इसके बाद फेनोक्साप्रोप इथॉक्सिसल्फुरॉन व्यापक वर्णक्रम वाले खरपतवारों के नियंत्रण में प्रभावी थे ।
- हेलाक्सिफेन+फ्लोरोक्सिपायर का 200.6 (6.1+194.5) ग्रा./है. तैयार मिश्रण गेहूँ में व्यापक–खरपतवार नियंत्रण के लिए प्रभावी पाया गया।
- अवशेष प्रबंधन प्रयोग में धान की पराली को मिट्टी में मिलाने के साथ 25 प्रतिशत अधिक नाइट्रोजन उपयोग से गेहूँ के उत्पादन में वृद्धि हुई।
- मूँग की फसल को गेहूँ के बाद बिना उर्वरकों के उगाया जा सकता है जिसमें 10–12 कु./है. मूँग की पैदावार होती है व आगामी धान की फसल में 25% नाइट्रोजन की बचत होती है।
- मक्का–सरसों–मूँग व मक्का–आलु–गेहूँ फसल चक्र में ज्वार आधारित फसल चक्र की तुलना में अधिक लाभ मिलता है ।
- मक्का में दलहनी फसलों का अंतः फसलीकरण करने के बाद गेहूँ की आगामी फसल में नाइट्रोजन की 25% बचत होती है।
- समेकित पोषण प्रबंधन में जब 15 टन/है. की दर से देशी खाद को अनुसंशित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों (150:60:40 कि. ग्रा. एन.पी.के./है.) के साथ मिलाकर प्रयोग किया गया तो सबसे अधिक उत्पादकता दर्ज की गयी।
- जैविक उत्पादन में गेहूँ की उन्नत किस्मों (डब्ल्यू बी. 2, एच.डी. 2967, एच.डी. 3086 एवं डब्ल्यू एच. 1105) की उत्पादकता में जाँचक के मुकाबले 10 से 30 टन/है. की दर से देशी खाद डालने पर लगातार सार्थक वृद्धि दर्ज की गयी परन्तु यह उत्पादकता अनुसंशित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों (150:60:40 कि. ग्रा. एन.पी.के./है.) के उपचार की तुलना में सार्थक रूप से कम पायी गयी।
- प्रथम सिंचाई पर वर्मी कम्पोस्ट को 2.5, 5.0 एवं 7.5 टन/है. की दर से डालने पर भी गेहूँ की उत्पादकता पर कोई लाभ नहीं पाया गया ।
- पोटैशियम ह्युमेट को 10–50 कि.ग्रा./है. की दर से डालने पर गेहूँ की पैदावार व गुणवत्ता पर कोई प्रभाव नहीं मिला।
- बिजाई के 50 एवं 80 दिन उपरान्त 0.2% क्लोर्मिक्वाट (लिहोसिन) 0.1% टेबुकोनाजोल (फोलीकर) के दो छिड़काव करने से गेहूँ के पौधों की ऊंचाई एवं गेहूँ के गिरने में कमीं दर्ज की गई तथा उत्पादकता में वृद्धि पाई गई।
- गेहूँ की विभिन्न प्रजातियों में जल उपयोग दक्षता के लिए महत्वपूर्ण विविधता पाई गई ।
- सीमित जल उपलब्धता की अवस्था में भूमि सतह पर 4 टन प्रति हैक्टर की दर से फसल अवशेषों को रखना लाभप्रद साबित हुआ।
- पोटाशियम सल्फेट (0.2%) का पर्णीय छिड़काव करने पर नमी की कमीं वाली अवस्था में सकारात्मक प्रभाव की दर्ज किया गया।
- प्रति सिंचाई 45 मिमी पानी लगाने से गेहूँ में जल उपयोग दक्षता को अधिकतम पाई गई।
- करनाल में धान की पराली जला क्षेत्र के मात्रात्मक अनुमान के लिए लैंडसैट 8 ऑपरेशनल लैंड इमेजर (ओएलआई) उपग्रह दृश्यों का उपयोग किया गया। पराली जला क्षेत्र 49000 हैक्टर पाया गया जोकि करनाल के कुल धान क्षेत्र का 28.4% है।

गुणवत्ता एवं मूलभूत विज्ञान

- ब्रेड गेहूँ (ट्री–ऐस्टिवम) में कई प्रजातियाँ चपाती बनाने के लिए योग्य पाई गई जिनका गुणवत्ता स्कोर 10 में से 8 से ज्यादा था। इन प्रजातियों में शामिल हैं एच.डी. 3237) पी.बी.डब्ल्यू. 757) डब्ल्यू.एच. 1124) एवं डी.बी.डब्ल्यू. 71।
- ब्रेड गेहूँ की प्रजातियों एच.डी. 3226) पी.बी.डब्ल्यू. 752) एच.डी. 2967) एच.डी. 3059) एच.डी. 2733 एवं डी.बी.डब्ल्यू. 71 में लोफ आयतन 575 सी.सी. के साथ अच्छी ब्रेड गुणवत्ता पाई गई।
- कुछ प्रजातियाँ नरम दानों (कठोरता सूचकांक <35) के लिए भी चयनित की गई जैसे एच. एस. 490) बी.आर.डब्ल्यू. 3792, एन. आई. डब्ल्यू. 3170 एवं डी.बी.डब्ल्यू. 168।
- चेक सहित सभी ए.वी.टी. प्रस्तुतियों में ग्लू–1, ग्लू–बी.1 एवं ग्लू–डी.1 द्वारा कोडिड उच्च आणविक भार ग्लूटन सब यूनिट इकाईयों की पहचान की गई।
- देश के 15 स्थानों पर उगाई गई क्यू.सी.एस.एन. की 52 प्रस्तुतियों का दानों के रंग रूप, परीक्षण भार, प्रोटीन एवं अवसादन मान के लिए आंकलन किया गया।
- ग्लूटेन की मजबूती एवं पीले रंजक की मात्रा के लिए विकसित सूक्ष्म स्तरीय परीक्षण का बड़े स्तर के परिक्षणों के साथ अच्छा सह संबंध ($आर^2$=0–90) पाया गया है तथा इन्हें अखिल भारतीय समन्वयक कार्यक्रम में गेहूँ के नमूनों के विश्लेषण के लिए इस्तेमाल किया गया है। श्रेष्ठ जननद्रव्य की पहचान के लिए इन परीक्षणों को पृथक्करण पीढ़ियों की जाँच के लिए भी इस्तेमाल किया गया है।
- गेहूँ में लौह एवं जस्ते की मात्रा को बढ़ाने के लिए लौह एवं जस्ते को छिड़काव किया गया जिससे जस्ते की मात्रा में महत्वपूर्ण बढ़ोत्तरी पाई गई।
- अस्सी गेहूँ की प्रजातियों का सीडी विषाक्त एपीटोप की उपस्थिति के लिए मूल्यांकन किया गया। दो वर्षों के आंकड़ो यह दिखाते है कि पिछले 60 वर्षों में विमोचित प्रजातियों में सीडी विषाक्त ऐपीटोप की उपस्थिति में अर्थपूर्ण बदलाव नहीं आया है।

- लौह/जस्ते के अवशोषण, स्थानांतरण एवं संचयन की प्रक्रिया को समझने के लिए गेहूँ के चार जीनोटाइपों का ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण किया गया। ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण दिखलाता है कि लौह/जस्ते की कमी में फॉयटोसिडेरोफोर संश्लेषण से संबंधित जीनों का अंतरीय प्रकटन होता है।
- पी.बी.डब्ल्यू. 502 की पृष्ठ भूमि में विकसित उच्च फाइटेज स्तर (>2000 एफ.टी.यू./कि.ग्रा.) वाली उत्परिवर्तक लाईनों को फसल वर्ष 2018–19 में उगाया गया तथा सूक्ष्म तत्वों की उपलब्धता में सुधार के लिए इन्हें अधिक उपज वाली किस्मों के साथ संकरण के लिए इस्तेमाल किया गया।
- उच्च प्रोटीन तथा अधिक लौह एवं जस्ते से सम्बंधित आणविक मार्करों की पहचान के लिए जी.पी.सी.बी.1 जीन वाली गेहूँ की लाइन तथा अधिक उपज वाली किस्म एच.डी. 2967 के संकरण से आर.आई.एल.(एफ 7) विकसित की गई।
- नाप हाल के ग्लू डी.1 डबल नल को उच्च उत्पादकता वाली प्रजातियों जैसे पी.बी.डब्ल्यू 373) यू.पी. 2425, राज 3765, डी.पी. डब्ल्यू. 50 एवं एच.डी. 2967 में आणविक मार्करों तथा सूक्ष्म स्तरीय परिक्षणों की सहायता से स्थानांतरित किया गया।
- नाप हाल में ग्लू डी. 1 डबल नल के लिए विकसित सह प्रभावी मार्करों का विविध जननद्रव्य में प्रमाणीकरण किया गया। मार्कर उच्च उत्पादकता वाली किस्मों की बिस्कुट की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए प्रजनन कार्यक्रमों में उपयोगी होगा।
- 2.5 एल.ओ.डी. मान के साथ इन्टरवल और कम्पोजिट इन्टरवल मानचित्रण के द्वारा लवण तनाव से सम्बधित आनुवंशिक खंडों को पहचाना गया। 10 विभिन्न लक्षणों के लिए 7 आनुवंशिक खंडो पर 25 क्यू.टी.एल. का पता लगाया गया। यह लवण सहिष्णुता की उच्च आनुवंशिकता को दर्शाता है तथा इस जानकारी को गेहूँ में लवण सहिष्णुता में सुधार के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।
- दो वर्षों का अध्ययन यह दर्शाता है कि जौ में पीले रंजक की मात्रा पर फसल वर्ष का कोई प्रभाव नहीं होता है। जौ में कम प्रोएनथोस्यानिडिन मात्रा वाली लाईन की पहचान की गई।

सामाजिक विज्ञान

- वर्ष 2017–18 में रबी फसल सत्र के दौरान देश भर में एक–एक हैक्टर के 1388 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन 75 समन्वयक केन्द्रों को आवंटित किए गए थे। जिनमें से गेहूँ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन को 19 राज्यों में 1529 किसानों के 1411.45 हैक्टर क्षेत्र में आयोजित किया गया। इन प्रदर्शनों में गेहूँ की उन्नत किस्में (चपाती, कठिया, खपली), रोटावेटर, शून्य जुताई/हैप्पी सीडर, जैव उर्वरक एवं ड्रिप/छिड़काव सिंचाई जैसी तकनीकों को फसल उत्पादन की समग्र सिफारिशों के साथ चयनित किसानों के खेतों में प्रदर्शित किया गया।
- गेहूँ के अधिकतम अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन उत्तर प्रदेश (174), इसके बाद बिहार (130) एवं मध्य प्रदेश (117) में आयोजित किए गए। अधिकतम लाभ पश्चिम बंगाल (36.43) में इसके बाद जम्मू एवं कश्मीर (31.53) एवं झारखंड (30.46) में दर्ज किया गया। उन्नत किस्मों के कारण अधिकतम उपज लाभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र (29. 79) में इसके बाद उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र (23.94), प्रायद्वीपीय क्षेत्र (19.91), मध्य क्षेत्र (18.57) एवं उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र (07.16) में दर्ज किया गया।
- मध्य क्षेत्र के इन्दौर केन्द्र पर उन्नत कठिया गेहूँ की प्रजातियों के संदर्भ में एच.डी. 8737 ड्यूरम ने औसत उपज 72.50 कुन्तल/हैक्टर, इसके बाद एच आई 8759 ड्यूरम ने 68.00 कुन्तल/हैक्टर महत्वपूर्ण उपज दी। प्रायद्वीपीय क्षेत्र के पूणे केन्द्र पर उन्नत डाईकोकम गेहूँ की प्रजाति एच डब्ल्यू 1098 ने औसत उपज 47.50 कुन्तल/हैक्टर दी। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के मलान कांगड़ा केन्द्र पर उन्नत बारानी गेहूँ की किस्म एच एस 562 की औसत उपज 36.68 कुन्तल/हैक्टर पाई गई। जबकि इसी किस्म ने हमीरपुर, टूटीकंडी शिमला, खुडवनी अनन्तनाग एवं तंडवाल राजौरी केन्द्रों पर क्रमशः 34.30 कुन्तल/हैक्टर, 33.20 कुन्तल/हैक्टर, 31.50 कुन्तल/हैक्टर एवं 26.84 कुन्तल/हैक्टर प्राप्त की गई। जो कि जाँचक किस्मों से महत्वपूर्ण रूप से अधिक थी। इसके बाद उन्नत बरानी गेहूँ की अन्य किस्म जैसे–वी एल 953 ने 31.28 कुन्तल/हैक्टर अल्मोड़ा केन्द्र पर औसत उपज दी। मध्य क्षेत्र के नीमच केन्द्र पर गेहूँ की उन्नत किस्म डी बी डब्ल्यू 110 की औसत उपज 65.06 कुन्तल/हैक्टर थी, जो कि जाँचक किस्मों से महत्वपूर्ण रूप से अधिक थी। जबकि बिलासपुर केन्द्र पर इसी उन्नत किस्म की औसत उपज 40.40 कुन्तल/हैक्टर प्राप्त की गई। दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र के वेलिंगटन केन्द्र पर एच. डब्ल्यू. 5207 की औसत उपज 38.00 कुन्तल/हैक्टर दर्ज की गई।
- गेहूँ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में संसाधन संरक्षण तकनीकों के अंतर्गत पानी के प्रभावी एवं कुशल उपयोग के लिए भिवानी एवं वीजापुर केन्द्रों पर बूंद–बूंद/टपका/ड्रिप सिंचाई विधि का सफल आयोजन किया गया। भिवानी केन्द्र पर बूंद–बूंद सिंचाई के कारण महत्वपूर्ण उपज लाभ प्राप्त हुआ। जबकि वीजापुर केन्द्र पर टपका/ड्रिप सिंचाई के कारण महत्वपूर्ण उपज लाभ प्राप्त हुआ।
- औसत रूप से अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में गेहूँ की नवीन किस्में अथवा तकनीकों के कारण एक रुपये लागत के ऊपर 2.70 रुपये की आमदनी प्राप्त हुई। जबकि जाँचक प्रजातियों के साथ यह आमदनी 2.33 रुपये थी। विभिन्न राज्यों जैसे पंजाब से लेकर नागालैंड तक यह 5.05 से 1.45 रुपये तक का अन्तर देखा गया। वही उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र से उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में 3.52 से 2.07 रुपये तक का अन्तर पाया गया। किसानों के खेतों में प्रदर्शित की गई गेहूँ उत्पादन तकनीकों के अन्तर्गत यह देखा गया कि जीरो टिलेज से 1.82 रुपये लाभ प्राप्त हुआ,

साथ ही डाईकोकम प्रजातियों के लिए न्यूनतम लाभ 6.17 रुपये देखा गया। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में प्रति हैक्टर लाभ की गणना से यह ज्ञात होता है कि सबसे अधिक प्रति हैक्टर लाभ पंजाब (90551रुपये) में इसके बाद मध्य प्रदेश (77689 रुपये) में एवं राजस्थान (73436 रुपये) में दर्ज किया गया। गेहूँ की नवीन किस्म या उत्पादन तकनीक के प्रयोग से औसतन प्रति हैक्टर 54622 रुपये आय प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त जाँचक प्रजातियों के मामले में एक कुन्तल गेहूँ का उत्पादन करने में 852 रुपये के बजाय 1010 रुपये खर्च करने होंगे।

- रबी फसल सत्र 2017–18 के दौरान जौ के एक–एक हैक्टर के 228 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन देश भर के 6 राज्यों; हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के 21 समन्वयक केन्द्रों द्वारा 238 किसानों की 244.4 हैक्टर भूमि पर आयोजित किए गये। इन प्रदर्शनों में जौ की उन्नत किस्मों के साथ समग्र पद्धति पैकेज (सिंचाई प्रबन्धन, उर्वरक की मात्रा एवं उपयोग की विधि, खरपतवार नियन्त्रण एवं बीजोपचार इत्यादि) जैसी तकनीकों को फसल उत्पादन की समग्र सिफारसों के साथ प्रदर्शित किया गया।
- जौ का अधिकतम उपज लाभ उत्तर प्रदेश (21.35) में, इसके बाद राजस्थान (16.26) एवं मध्य प्रदेश (15.42) में दर्ज किया गया।
- उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के बजौरा केन्द्र पर जौ की प्रजाति एच बी एल 713 की अधिकतम औसत उपज 25.68 कुन्तल/हैक्टर थी। जबकि उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र के वाराणसी केन्द्र पर जौ की प्रजाति एच यू बी 113 की औसत उपज 42.94 कुन्तल/हैक्टर एवं उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र के रेवाड़ी केन्द्र पर जौ की प्रजाति डी डब्ल्यू आर बी 123 की औसत उपज 56.00 कुन्तल/हैक्टर पाई गई। मध्य क्षेत्र के मुरैना केन्द्र पर बी एच 959 की अधिकतम औसत उपज 49.93 कुन्तल/हैक्टर दर्ज की गई।
- अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में जौ की नई प्रजातियों से जाँचक प्रजातियों की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक आमदनी प्राप्त हुई। देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रों पर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन और जाँचक प्लॉट के बीच प्रति रुपये लागत पर अर्जित आय में महत्वपूर्ण अन्तर देखने को मिला। प्रदर्शनों के माध्यम से प्रति रुपये लागत पर सर्वाधिक आमदनी पंजाब (6.73 रुपये) में, इसके बाद राजस्थान (5.58 रुपये) एवं उत्तर प्रदेश (4.05 रुपये) में अर्जित की गई। यद्यपि, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं जाँचक प्लाटों की तुलना में प्रति रुपये लागत से प्राप्त आमदनी का अन्तर सर्वाधिक राजस्थान में देखने को मिला। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में प्रति हैक्टर लाभ की गणना से पता चलता है कि सबसे अधिक प्रति हैक्टर लाभ राजस्थान (104228 रुपये) में, इसके बाद पंजाब (65512 रुपये) में एवं उत्तर प्रदेश (57469 रुपये) में प्राप्त किया गया। जौ में प्रति रुपये लागत से प्राप्त आमदनी का विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों में सर्वाधिक उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र (5.44 रुपये) में, इसके बाद उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र (3.58 रुपये) एवं मध्य क्षेत्र (3.09 रुपये) में प्राप्त हुई। उत्पादन की लागत से संकेत मिलता है कि जौ में प्रति रुपये लागत से प्राप्त आमदनी विभिन्न उत्पादन क्षेत्रों में सर्वाधिक उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र के पंजाब प्रांत में दर्ज की गई।
- विभिन्न क्षेत्रों की सभी बाधाओं के विश्लेषण द्वारा स्पष्ट रूप से संकेत मिलता है कि आवकों की उच्च कीमत एक गम्भीर बाधा है इसके बाद जल स्तर में गिरावट, जौ की कम कीमत, भूमि में जैविक पदार्थों की घटती मात्रा, जलवायु परिवर्तन, छोटी जोत, अप्रत्याशित बारिश, किसानों में नवीनतम् जौ उत्पादन तकनीकी ज्ञान का अभाव, नहरी सिंचाई सुविधाओं की कमी एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति इत्यादि को देश की जौ उत्पादन एवं उत्पादकता को प्रभावित करने वाली प्रमुख बाधाओं के रुप में पहचान की गई है।
- रबी सीजन 2018–19 के दौरान 20 किसानों के 8 हैक्टर खेतों में हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के अमीन, बड़ी अमीन, अमीन डेरा रामपुरा, डीग एवं यारा गांवों में गेहूँ की उन्नत किस्में एच डी 3086 एवं डी बी डब्ल्यू 173 के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के आयोजन किए गए। ये सभी प्रदर्शन खेती की समग्र सिफारिशों का प्रयोग करते हुए आयोजित किए तथा किसानों को इस कार्यक्रम के तहत प्रावधान के अनुसार उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध कराए गए।
- फसल सीजन 2018–19 के दौरान भा कृ अनु प–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं संबन्धित केंद्रों के विशेषज्ञों के दल ने खुडवनी–अनंतनाग, राजौरी, कठुआ, इंदौर, उज्जैन, रतलाम, फैजाबाद, कानपुर, वाराणसी, धारवाड़, बेलगांव, वेलिंगटन, जूनागढ़, वीजापुर, जयपुर, अजमेर, टोंक एवं करोली केन्द्रों पर आयोजित अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का अवलोकन किया।
- वर्ष 2018–19 के दौरान हरियाणा राज्य के कैथल जिले के सर्वेक्षण आंकड़ो से संकेत मिलता है कि कुल 100 नमूना किसानों में से 100 प्रतिशत किसानों ने शून्य जुताई (जीरो टिलेज) को अपनाया हुआ था जबकि 4 प्रतिशत किसानों ने धान की सीधी बीजाई तकनीक का अंगीकरण किया हुआ था। किसानों ने शून्य जुताई (जीरो टिलेज) के तहत एच डी 2967 (98), एच डी 3086 (52), डब्ल्यू एच 1105 (10), एवं अन्य (5) की बीजाई की हुई थी। शून्य जुताई (जीरो टिलेज) के अंतर्गत की गई बीजाई 11.79 एकड़ प्रति किसान जबकि पारम्परिक जुताई के तहत की बीजाई 2.08 एकड़ प्रति किसान थी। किसानों द्वारा जीरो टिलेज पद्धति को अपनाने का सकारात्मक प्रभाव धन की बचत, समय की बचत, मंडूसी का प्रबन्धन, ईंधन की बचत तथा अंकुरण पर देखने को मिला। धान के कुल 100 नमूना किसानों में से 60 किसानों ने धान की सीधी बीजाई तकनीक को अपनाया हुआ था और अधिकतर किसानों ने सीधी बीजाई तकनीक के तहत सभी प्रकार की किस्मों जैसे–पूसा 1121, हाइब्रिड पूसा 1509 एवं सी एस आर 30 का प्रयोग किया हुआ था। अधिकांश किसानों ने सुझाव दिया कि इस तकनीक को प्रचलित करने के लिए अनुदान पर मशीन की

उपलब्धता आवश्यक है, साथ ही इस तकनीक के अंगीकरण से रोपण की लागत एवं समय की बचत पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। लेकिन इस तकनीक को बहुत कम किसानों के द्वारा अपनाया हुआ था। सीधे धान बोने की विधि को अपनाने के बाद गेहूँ की बीजाई शून्य जुताई (जीरो टिलेज) विधि से करने पर किसानों को 5000 से 6000 रुपये प्रति एकड़ अतिरिक्त आय प्राप्त कर सकते हैं। फसल अवशेषों को जलाने से रोकने के लिए राज्य के किसानों को शून्य जुताई तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाने के लिए प्रेरित किया जाना चाहिए।

- वर्ष 2017–18 के दौरान बिहार के दो जिले मुजफ्फरपुर एवं वैशाली (मध्यम व कमजोर वर्ग) में 200 गेहूँ किसानों के सर्वेक्षण के आकड़ों के विश्लेषण के निष्कर्षों से संकेत मिलता है कि दोनों जिलों में उपज अन्तराल–1 नकारात्मक था। जबकि बिहार के वैशाली जिले में उपज अन्तराल –2 उच्चतम पाया गया। बीजाई के समय प्रयोग किया गया बीज सिफारिश की गई मात्रा से अधिक था। उर्वरकों का उपयोग सिफारिश की गई मात्रा से कम या अधिक पाया गया। सभी आवकों के बीच खाद/जैव उर्वरकों पर किए गए व्यय में एक महत्वपूर्ण अंतर दिखाई दिया। डाटा इन्वेलपमेंट विश्लेषण (डीईए) से पता चलता है कि कि गेहूँ उत्पादक 74.28 प्रतिशत तक तकनीकी रुप से कुशल थे। आकड़ों के विश्लेषण इशारा करते है कि समान उत्पादन स्तर पर आदानों का स्तर लगभग 26 प्रतिशत कम किया जा सकता है। गेहूँ में संवेदनशील अवस्थाओं की पहचान करके अधिक फसल उत्पादन के लिए खेत एवं क्षेत्रीय स्तर पर उचित अनुकूलन रणनीतियों एवं जलवायु स्मार्ट कृषि प्रणाली को अपनाया जाना चाहिए।
- वर्ष 2018–19 के दौरान आदिवासी उप–परियोजना (टी.एस.पी. परियोजना) के तहत निम्नलिखित सात केन्द्रों को शामिल किया गया था जो इस प्रकार हैंः खुडवनी (जम्मू एवं कश्मीर), लाहौल एवं स्पिति (हिमाचल प्रदेश), जबलपुर (मध्य प्रदेश), बिलासपुर (छत्तीसगढ़), उदयपुर (राजस्थान), धारवाड़ (कर्नाटक) एवं रांची (झारखंड)। वर्ष 2018–19 के दौरान विभिन्न आदिवासी उप–परियोजना की गतिविधियों को पूरा किया गया। लाहौल घाटी (हिमाचल प्रदेश) के 40 किसानों को टी.एस.पी. परियोजना के अर्न्तगत क्षेत्रीय केन्द्र, भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल ने वर्तमान तकनीकों से अवगत कराया। विभिन्न केन्द्रों के द्वारा विकास गतिविधियों जैसे प्रदर्शन (150), प्रशिक्षण (12), एवं किसान मेला/प्रक्षेत्र दिवस (8) का आयोजन किया गया।
- उपरोक्त गतिविधियों के अतिरिक्त, सरकार के प्रमुख विकास कार्यक्रमों जैसे–मेरा गाँव मेरा गौरव, किसानों की आय दोगुनी करने, सॉइल हेल्थ कार्ड के प्रति जागरूकता पैदा करने से सम्बंधित गतिविधियों का सामाजिक विज्ञान इकाई समन्वय करती है। इस अवधि के दौरान भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में 7 प्रशिक्षण कार्यक्रम, 14 प्रदर्शनी/आउटरीच कार्यक्रम एवं 6 टीवी कार्यक्रमों में भाग लेने एवं विभिन्न हितधारकों की 46 भ्रमण यात्राओं के अलावा 9 जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसके साथ ही साथ दो किसान मेले/किसान दिवस का भी आयोजन किया गया। जिसके अर्न्तगत किसानों को गेहूँ एवं जौ की खेती के विभिन्न पहलुओं पर सलाह दी गई। 1000 से अधिक किसान/उद्यमियों/अन्य हितधारकों को कई प्लेटफार्म के माध्यम से उनके प्रश्नों के उत्तर प्रदान किए गए। इस फसल सत्र के दौरान किसानों को मौसम एवं कल्चरल प्रैक्टिसिज सम्बंधित साप्ताहिक परामर्श भी जारी किए गए।

जौ सुधार

- तीन आनुवंशिक स्टॉक डी.डब्ल्यू.आर.बी. 152 डी.डब्ल्यू.आर.बी. 174 और डी.डब्ल्यू.आर.बी. 190 अपने अद्वितीय लक्षण के लिए आई.सी.ए.आर., एन.बी.पी.जी.आर. में पंजीकृत कराये गये। जौ समन्वयित उपज परीक्षणों में 98 परीक्षण प्रविष्टियाँ 31 चेक के साथ 12 केंद्रों पर जाँची गई।
- माल्ट जौ कार्यक्रम में 928 संतति परिवारों के 413 संकर लाईन को उगाया गया। फीड जौ कार्यक्रम में, 952 संतति के 287 संकर लाईन के को उगाया गया था। स्टेशन उपज परीक्षण में 10 प्रमुख जीनोटाइप चिन्हित किये गये।
- डी.डब्ल्यू.आर.एन.बी.17 और डी.डब्ल्यू.आर.एन.बी. 23 छिलका रहित जीनोटाइप्स अधिक् उपज के लिये चुनी गई। डी.डब्ल्यू. आर.एन.बी. 28 ड्वार्फ जीनोटाइज की पहचान छोटी ऊंचाई (60–65 से.मी.) के लिए की गई।
- जौ के कुल 8193 जननद्रव्यों को संरक्षित रखा गया। 2018–19 की रबी के दौरान, 600 जननद्रव्यों को दोबारा संरक्षित भंडारण के लिये उगाया गया।
- सात जननद्रव्यों (आई.बी.वाई.टी., एच.आई. (2018) –20, आई.बी. वाई.टी., एच.आई (2018)–6, आई.एन.बी.वाई.टी.–एच.आई. –18)–11, 5वीं जी.एस.बी.वाई.टी.–18–1, आई.बी.ओ.एन., एच. आई.–(2018)–97, आई.बी.ओ.एन., एच.आई.–(2018)–108 और आई.बी.ओ.एन, एच.आई.–(2018)–47) विभिन्न परीक्षण स्थानों पर उपज के लिए श्रेष्ठ पाई गयीं।
- 94 चयनित जीनोटाइप के बीजों की विभिन्न कृषि विश्वविद्यालयों और आई.सी.ए.आर. के संस्थानों में काम करने वाले जौ प्रजनकों को आपूर्ति की गई।
- छह लाइनों ने पर्ण झुलसा रोग के लिए प्रतिरोध दिखाया क्योंकि इनमें 24 का ब्लाइट स्कोर दर्ज किया गया। एक परीक्षण प्रविष्टि बी.एल.–2016–17 (बी.सी.यू.–5214) में पर्ण झुलसा रोग के लिए मध्यम स्तर (35) का प्रतिरोध पाया गया।
- तीन अंतर्राष्ट्रीय परीक्षण (आई.बी.वाई.टी, एच.आई, एन.बी.वाई.टी, एच.आई. और जी.एस.बी.वाई.टी.) और अंतराष्ट्रीय नर्सरी (आई.बी.

एन, एच.आई., इन.बोर्न, एच.आई. और जी.एस.बी.एस.एन.एन.), कुल 378 लाईनों को विभिन्न वातावरणों में मूल्यांकन किया गया।

- प्रविष्टि आई.बी.वाई.टी, एच.आई–6, 20, आई.बी.एन, एच. आई–11, जी.एस.बी.वाई.टी–1 आई.बी.एन, एच.आई.–47, 97, 108 विभिन्न जगहों पर अच्छी पाई गई।
- स्लूप एस.ए.डब्ल्यू.एल. 3167 व स्लूप वी.ऑय.सी.वी.बी. 9953 में वॉर्ट बीटा ग्लूकॉन की मात्रा सब से कम पाई गई।
- दानों में बीटा एमिलेज एमाइलेज की अधिकतम क्रिया अल्फा 93 में तथा माल्ट में आर.एस. 6 में पाई गई।
- जौं का 1452.20 कुंतल प्रजनक बीज का उत्पादन किया गया। जिसमें आर.डी. 2786, आर.डी.2794, पी.एल. 426, आर.डी. 2035 एवं बी.एच. 393 प्रजातियाँ प्रमुख रही।
- क्लोरमक्वाट–क्लोरिड (सी.सी.सी)/1.25 एल. हे–1 तथा इथेफोन के प्रयोग से अधिक उपज प्राप्त हुई एवं पौधे की ऊँचाई भी कम हुई।
- पैदावार बढ़ाने में चावल के अवशेषों को उपयोग में लाना लाभदायक साबित हुआ है। इससे साथ बीज और अनाज की गुणवत्ता में भी सुधार हुआ है। लाभ और लागत का अनुपात फसल अवशेषों के साथ जौ पैदा करने में अधिक पाए गये।
- उर्वरक की सिफारिश बायोफर्टिलाइजर्स एज़ोटोबैक्टर + पी.एस. बी. बैक्टीरिया के उपयोग से उत्पादकता में वृद्धि हुई।
- नया खरपतवानाशी हेलोक्सिफेन मिथाइल अकेला एवं कार्फेंट्राजोन के साथ जौं में चोड़े पत्ते वाले खरपतवार को नष्ट करने में सक्षम पाया गया।
- जौ उत्पादन क्षेत्रों में सर्वेक्षण के दौरान किसी प्रकार का रतुआ रोग नहीं देखा गया, केवल कुछ क्षेत्रों में बहुत ही कम आवृत कंड का संक्रमण दर्ज किया गया। ज्यादातर जौ के खेतों में मुख्य कीट एफिड था और इसकी आबादी मध्यम से अधिक थी। कीटों के प्राकृतिक शत्रुओं में मुख्य रूप से कोक्सीनेलिड बीटल, क्राइसोपरला और सिरिफिड फ्लाई अकसर जौ एफिड्स पर परजीवी के रूप देखे गए। कुल मिलाकर जौ उत्पादन के सभी क्षेत्रों में जौ की फसल स्वस्थ थी।
- आई.बी.डी.एस.एन. नर्सरी के तहत 2017–18 के दौरान कुल 417 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया, इनमें से 39 प्रविष्टियों को पीला रतुआ से मुक्त पाया गया, 132 प्रविष्टियों ने प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दिखाई और 120 प्रविष्टियों को पर्ण झुलसा के खिलाफ मध्यम प्रतिरोधी पाया गया।
- एन.बी.डी.एस.एन. के तहत 2017–18 के दौरान मूल्यांकन की गई 136 प्रविष्टियों में से 19 प्रविष्टियां पीले रतुआ से मुक्त पाई गईं, 65 प्रविष्टियों में पीले रतुआ के लिए प्रतिरोधी प्रतिक्रिया और 21 प्रविष्टियों में पर्ण झुलसा के खिलाफ मध्यम स्तर कि प्रतिरोधकता दिखाई।
- ई.बी.डी.एस.एन. में 81 प्रविष्टियों की जाँच की गई, इनमें से 16 प्रविष्टियाँ पीले रतुआ से मुक्त पाए गए, 46 ने पीले जंग के लिए प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दिखाई। एक प्रविष्टि डी.डब्ल्यू.आर.बी. 101 को पर्ण झुलसा के लिए प्रतिरोधी पाया, जबकि 22 प्रविष्टियों ने पर्ण झुलसा के खिलाफ मध्यम स्तर कि प्रतिरोधकता दिखाई।
- एन.बी.डी.एस.एन. प्रविष्टि में से कोई भी काले, भूरे या पीले रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोधी नहीं पायी गई। काले और पीले रतुआ रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिये प्रतिरोध केवल डी.डब्ल्यू.आर.बी.182 में देखा गया था। इसी तरह सात प्रविष्टियों (एच.बी.एल. 804 एच.बी.एल. 812, जे.बी. 357, आर.डी. 2786 (सी), आर.डी. 2973, आर.डी. 2974 और आर.डी. 2976) ने पीले और भूरे रतुआ के सभी प्रभेदों के लिये प्रतिरोधकता दर्शाई। क्रमशः इकतीस, उन्नीस और दो प्रविष्टियाँ पीले, भूरे और काले रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोधी थी।
- ई.बी.डी.एस.एन. प्रविष्टियों में से कोई भी काले, भूरे और पीले रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोध नहीं पाया गई। सात प्रविष्टियाँ (आर.डी. 2786, आर.डी. 2941, आर. डी. 2949, आर.डी. 2955, आर.डी. 2956, आर.डी. 2957 और वी.एल. बी. 153) पीले और भूरे रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोध पाया गई ।
- विभिन्न फफूंदनाशी उपचारों में, विटावैक्स पावर के साथ बीज उपचार + प्रोपिकोनाज़ोल /0.1 प्रतिशत स्प्रे और विटावैक्स पावर के साथ बीज उपचार + टेबुकोनाज़ोल (फॉलिकर) /0.1 प्रतिशत स्प्रे पर्ण झुलसा ब्लाइट के खिलाफ अन्य उपचारों से बेहतर और समान रूप से प्रभावी पाये गये।
- वर्ष 2017–18 में कुल 137 एन.बी.डी.एन. प्रविष्टियों को एफिड के लिये जाँचा गया जिसमें अधिकांश प्रविष्टियाँ प्रतिरोधी (ग्रेड 3) या अतिसंवेदनशील (ग्रेड 4) या अतिसंवेदनशील (ग्रेड 5) क्षमता वाली थी ।
- एफिड के नियंत्रण के लिए किया परीक्षण में कुनोलफॉस 25 प्रतिशत ई.सी./400 मिली./हैक्टर, इमिडाक्लोप्रिड 200 एस. एल./100 मि.ली./हैक्टर 100 मि.ली. अथवा एसिटामिप्रिड 20 एस.पी. 100 ग्राम/हैक्टर एफिड का नियंत्रण सबसे अधिक प्रभावशाली पाया गया। तीन जैव कीटनाशकों में से अजाडिरेक्टिन 1000 पी.पी.एम. तुलनात्मक रूप से बेवेरिया बैसियाना और मेटारिजियम एनिसॉप्लि से बेहतर था।
- कुल 217 प्रविष्टियाँ जिनमें एन.बी.डी.एस.एन. की 136 प्रविष्टियों और ई.बी.डी.एस.एन. की 81 प्रविष्टियाँ शामिल हैं को सिस्ट नेमाटोड (सी.सी.एन.) के विरुद्ध प्रतिरोधकता के लिये जाँचा गया और अधिकांश प्रविष्टियाँ संवेदनशील या अतिसंवेदनशील की श्रेणी में आती हैं।

क्षेत्रीय केन्द्र, फ्लावरडेल, शिमला

- इस वर्ष के दौरान भारतवर्ष में गेहूँ का रतुआ कुछ स्थानों पर छिटपुट अवस्था में देखा गया जो भारत एवं पडोसी देशों में उपेक्षणीय था। उतरी भारत के कुछ राज्यों में पीला रतुआ बहुत ही कम आवृति में देखा गया।
- भारत के 13 राज्यों एवं भूटान और नेपाल से प्राप्त गेहूँ एवं जौ रतुआ के 546 नमूनों को इस वर्ष के दौरान विश्लेषित किया गया।
- पीले रतुए की आवृति प्रभेद 46एस119 पर अधिकतम 46.9 प्रतिशत तदपश्चात प्रभेद 110एस119 पर 31.9 प्रतिशत पायी गयी। भूरा रतुआ प्रभेद 77–9 और 77–5 की आवृति मुख्यतः 64 और 24 प्रतिशत पायी गयी। असम, मध्य प्रदेश और कर्नाटक से प्राप्त भूरा रतुआ नमूनों पर रतुआ के 6 नये प्रभेदों क्रमशः 1आर31, 21आर28, 83आर37, 29आर39, 61आर47, और 25आर28–1 की पहचान की गयी। प्राप्त नमूनों में काला रतुआ प्रभेद 11 (79 जी 31) की मुख्यतः आवृति 60 प्रतिशत और प्रभेद 40ए (62जी 29) की 30 प्रतिशत विश्लेषित की गयी।
- भारतवर्ष में गेहूँ एवं जौ प्रजनकों, सीआईएमएमवाईटी, आईसीएआरडीए से प्राप्त गेहूँ एवं जौ की 3687 लाईनों का पौध प्रतिरोधी परीक्षण किया गया इनमें एवीटी की 149 लाईने, एनबीडीएसएन एवं इबीडीएसएन की 244 लाईने भी शामिल है। गेहूँ एवीटी सामग्री की दो लाईनें क्रमशः एचएस 661 और पीबीडब्लयू 763 पीला, काला और भूरा रतुआ के सभी प्रभेदों पर प्रतिरोधी पायी गयी जबकि आठ अन्य गेहूँ की लाईने क्रमशः एकेएडब्ल्यू 4929, जीडब्ल्यू491, जीडब्ल्यू 492, जीडब्ल्यू493, जीडब्ल्यू 495, एचआई 1544, एचआई 1625 और एमएसीएस 6222 काले और पीले रतुआ पर प्रतिरोधी पायी गयी। एवीटी की दो एन्ट्री एचएस 634 और यूएएस 428 पीला रतुआ प्रभेद 110एस119 और 110एस84 तथा भूरा रतुआ प्रभेद 77–9 और 104–2 पर व्यस्क पौध प्रतिरोधी पायी गयी।
- चार वाईआर जीन्स 2,9,ए और 18 को 90 अग्रिम लाईनों पर पहचान की गयी। साथ ही 11 एलआर जीन्स और 12 एसआर जीन्स एवीटी लाईनों पर क्रमशः 83 और 78.53 प्रतिशत पंक्तियों में की गई। इबीडीएसएन की कोई भी लाईन पीले और भूरे रतुओं के प्रभेदों के लिए प्रतिरोधी नही पायी गयी।
- एसएसआर मार्कर को गेहूँ भूरा रतुआ संक्रमण पर प्राप्त किये गये डेटा पर विकसित किया गया। 50 प्राईमर एसएसआर मार्कर में से 28 (56 प्रतिशत) पॉलीमार्फिक पाये गये।
- रतुआ प्रतिरोध आनुवंशिक विश्लेषण के लिए/विरूद्व छठी पॉपुलेशन गेहूँ प्रजनन सामग्री को फिनोटाईपउ किया गया। रतुआ प्रतिरोध के लिए बनाये गये एफ4: लोकल रेड/डीडीके 1009, एफ4: एलडब्ल्यूएच/यूएएस 347, एफ7: आगरा लोकल/एनआई 5439 और मॉल्युकलर मेपिंग के लिए जीन प्रतिरोधकता जानने के लिए डीएनए को पृथक किया गया।
- चार रतुआ प्रतिरोधक आनुवंशिक स्टॉक एफएलडब्ल्यू 18, एफएलडब्ल्यू 31, एफएलडब्ल्यू 32 और एफएलडब्ल्य ू33 को एनबीपीजीआर नई दिल्ली में पंजीकृत किया गया।
- 145 से अधिक रतुआ प्रभेदों का जीवित एवं विरूद्ध अवस्था में रख–रखाव किया गया। भारतवर्ष में गेहूँ एवं जौ शोधकर्ताओं को रतुआ अनुसंधान सुचारू ढंग से चलाने के लिए नाभकीय इनोकुलम भेजा गया।
- गेहूँ रोग परीक्षण नर्सरी डब्ल्यूडीएमएन/टीपीएन और सार्क गेहूँ रोग परीक्षण नर्सरी को भारतवर्ष में 40 स्थानों और सार्क देशों की अलग–2, 29 स्थानों में लगवाया गया।

क्षेत्रीय केन्द्र, दालंग मैदान, लाहौल स्पीति

- गेहूँ एवं जौ की 31000 लाइनों का सुधार संतति संवर्धन के लिए किया गया।
- देश के गेहूँ शोधकर्ताओं द्वारा 550 से अधिक सुधारात्मक क्रास बनाए गए।
- पीला रतुआ और चूर्णिल आसिता के लिए गेहूँ एवं जौ की लगभग 15000 लाइनों को स्क्रीन किया गया।
- गेहूँ के 9000 एवं जौ के 2000 जननदव्यों का संग्रह प्राकृतिक दशा में किया गया है।
- डी.बी.डब्ल्यू. 187 (करण वंदना) का 11 कुंतल बीज का उत्पादन किया गया।

बीज एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र, हिसार

- रबी 2017–18 के दौरान 28.40 एकड़ क्षेत्र में 490 कुंतल गेहूँ के प्रजनक बीज का उत्पादन किया गया।
- इस फार्म में जौ के 282.30 कुंतल प्रजनन बीज का उत्पादन 22.5 एकड़ क्षेत्रफल पर किया गया।

संस्थान की अन्य गतिविधियाँ

- 57 वाँ आखिल भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान कार्यकर्ता मिटिंग का आयोजन दिनांक 24–26 अगस्त, 2017 के दौरान बिरला हार्ष विश्वविद्यालय, रांची में किया गया। उदघाअन समारोह में मुख्य अतिथि, झारखंड के राज्यपाल श्रीमति द्रौपदी मुरमु जी थी।
- देश का 72 वाँ गणतंन्त्र दिवस दिनांक 26 जनवरी, 2018 को हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।
- संस्थान में दिनांक 15 सितम्बर से 2 अक्तूबर 2018 के दौरान स्वच्छता अभियान पखवाडा आयोजित किया गया।
- संस्थान में राष्ट्रपिता महात्मां गांधी का 150 वाँ स्मरणोत्सव दिवस 2 अक्तूबर, 2018 को मनाया गया।
- संस्थान में जागरूकता सतर्कता सप्ताह 29 अक्तूबर से 3

नवम्बर, 2018 को मनाया गया।

- संस्थान में बीज उत्पादन गोष्ठीः एक कदम पब्लिक प्राइवेट पार्टर्नशिप (पी पी पी) का आयोजन 17 सितम्बर, 2018 को किया गया।
- 25 वीं आई एम सी मिटिंग का आयोजन संस्थान में 17 सितम्बर, 2018 को किया गया।
- संस्थान में की आर ए सी मिटिंग का आयोजन 12 नवम्बर, 2018 को डॉ. एच एस गुप्ता, भूतपूर्व डी जी, बीसा एवं निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली द्वारा की गयी।
- संस्थान में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन 3 दिसम्बर, 2018 को किया गया।
- संस्थान में क्यू आर टी मिटिंग का आयोजन 10–11 दिसम्बर, 2018 को प्रोफेसर आर बी सिहं, चान्सलर, सी ए यू एवं पूर्व अध्यक्ष, एन ए ए एस, नई दिल्ली द्वारा की गयी।
- संस्थान में आई एस ओ प्रमाणिकरण मिटिंग का आयोजन 29 दिसम्बर, 2018 को किया गया।
- श्री छबिलेन्द्र राउल, स्पेशल सचिव (डेयर) एवं सचिव (आई सी ए आर) ने 26 जून एवं 7 जुलाई, 2018 को संस्थान का दौरा किया।
- डॉ. त्रिलोचन महापात्रा, सचिव, डेयर एवं डी जी आई सी ए आर ने 3 नवम्बर, 2018 को संस्थान का दौरा किया एवं इस मौके पर प्रक्षेत्र कार्यालय एवं प्रयोगशाला परिसर का उद्घाटन किया।
- संस्थान में किसान–वैज्ञानिक कार्यशाला एवं बीज दिवस का आयोजन 15 अक्तूबर, 2018 को नाबार्ड के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर 1500 से जादा किसानों ने भाग लिया।
- संस्थान की और से विश्व मृदा दिवस का आयोजन 5 दिसम्बर, 2018 को गाँव बेदखेड़ी, उत्तर प्रदेश में किया गया।
- संस्थान की और से किसान दिवस का आयोजन गाँव शेखपुरा खालसा, जिला करनाल में 23 दिसम्बर, 2018 को किया गया।
- संस्थान में मेरा गाँव मेरा गौरव कार्यक्रम बहुत से गाँव में जोकि हरियाणा एवं उत्तर प्रदेश के है, वैज्ञानिकों की 14 टीमों द्वारा सूचारू रूप से चल रहा है।

संगठन


महानिदेशक (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
उपमहानिदेशक, फसल विज्ञान (भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद)
निदेशक (भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान)
अखिल भारतीय समन्वित गेहूँ एवं जौ सुधार परियोजना
अनुसंधान
सहायक सेवाएं
प्रशासन एवं वित्त
उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र
उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र
उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र
मध्य क्षेत्र
प्रायद्वीपीय क्षेत्र
फसल सुधार
फसल सुरक्षा
संसाधन प्रबंधन
गुणवत्ता एवं मूलभूत विज्ञान
सामाजिक विज्ञान
जौ सुधार
क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र / प्रक्षेत्र
तकनीकी कक्ष
संगणक कक्ष
पुस्तकालय
प्रक्षेत्र अनुभाग
फ्लावरडेल शिमला, हिमाचल प्रदेश
दालंग मैदान, हिमाचल प्रदेश
बीज एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र, हिसार

01 फसल सुधार

वर्ष 2017–18 में देश में एक बार फिर से गेहूँ का रिकार्ड तोड़ उत्पादन हुआ। इस वर्ष देश में 29.72 मिलियन हैक्टर क्षेत्रफल से 33.18 कुन्तल प्रति हैक्टर की उत्पादकता के साथ कुल 98.61 मिलियन मिट्रिक टन गेहूँ का उत्पादन हुआ जो अपने आप में अभी तक का सर्वोच्च रिकार्ड है।

रिपोर्ट वर्ष के दौरान सभी अग्रिम प्रजाति परीक्षणों का गठन एवं प्रेषण आँचलिक समन्वय इकाईयों द्वारा किया गया। पूर्वोत्तर मैदानी क्षेत्रों एवं प्रायद्वीपीय क्षेत्रों के लिए ट्रायलों के गठन एवं प्रेषण का कार्य करनाल में ही किया गया। राष्ट्रीय शुरूआती प्रजाति परीक्षणों एवं परीक्षणों के गठन, प्रेषण एवं कोडिंग का समस्त कार्य करनाल में ही किया गया। वर्ष 2017–18 के दौरान फसल सुधार से सम्बन्धित किये गये अनुसंधान कार्यों एवं महत्वपूर्ण उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नवत है।

देश के विभिन्न क्षेत्रों के लिए गेहूँ की नई प्रजातियों का विमोचन

केन्द्रीय स्तर पर विमोचन

वर्ष 2018–19 के दौरान फसल मानक, अधिसूचना एवं कृषि फसलों की प्रजातियों का विमोचन करने वाली केन्द्रीय उपसमिति ने देश के विभिन्न भागों के लिए गेहूँ की छः नई किस्मों का विमोचन किया। जिनका विवरण (तालिका 1.1) मे दिया गया है।

तालिका 1.1 : वर्ष 2018–19 के दौरान सी.वी.आर.सी. द्वारा विमोचित की गई गेहूँ की किस्में

किस्म का नाम	लक्षित क्षेत्र	उत्पादन परिस्थिति	उपज (कुं/है.)	
			औसत	क्षमता
पी बी डब्ल्यू 752	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	सिंचित, देर से बुवाई	49.7	65.4
पी बी डब्ल्यू 757	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	सिंचित, बहुत देर से बुवाई	36.7	44.9
एच डी 3226 (पूसा यशस्वी)	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	सिंचित, समय से बुवाई	57.5	79.6
एच डी 3237 (पूसा गेहूँ 3237)	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	सिमित सिंचाई , समय से बुवाई	48.4	63.1
एच आई 1620 (पूसा गेहूँ 1620)	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	सिमित सिंचाई , समय से बुवाई	49.1	61.8
डी बी डब्ल्यू 187 (करण वंदना)	उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	सिंचित, समय से बुवाई	48.8	64.7

राज्यों के स्तर पर विमोचन

इसी वर्ष (2018–19) राज्य प्रजाति विमोचन समिति द्वारा फसल मानक, अधिसूचना, एवं कृषि फसलो की प्रजातियों का विमोचन करने वाली केन्द्रीय उप–समिति के माध्यम से देश के विभिन्न राज्यों के लिए ग्यारह नई किस्मों का विमोचन किया गया। इनका विवरण तालिका 1.2 में दिया गया है।

तालिका 1.2 : वर्ष 2018–19 के दौरान एस.वी.आर.सी. द्वारा विमोचित की गई गेहूँ की किस्में

किस्म का नाम	लक्षित राज्य	उत्पादन परिस्थिति	उपज (कुं/है.)	
			औसत	क्षमता
ए ए आई डब्ल्यू – 10 (एसएचआईएटीएस–डब्ल्यू 10)	उत्तर प्रदेश	सिंचित, समय से बुवाई	43.07	57.78
ए ए आई डब्ल्यू –9 (एसएचआईएटीएस–डब्ल्यू 9)	उत्तर प्रदेश	सिंचित, देर से बुवाई	38.37	50.52
यू पी 2844	उत्तराखण्ड (मैदानी क्षेत्र)	सिंचित, देर से बुवाई	42.04	69.81
यू पी 2855	उत्तराखण्ड (मैदानी क्षेत्र)	सिंचित, समय से बुवाई	52.52	100.00
यू पी 2865	उत्तराखण्ड (मैदानी क्षेत्र)	सिंचित, देर से बुवाई	45.82	68.89
वी एल गेहूँ 967	उत्तराखण्ड (पहाड़ी मैदानी क्षेत्र)	समय से बुवाई, वर्षा आधारित (जैविक खेती)	19.86	35.44
वी एल गेहूँ 2014	उत्तराखण्ड (मैदानी क्षेत्र)	सिंचित, समय से बुवाई	52.06	71.01
वी एल गेहूँ 3004	उत्तराखण्ड (मैदानी क्षेत्र)	सिंचित, देर से बुवाई	43.88	70.31
जे ए यू डब्ल्यू 584	जम्मू आँचल के मैदानी एवं मध्यम पहाड़ी क्षेत्र	सिंचित, समय से बुवाई	37.60	46.30
छतीसगढ़ अम्बर गेहूँ (सी जी 1018)	छत्तीसगढ़	सीमित सिंचाई, समय से बुवाई	35.09	58.20
उन्नत पी बी डब्ल्यू 550	पंजाब	सिंचित, समय से बुवाई	60.40	73.60

नये आनुवंशिक सम्भारों का पंजीकरण

वर्ष 2018–19 के दौरान राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली की पादप जननद्रव्य पंजीकरण समिति द्वारा विभिन्न गुणों के लिए 15 आनुवंशिक संम्भार पंजीकृत किये गये इन सभी को स्थानीय इकाई द्वारा इन पंजीकृत स्टॉकों के बीजों का बहुगुणन करके देश भर के जरूरतमंद संस्थानों को उपलब्ध कराया जायेगा (तालिका 1.3)।

तालिका 1.3 : वर्ष 2018–19 के दौरान पंजीकृत किये गये गेहूँ के आनुवंशिक संभार

नाम	पंजीकरण संख्या	राष्ट्रीय पहचान संख्या	अभिगुण	विकसित करने वाला संस्थान
डी बी डब्ल्यू –ई एम एस 98	आई एन जी आर 18004	आई सी 0625990	पूर्णहरित न्यूनता उत्परिवर्तन	आई सी ए आर–आई आई डब्ल्यू बी आर, करनाल
पी एच एस 1108	आई एन जी आर 18005	आई सी 0624499	सुडौल दाने, उच्च प्रोटीन	"
डी बी डब्ल्यू 129	आई एन जी आर 18006	आई सी 0624497	बहु व्याधि एवं कीट रोधी	"
डी बी डब्ल्यू 246	आई एन जी आर 18007	आई सी 0625998	पीला रतुआ के प्रति उच्च अवरोधी	"
एच टी डब्ल्यू 9	आई एन जी आर 18009	आई सी 0625994	ताप सहनशील	"
डी बी डब्ल्यू 218	आई एन जी आर 18010	आई सी 0625997	उच्च अवसादन मूल्य, दानों की कठोरता	"
क्यू एल डी 49	आई एन जी आर 18016	आई सी 0626288	नर्म दानों वाली प्रभेद, बिस्कुट बनाने के लिए उपयुक्त	"
क्यू एल डी 46	आई एन जी आर 18017	आई सी 0626289	दानो में उच्च प्रोटीन	"
डी डी डब्ल्यू 32	आई एन जी आर 18018	आई सी 0626290	कंगियारी रोग के प्रति अवरोधीता	"
ई सी 531185	आई एन जी आर 18011	ई सी 531185	सूखा संवेदनशीलता	आई.सी.ए.आर.–एन.बी.पी जी.आर., नई दिल्ली
ई सी 339604	आई एन जी आर 18012	ई सी 339604	पर्ण रतुआ के प्रति रोधकता	"
आई सी 252459	आई एन जी आर 18013	आई सी 0252459	पीला रतुआ एवं पर्ण रतुआ रोधी	"
आई सी 564121	आई एन जी आर 18014	आई सी 0564121	स्पोट बलोच के प्रति उच्च रोधकता	"
आई सी 443669	आई एन जी आर 18015	आई सी 0443669	स्पोट बलोच के प्रति उच्च रोधकता	
आई सी 0624570	आई एन जी आर 18008	आई सी 0624570	स्पोट बलोच के प्रति उच्च रोधकता, जल्दी, परिपक्वता	काशी हिन्दू विश्वविद्यालय (उत्तर प्रदेश)

जननद्रव्य विनिमय, अभिलक्षणनन, मूल्यांकन, संरक्षण एवं प्रलेखन

जननद्रव्य विनिमय: रिर्पोटिंग अवधि के दौरान 76 नये विदेशी परिग्रहण इंग्लैड से, 269 नये प्रभेदों का मुख्य संग्रहण ए.सी.आई.ए.आर. रस्ट प्रोजेक्ट से एवं 942 लाइनों का जननद्रव्य अगरकर अनुसंधान केन्द्र, पुणे से प्राप्त किया गया। इसी के साथ संस्थान ने 1718 जननद्रव्यों को देश में जरूरतमंद संस्थानों को उपलब्ध कराया। इनके अतिरिक्त 1165 जननद्रव्यों (जिनका चयन 28 मार्च 2018 को गेहूँ एवं जौ के प्रक्षेत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न अनुसंधान कर्ताओं द्वारा किया गया था) का बीज भी विभिन्न मांगकर्ताओं को भेजा गया।

जननद्रव्य अभिलक्षणन: देशी एवं विदेशी 577 परिग्रहणों के एक सेट (जिसमें 527 परिग्रहण ट्री. एस्टीवम के, 46 ट्री. ड्यूरम के, 3 ट्री. डाइकोकम के और 1 परिग्रहण ट्रीटीकेल का था) का मूल्यांकन 36 गुणों के लिए डी.यू.एस. टेस्टिंग के दिशा–निर्देशानुसार किया गया। जिनमें विभिन्न गुणों के लिए व्यापक विभिन्नता पाई गई। बालियों का निकलना (74–125 दिन) परिपक्वन अवधि (135–160 दिन), पौधों की ऊँचाई (72–151 से.मी.), 1000 दानों का भार (17.61–58.4 ग्राम), बाली की लम्बाई (7.2–16.8 से.मी.), प्रति बाली स्पाइकलेट की संख्या (14–26), प्रति बाली दानो की संख्या (20–90 दाने), प्रति बाली दानों का भार (0.64–4.0 ग्राम) एवं प्रोटीन की मात्रा (8.84–14.24 प्रतिशत) पाई गई। एक या एक से अधिक गुणो में उम्दा पाए गए परिग्रहणों का विवरण निम्न प्रकार है।

बालियों का निकलना एवं परिपक्वता: चपाती गेहूँ के तीन परिग्रहणों (एस 305, सागवरा, ए 463) में बालियों का निकलना एवं परिवक्ता अवधि क्रमशः 75 एवं 149 दिनों से कम थी।

पौधों की लम्बाई: पाँच परिग्रहणों, पी एच (72 से.मी.) 127, ई 10871, ई 4757, (78 से.मी.) सी आर ई एस ओ, एन आई (79 से. मी.) 88 में पौधे बौने पाये गये, जिसकी लम्बाई 80 से.मी. से कम पाई गई। सात परिग्रहणों/ई 4526, (1408 से.मी.), पीबीसी 31, (1142 से.मी.) पी एम एस 1–1–7, जीपी–3, ई 3741, ई 9779 एवं डब्ल्यूएलएस जी पी–9) में पौधों की लम्बाई 140 से.मी. से अधिक पाई गयी।

बाली की लम्बाई: नौ परिग्रहणों (आई सी 272176, पीबीसी 307, ई आई जी एन 0405, लैम्ब 2 ट्रीटीकम, पीबीसी 310, एनआईएडब्ल्यू 392, एन ओओजेडजेड, एसएस 4–एचएसएच–24 (14.4 से.मी.) एवं पीबीएन 320 में बाली की लम्बाई 14 से.मी. से अधिक पाई गई है।

प्रति बाली स्पाईक्लेटों की संख्या: एनओओ 22, लैम्ब 2, ई 10308, ई 10175 और ई 4250 नामक छः परिग्रहणों में प्रति वाली स्पाक्ईलेट की संख्या 26 पाई गई है।

प्रति बाली दानों की संख्या: चपाती गेहूँ के छह परिग्रहणों आईसी 212176, ई आई जी एन 03–04 (108, राज 1483, ईआईजीएन 03–0477, आई एस डी 269 एवं वाईसीबीडब्ल्यू 13– सीएमएस 76 ए–962) इसी प्रकार कठिया गेहूँ के तीन परिग्रहणो में भी प्रति बाली दानों की संख्या 80 से अधिक दर्ज की गई। इसी प्रकार तीन परिगुणकों सिल्वर 23/एआरसीआईएन 3/डॉन 87, राज 6551 एवं एस पी ओ आर डी ई जी आई में प्रति बाली दानों की संख्या 70 से अधिक पाई गई।

प्रति बाली दानों का वजन: चार परिग्रहणों में आई सी 212176 (ए) (4.4 ग्राम), ईआईजीएन (03–04) 106 (4.2 ग्राम), ईआईजीएन (03–04) 84 (4.2 ग्राम) एवं ईआईजीएन (03–04) 121 (3.6 ग्राम) प्रति वाली दानों का भार 3.5 ग्राम से अधिक पाया गया।

हजार दानों का भार: आठ प्रतिग्रहणों में एमएसीएस 2864 (58. 44 ग्राम), पीबीसी 281 (54.85 ग्राम), एनआईडीडब्ल्यू 94 (54.11 ग्राम), ईआईजीएन–1 (03–04) 81 (54.1 ग्राम), ईआईजीएन 1 (03–04) 104 (53.51 ग्राम), राज 842 (52.69 ग्राम), ईआईजीएन 03–04) 106 (52.5 ग्राम) एवं ई 4298 (52.15 ग्राम) प्रति हजार दानों का भार 52 ग्राम से अधिक पाया गया।

प्रोटीन की मात्रा: 10–11 प्रतिशत नमी युक्त दानो में एनएमआर विधि द्वारा प्रोटीन की मात्रा का आंकलन किया गया। तीन परिग्रहणो एनओओ 38–ए (14.2 प्रतिशत), ए–463 (14.2 प्रतिशत) एवं एनओओ 41–ए (14.0 प्रतिशत) में 14 प्रतिशत या इससे अधिक प्रोटीन पाई गई।

उच्च पैदावार युक्त बहुगुणी परिग्रहण: आईसी 212176 ए एवं आईएसडी 269 नामक दो परिग्रहणों में उच्च उत्पादकता वाले एक से अधिक गुणों का समावेश पाया गया।

गेहूँ के राष्ट्रीय मुख्य संग्रह का विकास

संस्थान के मुख्य गेहूँ संग्रह का राष्ट्रीय पादप आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो, नई दिल्ली के गेहूँ संग्रह के साथ तुलनात्मक परीक्षण किया गया। संस्थान के संग्रह का शैनन विविधता इंडैक्स, ऑरीकल प्यूबीसेंस, बाली का रंग, बाली की आकृति, तूडों का रवैया एवं ग्लूम प्यूबीसेंस को छोड़कर अधिक पाया गया। इसी प्रकार संस्थान के संग्रह में बाली की सघनता, ग्लूम की आकृति एवं दानों की आकृति के गुणो के लिए एलीलो की संख्या भी अधिक पाई गई।

गेहूँ में डीयूएस परीक्षण

फसल वर्ष 2017–18 के दौरान 10 उम्मीदवार किस्में एवं 3 किसानों की किस्मों का 29 संदर्भ किस्मों के सापेक्ष परीक्षण किया गया। सभी तीनों केन्द्रों की उम्मीदवार किस्मों के आंकड़ों को विश्लेषण करने के उपरान्त पादप किस्म सरंक्षण एवं कृषक अधिकार सुरक्षा प्राधिकरण में जमा करा दिया गया। इनके अतिरिक्त किसानों की 67 किस्मों का ग्रो–आऊट परीक्षण शुद्धिकरण हेतु किया गया। फसल वर्ष 2018–19 के दौरान नौ उम्मीदवार किस्मों (एनएबीआईजी 10, एनएबीआईजी 11, एसआरडब्ल्यू 111, एस डब्ल्यू 303, एस डब्ल्यू 404, आरएसडब्ल्यू 232, एसआरडब्ल्यू 252 एवं एमएएलएवी 221) एवं 13 कृषक किस्मों बीलेश, सोडा, उलोचना, लेमहरवान, सुरजमानी, एस के एफ सी एम 5, नरेन्द्र 09, रिडुरी, पंजाब बिंसाम, सुपरिम 1111, कंठिया देशी गेहूँ, काया एन. 49 एवं बंधन गेहूँ) को इस परीक्षण के लिए उगाया गया।

पादप किस्म संरक्षण एवं कृषक अधिकार सुरक्षा प्राधिकरण के तहत पंजीकरण वर्ष 2018 में एचएस 490, एमपीओ 1215, एचडब्ल्यू 1098 एवं सीओडब्ल्यू 2 नामक चार किस्मों का पंजीकरण क्रमशः पंजीकरण संख्या 71, 76, 176 और 178 के अन्तर्गत किया गया। डी.बी.डब्ल्यू. 168 एवं डीबीडब्ल्यू 173 नई किस्मों के प्रस्ताव पीपीवीएफआरए के अन्तर्गत संरक्षण के लिए जमा करा दिये गये हैं।

गेहूँ सुधार हेतु पूर्व प्रजनन

गेहूँ के जीन कुण्ड में आनुवंशिक विभिन्नता एवं विविधता का

समावेश करने के लिए पूर्व–प्रजनन एक महत्वपूर्ण तरीका है। इसमें व्यापक संकरण के माध्यम से विदेशी गुणों के समावेश की अच्छी संम्भावनाएं हैं। घरेलू फसलों की वन्य प्रजातियों में अनेकों उपयोगी जींस होते हैं। हालांकि, परम्परागत तरीके से इन प्रजातियों के वाछिंत गुणो को घरेलू प्रजातियो में समाहित करने का क्रम काफी लम्बा एवं जटिल होता है तथा इस क्रम में वांछित गुणों के साथ–साथ कुछ अवांछित गुणों के भी हस्तान्तरित होने का अंदेशा होता है।



चित्र 1.1 ट्रीटीकम स्फेरोकोकम के पादप स्वभाव एवं बीज

गैरपरम्परागत स्रोतों के साथ संकरण

कुछ लाभदायक गुणों (विशेष रूप से जैविक एवं अजैविक तनाव प्रतिरोधकता) को भारतीय गेहूँ की किस्मों में हस्तान्तरित करने के लिए संकरण कार्यक्रम में शीतकालीन एवं वन्य प्रजातियों को शामिल किया गया। इन गैर परम्परागत स्रोतो के साथ लगभग 250 संकर सयोजनों को तैयार किया गया। (तालिका 1.4)

तालिका 1.4 : पूर्व प्रजनन कार्यक्रम के तहत तैयार किये गये मुख्य संकरण

जंगली प्रजातियो के साथ संकरण	
ट्री. कम्पेक्टम / एच डी 2967 / / डब्ल्यू बी 2	ट्री. टीमोफीवी / 2*एच डी 3086
ट्री. कम्पेक्टम / एच आई 8498 / / ट्री पोलोनिकम / / एच आई 8498	ट्रीटीकेल / 2* डब्ल्यूएच 1105 / / सी 306 / 3 / डी बी डब्ल्यू 88
ट्री. कम्पेक्टम / एच डी 2967 / / डी बी डब्ल्यू 39	ट्री डाइकोकम / 2967 / / ट्री. ट्री स्पेल्टा / एच डी 3086
ट्री. कम्पेक्टम / पावन 76 / / एचडी 3086	जी डब्ल्यू 322 / ए वेन्ट्रीकोसा / / एच डी 2967
ट्री पोलोनिकम / एच आई 8498 / / राज 1255 / *3 / एचआई 8498	पीबीडब्ल्यू 343 / ए वेन्ट्रीकोसा / / 2*एच डी 2967
डब्ल्यूबी 2 / ए कोसीआई ट्री स्पेल्टा / एच डी 3086 / / एच आर डब्ल्यूएसएन 2076	ऊरारटु / पीबीडब्ल्यू 314 / / *2 एच आई 8498

स्फेरोकोकम गेहूँ का संकरण कार्यक्रम में उपयोग

ट्रीटिकम स्फेरोकोकम (एएबीबीडीडी, 2एन 6एक्स = 42) भारतीय उपमहाद्वीप में गेहूँ की एक क्षेत्र विशेष प्रजाति है। इसमें बौना एवं मजबूत तना, उचली क्रीज वाले अर्धगोलाकार दाने (जो सफेद आटे की प्रतिशतता बढ़ाने में मददगार हो सकते हैं) चपाती गेहूँ के मुकाबले अधिक प्रोटीन एवं सूखा रोधिता जैसे अनेक गुण समाहित है। चपाती गेहूँ की तुलना में इसमें छोटी बालीयाँ एवं कम ऊपज जैसे कुछ नकारात्मक लक्षण भी हैं। इन गुणो का नियंत्रण 3डी गुणसूत्र पर उपस्थित एक बहुप्रभावी विशेष जीन द्वारा होता है (तालिका 1.5)।

तालिका 1.5 : स्फेरोकोकम एवं सस्य आधार वाली किस्मों के बीच तैयार संकरण

स्फेरोकोकम के साथ संकरण
ट्री. स्फेरोकोकम / डीबीडब्ल्यू 88 / / डब्ल्यूएच1105 / *3 / डीएम 7
ट्री. स्फेरोकोकम / / पावन 76 / / एचडी 3086
ट्री. स्फेरोकोकम / एचडी 2967 / / ट्री. पोलोनिकम / 3 / एचआई8498

पूर्व प्रजनन द्वारा उच्च जिंक, लोहा एवं प्रोटीन वाले दाताओं का विकास

डीबीटी–बीबीएसआरसी परियोजना के तहत इंग्लैंड की नोटींघम विश्वविद्यालय से चार अन्तर्राष्ट्रीय चेक्स सहित 21 उभयद्विगुणितों का एक समुच्चय प्राप्त हुआ। जिसकी तुलनात्मक जाँच चार भारतीय चेक्स (2एस्टीवम + 2 ड्यूरम) के साथ जिंक, लोहा, प्रोटीन, सस्य गुणों एवं रोग प्रतिरोधिकता आदि गुणों के लिए तीन वर्षों तक की गई (तालिका 1.6)।

उपरोक्त प्रभेदों में सस्य गुणों, प्रोटीन की मात्रा, जिंक एवं लोहे की मात्रा आदि गुणों के लिए व्यापक विभिन्नता पाई गई। जिंक (78.4 पी.पी.एम.) एवं प्राटीन की उच्चतम मात्रा क्रमशः चाईनीज स्प्रिंग ए. अम्बलीकुलेटा, चाईनीज स्प्रिंग सिकेल एनाटोलिकम एवं चाईनीज स्प्रिंग एजीलोप्सम्यूटिका नामक लाईनो में दर्ज की गई। चेक्स के मुकाबले सभी संकरण लाईनों में लिंक एवं लोहे की मात्रा अधिक पाई गई। इन टेस्ट लाईनो में चेक्स की तुलना में 1000 दानों का वजन कम (32–39 ग्राम) परन्तु पर्णहरित की मात्रा अधिक (45–58) पाई गयी।

सहसम्बन्ध विश्लेषण के आधार पर लोहे और जिंक के बीच उच्च धनात्मक सहसम्बन्ध (आर=0.67), जिंक और प्रोटीन के बीच भी धनात्मक सहसम्बन्ध (आर=0.57) परन्तु हजार दानों का भार एवं प्रोटीन की मात्रा के बीच ऋणात्मक सहसम्बन्ध (0.806) पाया गया। चयनित की गई लाइने सूक्ष्मपोषक तत्वों में अच्छी होने के कारण संकरण कार्यक्रम में एक अच्छे प्रदाता के रूप में प्रयोग की जा सकती है।

तालिका 1.6 : उच्च जिंक, लोहा, प्रोटीन एवं सस्यागत गुणो वाले आशाजनक प्रभेद

संकरण का नाम /ईसी/आईसी नम्बर	पौधे की ऊँचाई (से.मी.)	बाली लम्बाई (से.मी.)	प्रोटीन (प्रतिशत)	लोहा (पीपीएम)	जिंक (पीपीएम)	हजार दानो का भार (ग्रा.)
चाइनीज स्प्रिंग/सिकेल एनाटोलिकम (पी 208/142)	126	12	18.0	62.9	75.9	36
चाइनीज स्प्रिंग/एजिलोप्स म्यूटिका (213004)	127	17	19.9	53	73.6	37
चाइनीज स्प्रिंग/थिनोपाइरम बेसअरेबिकम (531712)	135	16	16.5	50.2	59.7	39
चाइनीज स्प्रिंग/ए अम्बेलूलेटा (554410)	113	13	17.5	51.2	78.4	34
ट्री. एसटिवम सीवी हाईबरी/एजिलोप्स म्यूटिका (2130012)	117	17	19.2	46.7	51.7	34
ट्री एसटिवम सीवी पावन 76/ /एजिलोप्स म्यूटिका (2130012)	135	12	17.9	45.1	60.1	38
ट्री. ट्रजिडम एल.सीवी मकाऊ/ थिनोपाइरम बेसअरेबिकम	135	15	18.9	48.8	77.3	34
ट्री. ट्रजिडम एल.सीवी चाइनीज स्प्रिगं/ थिनोपाइरम बेसअरेबिकम चैक किस्में (एसटिवम/डयूरम्)	134	12	17.1	45.6	61.6	34
एमएसीएस 6222	97	11	11.3	44.9	40.9	48
एच आई 8498	86	9	12.5	43.3	40.2	59
एचडी 2967	101	11	12.3	40.6	35.9	49

उपरोक्त प्रभेदों में सस्य गुणों, प्रोटीन की मात्रा जिंक एवं लोहे की मात्रा आदि गुणों के लिए व्यापक विभिन्नता पाई गई। जिंक (78.4 पी.पी.एम.) एवं प्राटीन की उच्चतम मात्रा क्रमशः चाईनीज स्प्रिंग ए. अम्बलीकुलेरा, चाईनीज स्प्रिंग सिकेल एनाटोलिकम एवं चाईनीज स्प्रिंग एजीलोप्समस्टिका नामक लाईनो में दर्ज की गई। चेक्स के मुकाबले सभी संकरण लाईनों में लिंक एवं लोहे की मात्रा अधिक पाई गई। इन टैस्ट लाईनो में चेक्स की तुलना में 1000 दानों का वनज कम (32–39 ग्राम) परन्तु पर्णहरित की मात्रा अधिक (45–58) पाई गयी।

सहसम्बन्ध विश्लेषण के आधार पर लोहे और जिंक के बीच उच्च धनात्मक सहसम्बन्ध (आर=0.67), जिंक और प्रोटीन के बीच भी धनात्मक सहसम्बन्ध (आर=0.57) परन्तु हजार दानों का भार एवं प्रोटीन की मात्रा के बीच ऋणात्मक सहसम्बन्ध (0.806) पाया गया। चयनित की गई लाइने सूक्ष्मपोषण तत्वो में अच्छी होने के कारण संकरण कार्यक्रम में एक अच्छे प्रदाता के रूप में प्रयोग की जा सकती है।

पृथक्कृत जैव सामग्री को सांझा करना

पूर्व प्रजनन कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य गैर परम्परागत प्रभेदों का उपयोग करते हुए गेहूँ के अन्दर विविधता को बढ़ावा देना है। पृथक्कृत जाँच नर्सरी (एस.एस.एन) में दस पोपुलेशन को सहयोगी केन्द्रो के साथ साझा किया गया (तालिका 1.7)।

शामिल होने वाले प्रभेदो में ताप सहनशीलता जैविक तनावों के

तालिका 1.7 : एस.एन.एन. के तहत जननद्रव्य सामग्री का सांझाकरण

प्रभेद	वंशावली
एस.एन.एन.–1	सिन्थेटिक 67/पीबीडब्ल्यू 502 (ताप सहनशील)
एस.एन.एन.–2	सिन्थेटिक 400 / पीबीडब्ल्यू 502 (ताप सहनशील)
एस.एन.एन.–3	सिन्थेटिक 107/'3 डीबीडब्ल्यू 17 (रोधी)
एस.एन.एन. –4	सिन्थेटिक 26/'3 पीबीडब्ल्यू 502 (रोधी, नरम)
एस.एन.एन. –5	न्यू सिन्थेटिक 88 / पीबीडब्ल्यू 343/ /यूपी 2425 (रोधी)
एस.एन.एन. –6	सिन्थेटिक 207 / '2 पीबीडब्ल्यू 502 (ताप सहनशील)
एस.एन.एन. –7	सिन्थेटिक 14 / पीबीडब्ल्यू 502 / /सिन 59 / डीबीडब्ल्यू 16/ /डीबीडब्ल्यू16
एस.एन.एन. –8	सिन्थेटिक 98 / पीबीडब्ल्यू 343 / /सिन 59 /डीबीडब्ल्यू 16 (रोधी, नरम)
एस.एन.एन. –9	सिन्थेटिक 206 / डीबीडब्ल्यू 17 /डीबीडब्ल्यू 17 (रोधी)
एस.एन.एन. –10	सिन्थेटिक 99 / यूपी 2425 /एफ एल डब्ल्यू 21 (रोधी, नरम)

प्रति रोधिता एवं नरम गेहूँ के गुणों की खासियत थी। इसके अतिरिक्त राष्ट्रीय आनुवंशिक संभार नर्सरी एवं गुणवत्ता नर्सरी के माध्यम से कुछ स्थिर लाईन भी साझा की गई।

राष्ट्रीय समन्वित परीक्षणों में प्रभदों का योगदान

प्रभेद डीबीडब्ल्यू 261 जिसका प्रदर्शन चेक्स के मुकाबले काफी अच्छा था परन्तु पीले रतुआ के प्रति सहिष्णु होने कारण उत्तर क्षेत्र की अग्रिम जाति परीक्षण में पदोन्नत नहीं होने की वजह से

तालिका 1.8 : एन.आई.वी.टी.–1 बी मे डी.बी.डब्ल्यू. 261 का प्रदर्शन

	उपज (कु./प्रति हैक्टर) एवं रैंक	
जोन/केन्द्र	डीबीडब्ल्यू 261	सर्वोत्तम चेक
एन डब्ल्यू पी जेड	60.3 (3)	एच डी 3086 : 58.7 (5)
एन ई पी जेड	46.3 (5)	एच डी 3086 : 48.8 (1)
कूच बिहार	46.8 (1)	एच डी 2967 : 46.2 (2)
दिल्ली	60.3 (2)	डीबीडब्ल्यू 88 : 57.1 (7)
लुधियाना	70.7 (3)	एच डी 2967 : 66.1 (14)
हिसार	69.6 (2)	एच डी 3086 : 62.4 (3)

इसको एन.आई.वी.टी. आई.बी में ही पदोन्नत किया गया। यद्यपि सिमित सिंचाई वाली दशा में भी इसको परखा जा सकता है। (तालिका 1.8)

इसी तरह एक अन्य प्रभेद डीबीडब्ल्यू 281 भी एनआईवीटी–1ए में पदोन्नत होने के लिए उपयुक्त पाई गई। दो अन्य प्रभेद पीबीएस 17–01 एवं पीबीएस 17–02 भी पूर्व प्रजनन कार्यक्रम में ही विकसित की गई है। जिनको परखने के लिए स्टेशन ट्रायल में शामिल किया गया है।

उत्तर भारत के उच्च उत्पादकता वाले क्षेत्रों के लिए गेहूँ सुधार परियोजना

डी.बी.डब्ल्यू 187: पूर्वी भारत के लिए अनुमोदित गेहूँ की एक नई प्रजाति किस्म (डीबीडब्ल्यू 187) को जो कि वर्तमान सर्वश्रेष्ठ प्रजाति एच.डी. 2967 की अपेक्षा 8.9 प्रतिशत अधिक ऊपज देती है को भारत के पूर्वोत्तर मैदानी क्षेत्रों के लिए जारी किया गया है। डीबीडब्ल्यू 187 देरी से बुआई की दशा में सीमान्त तापमान के प्रति सहनशीलता (एच.एस.आई.=1.04) पाई गई है। सस्य परीक्षणों में भी यह किस्म सभी मौजूदा चेकों की अपेक्षा देरी से बुआई की दशा में सर्वश्रेष्ठ पाई गई। कृत्रिम एवं प्राकृतिक दशाओं में यह किस्म सभी पर्णीय बीमारीयों के प्रति रोधक पाई गई।

एस.आर.टी. विश्लेषण से पता चला कि यह किस्म भूरा रतुआ रोग के सभी प्रचलित प्रभेदों के प्रति भी रोगरोधी है। व्यस्क पौधों में भूरा रतुआ रोग के प्रतिरोधिता पाई गई है। इस बात का पता प्रभेद विशेष (77–5, 77–9, 104–2) के ए.पी.आर. प्रभाव के अध्ययन से लगाया गया है। उच्च लोहा (43.1 पीपीएम एवं प्रोटीन (11.5 प्रतिशत) के कारण पोषक गुणवत्ता में भी डीबीडब्ल्यू 187 किस्म अच्छी पाई गई है। इसका चपाती मान (7.7) एवं बिस्कुट प्रसार मान (8.6) भी काफी अच्छा है।

आनुवंशिक संभारों का पंजीकरण

डीबीडब्ल्यू 246 नामक आनुवंशिक संभार को पीला रतुआ रोग के प्रति रोगरोधी होने के लिये पंजीकृत कराया गया है। इस संभार को शिशु पौधे तथा व्यस्क पौधो मे प्रचलित पीला रतुआ रोग के सभी प्रभेदों के विरूद्ध कृत्रिम तथा प्राकृतिक महामारी को दानों दशाओं में पूर्ण रूप से रोगरोधी पाया गया है।

समन्वित परीक्षणों तथा नर्सरी में योगदान

डीबीडब्ल्यू 282, डीबीडब्ल्यू 283, डीबीडब्ल्यू 284, डीबीडब्ल्यू 286, डीबीडब्ल्यू 291, डीबीडब्ल्यू 294, डीबीडब्ल्यू 296, डीबीडब्ल्यू 299 और डीबीडब्ल्यू 305 नामक नौ प्रभेदों का एनआईवीटी की विभिन्न परीक्षणों एवं आईपीपीएसएन में इनके प्रदर्शन का ब्यौरा (तालिका न 1.9) में दिया गया है।

तालिका 1.9 : एन.आई.वी.टी. मे पदोन्नत की गई आशाजनक प्रविष्टियाँ

प्रभेद	उपज (कु./है.)	रतुआ का स्कोर (2017–18)			
		भूरा रतुआ (नोर्थ)		पीला रतुआ	
		उच्चतम स्कोर	एसीआई	उच्चतम स्कोर	एसीआई
डीबीडब्ल्यू 282	55.2	5 एमएस	1.3	20 एस	4.7
डीबीडब्ल्यू 283	52.2	0	0.0	5 एमएस	0.8
डीबीडब्ल्यू 284	51.8	5 एमएस	2.7	5 एस	3.1
डीबीडब्ल्यू 286	50.5	5 एमएस	1.3	5 एस	2.3
डीबीडब्ल्यू 305	51.6	5 एस	4.7	20 एस	6.7
डीबीडब्ल्यू 291	50.8	10 एस	3.3	40 एस	7.5
डीबीडब्ल्यू 294	48.5	टी एमएस	0.3	5 एमएस	0.7
डीबीडब्ल्यू 296	43.8	10 एमएस	2.7	10 एमएस	1.6
डीबीडब्ल्यू 299	39.8	0	0.0	5 एस	2.2

तालिका 1.10 : एन.आई.वी.टी. में पदोन्नत की गई आशाजनक प्रविष्टियाँ

प्रभेद	परीक्षण विवरण / उत्पादन दशा	जोन में उपज (कु./है.)	सर्वोत्तम चेक
डीबीडब्ल्यू 221	एवीटी– I (आई आर–टी एस–एन डब्ल्यू पी जेड)	57.1	एचडी 3086 (55.9)
डीबीडब्ल्यू 222	एवीटी– II (आई आर–टी एस–एन डब्ल्यू पी जेड)	58.0	एचडी 3086 (55.9)
डीबीडब्ल्यू 252	एवीटी– I (आई आर–टी एस–एन ई पी जेड)	36.2	एचडी 3171 (55.9)
डीबीडब्ल्यू 273	एवीटी– I (आई आर–टी एस–एन ई पी जेड)	40.3	पीबीडब्ल्यू 644 (36.7)

अग्रिम प्रजातिय परिक्षणों में प्रविष्टियों का प्रदर्शन

अग्रिम प्रजाति परीक्षण (प्रथम वर्ष) मे प्रदर्शन के आधार पर पाँच प्रविष्टियों (डीबीडब्ल्यू 221, डीबीडब्ल्यू 222, डीबीडब्ल्यू 223, डीबीडब्ल्यू 235, एवं डीबीडब्ल्यू 252) में से दो प्रविष्टयों (डीबीडब्ल्यू 221 एवं डीबीडब्ल्यू 222) को एन.डब्ल्यू.पी.जेड. की सिंचित तथा समय से बुआई वाले अग्रिम प्रजाति परीक्षण (द्वितीय वर्ष) मे पदोन्नत किया गया है। तथा इसी प्रकार दो प्रविष्टियों (डीबीडब्ल्यू 252 एवं डीबीडब्ल्यू 273) को एनईपीजेड की सीमित सिंचाई तथा समय से बुआई वाली अग्रिम प्रजाति परीक्षण (द्वितीय वर्ष) में पदोन्नत किया गया है।

एच.वाई.पी.टी. में योगदान

डीबीडब्ल्यू 187, डीबीडब्ल्यू 301 डीबीडब्ल्यू 302, नामक प्रभेदों को एनडब्ल्यूपीजेड में अगेती बुवाई एवं सिंचित दशा में उच्च उपज क्षमता परीक्षण के लिए उपलब्ध कराया गया।

संकरण एवं मूल्यांकन

अधिक उपज क्षमता, अधिक लोचता, बीमारीयों, सूखा तापमान के प्रतिरोधिता को ध्यान में रखते हुए कुल 473 संकरण संयोजन बनाये गये। इसके अलावा दालंग मैदान में ऑफ सीजन के दौरान 42 पश्च संकरण भी बनाये गये। इस तरह कुल 335 एफ$_2$, 489 एफ$_3$, 167 एफ$_4$, 88 एफ$_5$, 72 एफ$_6$, 23 एफ$_7$ और 24 एफ$_8$ पोपुलेशन का सघन परिस्थितियों में पीले एवं भूरे रतुआ रोगों के प्रति परख की गई। रोग प्रतिरोधकता, सस्य गुणों एवं उपज घटकों के आधार पर उक्त द्रव्य सामग्री से कुल 8326 बालियों का चयन किया गया। वर्ष 2018 के ग्रीष्मकाल के दौरान दालंग मैदान में 128 एफ$_1$, 890 एफ$_5$, और 132 विदेशी चयन सामग्री का पीढ़ी वर्धन किया गया।

उन्नत पुंजों का मूल्यांकन

वर्ष 2017–18 के दौरान प्रारम्भिक उपज परीक्षण में 153 उन्नत पुंजों का मूल्यांकन उचित चेक्स के सापेक्ष पीले एवं भूरे रतुए की सघन परिस्थितियों में किया गया। इनमें से 64 लाईने सिंचित तथा समय से बुवाई वाली दशा मे, अन्य 64 लाईनें सीमित सिंचाई तथा समय से बुवाई तथा शेष 25 लाईनो को सिंचित तथा देर से बुवाई वाली दशाओं में परखा गया। पीले रतुए की तीव्रता 0–60 एस. के बीच जबकि भूरे रतुए की तीव्रता 0–40 एस के बीच पाई गई। इनमें से 13 लाईने आई आर–टीएस ट्रायल मे, 11 लाईने आर.आई–टीएस ट्रायल में तथा 10 लाईने आई.आर. –एल.एस. ट्रायल मे उपज क्षमता तथा रोगरोधिता के मामले मे चेक किस्मों से बेहतर पाई गई।

एस.डी.एस.एन. एवं एस.एस.एन. में योगदान

वर्ष 2017–18 के दौरान 10 जल्दी पकने वाली प्रभेदों का योगदान एस.डी.एस.एन. में तथा 37 भिन्न पृथक्कीकृत पोपुलेशन को एस.एन.एन. मे दिया गया एस.डी.एस.एन. में लगातार चार वर्षों तक (2014–2018) तीन प्रभेदों (आर.डब्ल्यू.पी. 2013–09, आर.डब्ल्यू.पी. 2013–10 एवं आर.डब्ल्यू.पी. 2013–018) ने चेक्स से बेहतर प्रदर्शन किया।

शुद्धता परख एवं बीजों का गुणन

फसल वर्ष के दौरान 26 प्रविष्टयों को संस्थान के स्टेशन ट्रायल में, 12 प्रविष्टयों (डी.बी.डब्ल्यू. 256, डी.बी.डब्ल्यू. 258, डी.बी. डब्ल्यू. 259, डी.बी.डब्ल्यू. 260, डी.बी.डब्ल्यू. 265, डी.बी.डब्ल्यू. 266, डी.बी.डब्ल्यू. 267, डी.बी.डब्ल्यू. 268, डी.बी.डब्ल्यू. 273, डी. बी.डब्ल्यू. 274, डी.बी.डब्ल्यू. 280) को एन.आई.वी.टी. में तथा तीन प्रविष्टयों (डी.बी.डब्ल्यू. 187, डी.बी.डब्ल्यू. 223, डी.बी. डब्ल्यू. 237,) को ए.वी.टी. के मद्देनजर रखते हुए इनका बीज गुणन किया इनके अतिरिक्त संस्थान द्वारा पूर्व में विमोचित की गई किस्मों (डी.बी.डब्ल्यू. 14, डी.बी.डब्ल्यू. 16, सी.बी.डब्ल्यू. 38, डी.बी.डब्ल्यू. 90, डी.पी.डब्ल्यू 621–50, डब्ल्यू.बी 2, डी.बी.डब्ल्यू. 173, एवं डी.बी.डब्ल्यू. 187) का बीज चेक्स के रूप मे आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये पैदा किया गया।

उत्तर पूर्वी क्षेत्रों के लिये गेहूँ का प्रजनन कार्यक्रम

जननद्रव्यों का पंजीकरण

वर्ष 2018–19 के दौरान डी.बी.डब्ल्यू. 218 (आई.एन.जी.आर. 18010) और डी.बी.डब्ल्यू. 150 (आई.एन.जी.आर. 17005) नामक दो आनुवंशिक सम्भारों का पंजीकरण क्रमशः देर से बुआई की दशा में उच्च सेडिमेन्टेशन वैल्यू एवं उच्च प्रोटीन और उच्च ताप मान के

तालिका 1.11 वर्ष 2018–19 के दौरान विभिन्न एन.आई.वी.टी. में मूल्यांकन के लिए दिये गए गेहूँ के विभिन्न प्रभेद

डी.बी.डब्ल्यू. एसटी–आई डी	प्रभेद	वंशावली	परीक्षण
एलबीपी 2017–03	डी.बी.डब्ल्यू. 285	पी बी डब्ल्यू 550 / एस डब्ल्यू 89–5422	एनआईवीटी–1बी
एलबीपी 2017–08	डी.बी.डब्ल्यू. 292	डी बी डब्ल्यू 71 / बीएच1146	एनआईवीटी–3ए
एलबीपी 2017–10	डी.बी.डब्ल्यू. 293	डी.बी.डब्ल्यू. 14 / जीडब्ल्यू 173	एनआईवीटी–3ए
एलबीपी 2017–13	डी.बी.डब्ल्यू. 295	सी 306 / एचडी 2967	एनआईवीटी–3बी
एलबीपी 2017–14	डी.बी.डब्ल्यू. 298	एनपी 846 / एचयू डब्ल्यू 468	एनआईवीटी–5ए
एलबीपी 2016–05	डी.बी.डब्ल्यू. 277	एनपी 5439 / एमएसीए 2496	एवीटी–आर आई

प्रति अत्यधिक सहनशील गुणों के लिये दिल्ली में स्थित आई.सी.ए.आर.–एन.बी.पी.जी.आर. में कराया गया। इनके अतिरिक्त प्रभेद बी. एच. 1146 को स्पॉट ब्लोच रोधिता एवं जल भराव सहिष्णु गुणों के आवश्यक पंजीकरण के लिए जमा किया गया है।

संकरण एवं पीढ़ी उन्नयन

आनुवंशिक आधार बढ़ाने, जैविक तथा अजैविक कारकों के प्रति रोधिता बढाने एवं गुणवत्ता मे सुधार को ध्यान में रखते हुये वर्ष 2017–18 के दौरान 138 नये संकर संयोजन बनाये गये। इनकी प्रथम पीढ़ी को उन्नयन के लिये ग्रीष्म काल में दालंग मैदान में लगाया गया तथा साथ ही साथ कुछ छूटे हुये संकरणों को भी बनाया गया। इस वर्ष फसल मौसम में इन सभी एफ$_1$ को करनाल मुख्य फार्म पर उगाया गया। इन एफ$_1$ के अतिरिक्त 152 एफ$_2$, 90 एफ$_3$, 128 एफ$_4$ और 163 एफ$_3$ को उगाया गया। इनके अलावा 34 एफ$_6$, 19 एफ$_7$ और 12 एफ$_8$ को आनुवंशिक सुधार के लिये उपयोग करते हुये इनमें से वांछित गुणों वाले प्रभेदों का चयन किया गया।

राष्ट्रीय परीक्षणो में योगदान

प्रभेद डी.बी.डब्ल्यू. 277 को ए.वी.टी.–आर.आई.–टी.एस.–सी. जेड मे पदोन्नत किया गया जबकि अन्य पाँच प्रभेदों (तालिका 1. 11) को विभिन्न एन.आई.वी.टी.एस. में पदोन्नत किया गया। इन सबके अतिरिक्त एक अन्य प्रभेद डी.बी.डब्ल्यू. 250 (कम एच.एस. आई. मान वाली) को एम.एल.एच.टी. परीक्षण में चेक के तौर पर योगदान दिया गया।

राष्ट्रीय नर्सरियों में योगदान

2018–19 के दौरान पाँच प्रभेद (एल.बी.पी. 2017–18, एल.बी.पी. 2017–19, एल.बी.पी. 2017–20, एल.बी.पी. 2017–21 और एल. बी.पी. 2017–22) का योगदान लवणीय / क्षरीय नर्सरी में, दो प्रभेदों (डी.बी.डब्ल्यू. 277, डी.बी.डब्ल्यू. 150) को एम.एल.एच.टी. मे दिया गया। इनके अतिरिक्त 25 प्रभेदो का योगदान एन.जी. एस.एन. में तथा पाँच प्रभदों (एल.बी.पी. 17–2, एल.बी.पी.17–7, एल.बी.पी. 17–14, एल.बी.पी. 17–18 तथा एल.बी.पी. 17–26) कोएस.डी.एस.एन. में दिया गया।

स्टेशन ट्रायल तथा पी.वाई.टी. में योगदान

संस्थान के स्टेशन ट्रायल में कुल 20 प्रविष्टियों को विभिन्न आँचल की भिन्न परिस्थितियों में जाँचने के लिये प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त 84 प्रविष्टियों को संस्थान की पी.वाई.टी. में मूल्यांकन हेतू दिया गया।

उत्तर पूर्वी भारत में जनन सामग्री का सांझाकरण

पूर्वी क्षेत्रों के लिये अगेती (पुष्पण एवं पठिपक्वता में) एवं अधिक पैदावार वाली उपयुक्त प्रभेदों को पता लगाने के उद्देश्य से सात विभिन्न स्थानों (साबौर, कूचबिहार, कल्याणी, शिलोगंनी, राँची, पूसा एवं फैजाबाद) पर दो अलग–अलग तिथियों (समय से तथा विलम्ब से बुवाई) मे नोर्थ ईस्टर्न स्पेशल ट्रायल (एन.ई.एस. टी.) लगाया गया। इस ट्रायल मे पाँच चेक्स (डी.बी.डब्ल्यू. 39, डी.बी.डब्ल्यू. 187, डी.बी.डब्ल्यू. 107, एच.डी. 2967 एवं राज 3765) सहित कुल 46 प्रविष्टियाँ थी (तालिका 1.12)।

तालिका 1.12 वर्ष 2018–19 के दौरान चयनित किए गये गेहूँ के विभिन्न प्रभेद

केन्द्र	आशाजनक चयन	
	समय से बुवाई	देर से बुवाई
असम	एनईएसटी 17–42 (पीबीडब्ल्यू 550 / बीएच 1146) एनईएसटी 17–37 (राज 3765 / यूपी 2382)	एनईएसटी 17–36 (एन आई 5439 / एमएसी एस 2496)
आरपीसीएयू (बिहार)	–	एनईएसटी 171 (एचयूडब्ल्यू 234 वाई एम 6)

आशाजनक दाता एवं ग्राही वंशावली की पहचान के लिए कृत्रिम मूल्यांकन

वाँछित गुणों वाले दाता में एवं ग्राही पित्रों का पता लगाने के लिये 107 प्रभेदों के एक सेट को दो पोली हाउस मे लगाया गया। रोग रोधी प्रदाता के पौधों का पता लगाने के लिए उनमें कृत्रिम तरीके से बीमारी के रोगजनकों का छिड़काव कर आंकलन किया गया।

कार्यिकी गुणों के लिए गेहूँ की पित्र लाइनो का मूल्यांकन

संकरण कार्यक्रम में वांछित कार्यिकी गुणों वाले पित्रों को शामिल करने के उद्देश्य से 66 उन्नत लाईनो में ऋतु सम्बन्धी एवं शरीर कार्यकी से सम्बन्धित गुणों के आकँड़े लिये गए। दानो की उपज का एन.डी.वी.आई., पर्णहरित, स्वांगीकरण दर तथा डब्ल्यू.यू.ई. के साथ धनात्मक सहसम्बन्ध पाया गया। इनमें पाँच किस्मों सहित 13 लाईने उच्च उपज एवं उच्च कार्यकी गुणों वाली पाई गई। (तालिका 1.13)

तालिका 1.13 पैदावार एवं फिजियोलोजिकल गुणों के लिए प्रोमोज़िंग लाइनें

प्रभेद	दानो की उपज (ग्रा/प्लॉट)	कैनोपी तापमान (डीग्रीग्रेड)	एनडीवीआई	क्लोरोफिल चमक (एफवी/एफएम)	क्लोरोफिल कंटेंट	रंध्र चालन	स्वागींकरण दर	जल उपयोग दक्षता
एलबीपी 2017.12	836.8	22.5	0.66	0.746	0.048	589.5	25.2	2.3
एलबीपी 2017.10	622.5	22.8	0.76	0.752	0.038	455.3	24.5	2.5
एलबीपी 2017.19	608.5	21.1	0.72	0.780	0.044	721.5	20.5	2.0
एलबीपी 2017.9	579.3	22.9	0.70	0.768	0.044	751.5	20.0	1.8
एलबीपी 2017.4	530.8	22.5	0.62	0.748	0.049	394.8	21.0	2.4
डीबीडब्ल्यू 14	500.5	21.1	0.70	0.776	0.044	772.3	24.1	2.2
एलबीपी 2017.14	491.8	23.4	0.74	0.764	0.048	806.8	22.6	1.9
डीबीडब्ल्यू 39	440.5	22.6	0.61	0.747	0.046	503.8	20.2	2.2
एलबीपी 2017.24	438.0	23.4	0.70	0.749	0.048	465.5	20.7	2.2
एलबीपी 2017.17	392.8	22.5	0.63	0.728	0.047	757.8	21.1	2.0
सीबीडब्ल्यू 38	306.5	22.5	0.73	0.744	0.039	529.3	23.4	2.4
एलबीपी 2017.13	274.5	23.0	0.74	0.753	0.045	647.0	24.1	2.2
एलबीपी 2017.8	217.0	21.3	0.70	0.800	0.045	858.5	23.0	2.1

व्हीट ब्लास्ट रोग की आशंका को ध्यान में रखते हुए गेहूँ में अग्रिम प्रजनन कार्यक्रम की शुरूआत

गेहूँ में ब्लास्ट रोग की आशंका को ध्यान में रखते हुए एन्टीसीपेटरी व्हीट ब्लास्ट स्क्रीनिंग नर्सरी (ए.डब्ल्यू.बी.एस.एन) का गठन किया गया। इस नर्सरी मे कुल 88 प्रविष्टियों को शामिल करके पूर्वी राज्यों (असम, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड, मेघालय एवं मणिपुर) में आठ स्थानों पर लगाया गया। वर्ष 2018–19 के दौरान फिर पश्चिमी बंगाल मे किसानों, सीमा सुरक्षा बल के अधिकारियों के साथ सम्पर्क करके इस बीमारी के प्रति जागरूकता बढ़ाई गई।

एम.ए.बी.बी. द्वारा गेहूँ मे स्पॉट ब्लॉच रोग के प्रति रोधकता बढ़ाना

एम.ए.बी.बी. द्वारा गेहूँ में स्पॉट ब्लाच रोग के प्रति रोधकता बढ़ाने के लिये प्रभेद बी.एच. 1146 को दाता पित्र के रूप में तथा प्रभेद एच.डी. 2967 को ग्राही पित्र के रूप में प्रयोग किया गया। दाता पित्र से स्पॉट ब्लॉच की प्रति रोधकता के लिए 2 जीनो क्यू.एस. बी.आई.आई.डब्ल्यू.बी.आर.–7 बी. को ग्राही पित्र एच.डी. 2967 की पृष्ठभूमि मे स्थानांतरित किया गया। संकर बीजों (F_1) को वर्ष 2017–18 के दौरान लगातार मॉलिक्यूलर मार्कर की सहायता से वास्तविक रूप से प्रतिरोधी जीन वाले पौधों को चिन्हित किया गया। प्रतिरोधी पौधों को पुनः एच.डी. 2967 पित्र द्वारा संकरित करके बी.सी. F_1 पौधे तैयार किये गये। इसी प्रकार वर्ष 2018–19 के दौरान 890 बी.सी. F_1 पौधों को प्रतिरोधी जीनो के लिये परखा गया। और इस परख में पाये गये रोधी पौधो को पुनः एच.डी. 2967 के साथ संकरण करके बी.सी.$_2$ F_1 तैयार किये गये।

उष्णीय क्षेत्रों के लिए गेहूँ सुधार कार्यक्रम

भारत के मध्य और प्रायद्वीय में बदलती जलवायु परिस्थितियों ने फसल अवधि के दौरान गेहूँ की फसल को उच्च तापमान से उद्यत कर दिया है, विशेष रूप से सीमित जल उपलब्धता की स्थिति में। ऐसी स्थितियाँ दानो के भराव को प्रभावित करती हैं और परिणामस्वरूप पैदावार में कमी आती है। रतुआ और पूर्ण

धब्बा एक अन्य जैविक कारक हैं जो व्यापकता की स्थिति में फसल को नुकसान पहुंचाते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए, उष्ण जलवायु परिस्थितियों लिए उपयुक्त उच्च उपज, रोग प्रतिरोधी गेहूँ जीनोटाइप विकसित करने के प्रयास किये गए हैं। इस कार्यक्रम की मुख्य उपलब्धियों को नीचे प्रस्तुत किया गया है।

नए क्रॉस संयोजन और उनका मूल्यांकन

गर्म क्षेत्रों के लिए वांछनीय लक्षणों को शामिल करने के लिए कुल 254 नए क्रॉस संयोजनों का प्रयास किया गया। इन क्रॉस में आनुवंशिक आधार को व्यापक बनाने के लिए पैरेंट्स के रूप में सिंथेटिक्स, एलीट लाईने, जर्मप्लाज्म, एलीट राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय नर्सरी / परीक्षणों से लाईने शामिल थी। 2016–17 में किए गए कुल 232 एफ1 का मूल्यांकन 9 चेक (एच.डी. 3086, एच.डी. 2967, डी.बी.डब्ल्यू. 71, डी.बी.डब्ल्यू. 90, जी.डब्ल्यू. 322, एम.ए.सी.एस. 6222, एच.आई. 1544, डी.बी.डब्ल्यू. 110 और डी. बी.डब्ल्यू. 93) के साथ उपज और घटक लक्षणों के लिए किया गया सबसे अच्छी संकर ओज का अनुमान (एच.डी. 2967) से अधिक पैदावार के लिए लगाया गया और इसकी सीमा– 74.2 से 45.4 प्रतिशत देखी गई। सकारात्मक हेटरोसिस वाले 31 एफ1 में से 7 ने 25 प्रतिशत से अधिक मानक ओजस्विता दिखाई (तालिका 1.14)। ये आशाजनक संयोजन अगली पीढ़ियों में सटीक मूल्यांकन के लिए पहचाने गए।

तालिका 1.14 : प्रथम पीढ़ी में ओजस्वी संकरण

संकरण	एचडी 2967 के सापेक्ष ओजस्विता प्रतिशत
44 आईबीडब्ल्यूएसएन 1157 / 27 एसएडब्ल्यूएसएन 3131	45.4
44 आईबीडब्ल्यूएसएन 1172 / 22 एसएडब्ल्यूवाईटी 335	44.3
44 आईबीडब्ल्यूएसएन 1291 / 461 बीडब्ल्यूएसएन 1245	42.8
46 आईबीडब्ल्यूएन 1095 / 19 एसएडब्ल्यूवाईटी 302	34.7
8 ईबीडब्ल्यूवाईटी 55 / 8 ईबीडब्ल्यूवाईटी 78	33.9
19 एसएडब्ल्यूवाईटी 347 / 44 आईबीडब्ल्यूएसएन1189	26.6
44 आईबीडब्ल्यूएसएन1065 / 46 आईबीडब्ल्यूएसएन1107	22.2

विभिन्न पीढ़ियों में प्रजनन सामग्री का मूल्यांकन

वर्ष 2017–18 के दौरान 960 क्रॉस संयोजनों वाले विभिन्न फिलियल पीढ़ीयों में उन्नत लाइनों के सेग्रीगैटिंग सामग्री का मूल्यांकन किया गया। रोग प्रतिरोधिता के लिए सामग्री की स्क्रीनिंग के लिए कृत्रिम एपिफाइटोटिक स्थितियों का निर्माण किया गया था, विशेष रूप से पीला रतुआ के लिए प्रतिरोधिता जाँच के लिए इन पंक्तियों से, पौधे के प्रकार, परिपक्वता अवधि, रोग प्रतिरोधिता, दाने के वजन, टिलर क्षमता और दानों की संख्या के आधार पर 5500 एकल बालियों और 136 उन्नत बल्क का चयन किया गया (तालिका 1.15)।

तालिका 1.15 विभिन्न पीढ़ियों में प्रजनन सामग्री का मूल्यांकन

संतति	मूल्यांकित किये गए संकरणों की सख्या	एकल बाली चयन संख्या
एफ2	384	328 संकरण
एफ3	193	2158 बालियाँ
एफ4	162	1460 बालियाँ
एफ5	106	1050 बालियाँ
एफ6	68	505 बालियाँ, 104 पुंज
एफे7	47	32 पुंज
कुल	960	5500 (बालियाँ) + 136 पुंज

पी.वाई.टी. में उन्नत पुंजों का मूल्यांकन

उन्नत पुंजों का एक 120 का सेट 10 चेक के साथ (एच.डी. 3086, एच.डी. 2967, डब्ल्यू.एच. 1105, डी.बी.डब्ल्यू. 71, डी.बी. डब्ल्यू. 90, के. 0307, डी.बी.डब्ल्यू. 107, डी.बी.डब्ल्यू. 110, एच. डी. 2932 और डी.बी.डब्ल्यू. 93) 6.0 मीटर लंबाई की छह पंक्ति भूखंड में समय पर बोई गई सिंचित परिस्थितियों में विभिन्न उपज लक्षणों का दो पुनरावृत्ति कर मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा, इसी सेट का 2.5 मी लंबाई की डबल पंक्ति भूखंड में सीमित सिंचाई के तहत परिस्थितियों दो पुनरावृत्ति मूल्यांकन में किया गया। विभिन्न सिंचाई परिस्थितियों में विभिन्न लक्षणों के लिए एक विस्तृत रेंज देखी गई (तालिका 1.16)।

तालिका 1.16 : पी.वाई.टी. (2017–18) में विभिन्न अभिगुणों के लिए जीनोटाइप का प्रदर्शन विवरण

अभिगुण	सिंचित		सीमित सिंचाई	
	विस्तार	औसत	विस्तार	औसत
पुष्पन काल (दिन)	83–102	94	80–100	91
पकने का समय (दिन)	122–137	132	123–133	130
पौधे की ऊँचाई (सें. मी.)	92–134	107	77–128	99
कल्लों की संख्या (प्रति मीटर)	62–165	102	65–189	115
बाली की लम्बाई (सें. मी.)	9–18	12	9–17	11
प्रति बाली दानों की संख्या	44–99	71	42–98	68
1000 दानो का भार (ग्रा.)	26–50	37	21–50	35
दानो की उपज (ग्रा.)	24.0–71.0	51.2	18.6–72.6	43.2
जैविक उपज (टन प्रति है.)	12.2–19.9	15.9	10.7–23.2	15.9

उपज और रोग प्रतिक्रियाओं के आधार पर, निम्नलिखित प्रविष्टियों को आशाजनक पाया गया और उन्हें आई.आई.डब्ल्यू. बी.आर.,करनाल के स्टेशन परीक्षणों में पदोन्नत किया गया (तालिका 1.17)।

तालिका 1.17 : 2017–18 के दौरान स्टेशन परीक्षणों में अच्छी प्रविष्टियों का प्रदर्शन

प्रविष्टि	उपज (कु. है.)	पुष्पन (दिन)	परिपक्वता (दिन)	पौधों की ऊँचाई (से.मी.)	1000 दानों का भार (ग्रा.)	पीला रतुआ स्कोर
स्टेशन ट्रायल 1 (आईआर–टीएस)						
पीवाईटी 2017–114	69.9	93	129	112	48	0
पीवाईटी 2017–7	67.9	93	132	104	40	5 एस
पीवाईटी 2017–89	67.4	97	133	105	37	0
पीवाईटी 2017–104	66.3	97	131	110	36	0
पीवाईटी 2017–66	63.4	86	131	108	45	5 एस
पीवाईटी 2017–86	63.2	97	135	110	35	0
एचडी 3086 (चेक)	61.8	90	130	107	38	10 एस
स्टेशन ट्रायल 2 (आईआर–टीएस)						
पीवाईटी 2017–90	65.1	97	133	108	42	0
पीवाईटी 2017–96	62.8	92	133	101	42	5 एस
पीवाईटी 2017–97	62.3	97	133	110	38	5 एस
जी डब्ल्यू 322 (चेक)	51.7	90	129	101	37	40 एस
स्टेशन ट्रायल 3 (आईआर–एलएस)						
पीवाईटी 2017–33	60.3	93	131	115	41	10 एस
पीवाईटी 2017–44	60.0	92	131	106	39	0
पीवाईटी 2017–17	59.4	97	133	114	38	0
पीवाईटी 2017–93	59.4	92	131	101	33	10 एस
पीवाईटी 2017–107	59.2	91	129	111	43	0
पीवाईटी 2017–62	59.1	90	135	106	36	10 एस
एचडी 2932 (चेक)	48.9	91	131	111	38	40 एस
स्टेशन ट्रायल 4 (टीएस–आरआई)						
पीवाईटी 2017–113	72.6	92	131	102	35	
पीवाईटी 2017–37	70.4	97	131	103	43	
पीवाईटी 2017–60	59.6	90	132	100	31	
पीवाईटी 2017–24	59.0	97	131	94	30	
पीवाईटी 2017–106	58.0	88	130	101	32	
जी डब्ल्यू 322 (चेक)	49.6	85	124	100	37	

उपज घटक के लिए बौने जीनोटाइप्स का मूल्यांकन

अड़तीस बौनी संतातियों का चेक (डी.बी.डब्ल्यू. 93) और पंजीकृत बौनी चेक (डी.एम. 4 और डी.एम. 7) के साथ उपज और घटक लक्षणों के लिए मूल्यांकन किया गया। प्लॉट का आकार 20 सें.मी. चौड़ाई एवं 2.5 मीटर लंबाई की डबल पंक्ति था। इनमें अध्ययन किए गए लक्षणों के लिए परिवर्तनशीलता की एक विस्तृत रेंज देखी गई। औसत पौधे की ऊंचाई 69 सें.मी. (62–75 सें.मी.) थी और औसत उपज 46.2 कुंतल प्रति हैक्टर (21.2 से 71.7 कुंतल प्रति हैक्टर की सीमा) था। औसत बाली आने की और परिपक्वता की अवधि क्रमशः 95 दिन (रेंज 86–99 दिन) और 131 दिन (रेंज 129–133 दिन) थी। आमतौर पर, इन जीनोटाइप में लंबी स्पाइक्स (औसत 13 सें.मी.), स्पाइक प्रति अधिक स्पाइकलेट (औसत 24) और उच्च दाना संख्या (औसत 72) होती औसत उपज सूचकांक 34.2 प्रतिशत था जबकि रेंज 24.9 से 39.7 प्रतिशत तक थी। कम पौधे की ऊंचाई के बावजूद, उच्च दाने की पैदावार को औसत 125 टिलर के साथ 78–198 टिलर/मीटर पंक्ति लंबाई बहुत उच्च टिलरिंग क्षमता को कारण माना गया। दाने की उपज के आधार पर, आशाजनक प्रविष्टियों की पहचान की गई थी (तालिका 1.18) जिसे परिवर्तनशील इनपुट स्थितियों में एग्रोनोमिक उपयुक्तता के लिए आगे मूल्यांकन किया जा सकता है।

तालिका 1.18 : उपज घटक लक्षणों के लिए अच्छे बौने जीनोटाइप

जीनोटाइप	उपज प्रति (कु. है.)	पौधों की ऊँचाई (से.मी.)	पुष्पन (दिन)	परिपक्वता (दिन)	कल्लों की संख्या	बाली की लम्बाई	स्पाइकलेट प्रति बाली	1000 दानों का भार (ग्रा.)	प्रति बाली दानों की संख्या	हार्वेस्ट इन्डेक्स (प्रतिशत)	पीला रतुआ
डब्ल्यूएपीडी 1537	71.8	74	97	131	130	12	23	32	70	35.9	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1521	67.4	69	94	131	134	14	23	36	83	39.7	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1531	61.4	70	94	132	140	12	23	29	95	36.1	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1505	60.0	74	89	131	198	13	23	32	67	33.3	30एस
डब्ल्यूएपीडी 1522	58.8	70	94	132	135	12	25	30	71	34.6	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1508	58.4	69	92	131	135	13	25	38	72	38.90	
डब्ल्यूएपीडी 1511	56.8	67	98	133	153	12	23	32	72	37.90	
डब्ल्यूएपीडी 1532	56.6	64	99	131	126	11	23	35	68	35.40	
डब्ल्यूएपीडी 1512	56.0	65	97	131	150	11	23	34	74	32.9	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1519	55.4	65	96	132	113	12	23	37	68	36.9	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1527	55.2	72	97	132	130	14	23	36	64	32.5	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1526	54.0	68	96	133	170	14	23	31	73	28.4	20एस
डब्ल्यूएपीडी 1518	53.8	69	95	132	120	12	27	33	89	38.4	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1529	52.2	70	99	131	121	12	23	34	57	37.30	
डब्ल्यूएपीडी 1506	51.8	71	86	132	130	15	23	24	69	34.5	20एस
डब्ल्यूएपीडी 1536	51.4	75	98	132	148	14	23	32	87	32.1	10एस
डब्ल्यूएपीडी 1517	50.4	68	96	131	145	12	27	32	74	29.7	5 एस
डब्ल्यूएपीडी 1516	50.2	67	97	132	182	14	25	32	68	31.4	10एस
डीएम 6 (चैक)	26.2	66	91	129	163	11	27	21	64	24.9	60एस
डीएम 7 (चैक)	27.4	62	92	129	165	13	25	18	71	30.3	60एस
डीबीडब्ल्यू 93(चैक)	48.0	95	93	129	104	10	20	41	61	33.3	60एस

स्टेशन परीक्षणों के लिए योगदान

वर्ष 2017–18 के दौरान, उन्नीस प्रविष्टियों को चार अलग–अलग आई.सी.ए.आर.– आई. आई.डब्ल्यू.बी.आर. स्टेशन परीक्षणों में दिया गया था, जिनमें से छह प्रविष्टियों को एन.आई.वी.टी. 1बी. (डी.बी.डब्ल्यू. 287, डी.बी.डब्ल्यू. 288), एन.आई.वी.टी.–2 (डी.बी.डब्ल्यू. 289) एन.आई.वी.टी. 3ए. (डी.बी.डब्ल्यू. 290) एन.आई.वी.टी.–5ए (डी.बी.डब्ल्यू. 297) एवं एन.आई.वी.टी. 5बी (डी.बी.डब्ल्यू. 300) में पदोन्नत किया गया (तालिका 1.19)।

तालिका 1.19 2017–18 के दौरान आई.आई.डब्ल्यू.बी.आर. स्टेशन परीक्षणों में प्रविष्टियों का प्रदर्शन

प्रभेद	उपज प्रति (कु. है.)	रतुआ रोग की प्रतिक्रिया पीला (एसीआई)	भूरा (एसीआई)	काला रतुआ (एसीआई)	पदोन्नति परीक्षण (2017–18)
स्टेशन ट्रायल–1					
डीडब्ल्यूएपी 1705	49.7	20 एस (4.9)	5 एमआर (0.8)	–	एनआईवीटी 1बी (डीबीडब्ल्यू 287)
डीडब्ल्यूएपी 1702	49.7	40 एस (12.3)	0 (0.0)	–	एनआईवीटी 1बी (डीबीडब्ल्यू 288)
डीबीडब्ल्यू 88 (चेक)	48.8				
स्टेशन ट्रायल–2					
डीडब्ल्यूएपी 1707	58.2	–	60 एस '(13.6)	40एमआर (5.1)	एनआईवीटी 2 (डीबीडब्ल्यू 289)
एनएसीएस 6222 (चेक)	55.1				
स्टेशन ट्रायल–3					
डीडब्ल्यूएपी 1710	41.6	40 एस (10.8)	10एमआर (1.3)	–	एनआईवीटी 3ए (डीबीडब्ल्यू 290)
एचडी 2932 (चेक)	38.0				
स्टेशन ट्रायल–4					
डीडब्ल्यूएपी 1716	39.8	20एस (9.5)	5एम आर (0.7)		एनआईवीटी 5ए (डीबीडब्ल्यू 297)
डब्ल्यू एच 1142 (चेक)	37.5				
डीडब्ल्यूएपी 1718	26.4		10 एमएस (2.0)	20एमआर (2.1)	एनआईवीटी 5बी (डीबीडब्ल्यू 300)
डीबीडब्ल्यू 110 (चेक)	23.8				

समन्वित परीक्षणों में योगदान

वर्ष 2017–18 के दौरान, दो प्रविष्टियाँ डी.बी.डब्ल्यू. 221 और डी.बी.डब्ल्यू. 252 का मूल्यांकन ए.वी.टी.–आई.आर–टी.एस. और ए.वी.टी.–आर.आई.–टी.एस. में क्रमशः एन.डब्ल्यू.पी.जेड. और एन.ई.पी.जेड. दोनों में किया गया। डी.बी.डब्ल्यू. 221 को एन. डब्ल्यू.पी.जेड. के अंतिम वर्ष ए.वी.टी.–आई.आर.–टी.एस. में पदोन्नत किया गया, जबकि, डी.बी.डब्ल्यू. 252 को 2018–17 के फसल के वर्ष दौरान एन.ई.पी.जेड. के अंतिम वर्ष ए.वी.टी.–आर. आई.–टी.एस. में पदोन्नत किया गया (तालिका 1.31)। इसके अलावा, तीन प्रविष्टियों का मूल्यांकन अलग–अलग एन.आई.वी. टी. में किया गया; डी.बी.डब्ल्यू. 263 डी.बी.डब्ल्यू. 264 का एन. आई.वी.टी. 2, और डी.बी.डब्ल्यू. 271 एन.आई.वी.टी. 3बी. में लेकिन इनको अगले स्तर तक पदोन्नत नहीं किया जा सका (तालिका 1.20)।

तालिका 1.20 2017–18 के दौरान ए.वी.टी. में परीक्षण प्रविष्टियों का प्रदर्शन

प्रविष्टि	उपज (कु./है.)	रतुआ रोग की प्रतिक्रिया पीला (एसीआई)	भूरा (एसीआई)	काला रतुआ (एसीआई)	पदोन्नति परीक्षण (2018–19)
स्टेशन ट्रायल–1					
डीडब्ल्यूएपी 1705	49.7	20 एस (4.9)	5एम आर (0.8)	–	एनआईवीटी 1बी (डीबीडब्ल्यू 287)
डीडब्ल्यूएपी 1702	49.7	40एस (12.3)	0 (0.0)	–	एनआईवीटी 1बी (डीबीडब्ल्यू 288)
डीबीडब्ल्यू 88 (चेक)	48.8				
स्टेषन ट्रायल–2					
डीडब्ल्यूएपी 1707	58.2	–	60एस'(13.6)	40 एम आर (5.1)	एनआईवीटी 2 (डीबीडब्ल्यू 289)
एमएसीएस 6222 (चेक)	55.1				
स्टेशन ट्रायल–3					
डीडब्ल्यूएपी 1710	41.6	40 एस (10.8)	10 एमआर (1.3)	–	एनआईवीटी 3ए (डीबीडब्ल्यू 290)
एचडी 2932 (चेक)	38.0				
स्टेशन ट्रायल–4					
डीडब्ल्यूएपी 1716	39.8	20 एस (9.5)	5एम आर (0.7)		एनआईवीटी 5ए (डीबीडब्ल्यू 297)
डब्ल्यूएच 1142(चेक)	37.5				
डीडब्ल्यूएपी 1718	26.4		10 एम एस (2.0)	20 एमआर (2.1)	एनआईवीटी 5 बी (डीबीडब्ल्यू 300)
डीबीडब्ल्यू 110 (चेक)	23.8				

प्रजनन सामग्री का साझाकरण और बहु–स्थान मूल्यांकन

वर्ष 2017–18 के दौरान, एन.जी.एस.एन. में कुल 13 एलीट जननद्रव्य लाईनों का योगदान किया गया, जो 34 स्थानों पर चेक किस्मों सोनालिका और एच.डी. 2967 के साथ लगाए गए। सभी 34 स्थानों के डेटा को विभिन्न उपज घटक लक्षणों के लिए इकट्ठे कर विश्लेषण किया, जिसमें उपज घटक लक्षणों के लिए परिवर्तनशीलता की एक विस्तृत रेंज देखी गई (तालिका 1.21)। सभी स्थानों में उपज घटक लक्षणों के लिए समग्र प्रदर्शन के आधार पर, जीनोटाइप्स डी.डब्ल्यू.ए.पी. 1531, पी.एच.एस.एल. 5 और पी.एच.एस.एल. 10 ने संबंधित सर्वोत्तम चेक किस्मों की तुलना में संयोजन में तीन या अधिक लक्षणों के लिए बेहतर प्रदर्शन दिखाया (तालिका 1.21)। इसके अलावा, 25 सेग्रीगेटिंग पॉपुलेशन को 20 गेहूँ प्रजनन केंद्रों के साथ सेग्रीगेटिंग स्टॉक नर्सरी (एस.एस.एन.) के माध्यम से सांझा किया गया, जिसमें 41. 2 प्रतिशत उपयोग पाया गया ।

डी.बी.डब्ल्यू. 278: उच्च उपज, सेडिमेंटेशन मूल्य और रोग प्रतिरोधकता के साथ अतिविलम्ब से बोई गई स्थिति के लिए चपाती गेहूँ की नई किस्म

गन्ने–गेहूँ, सब्जी मटर–गेहूँ, आलू–गेहूँ फसल चक्र के अंतर्गत मैदानी इलाक़ों में गेहूँ के ऐसे जीनोटाइप की ज़रूरत होती है, जिसे जनवरी के महीने में बहुत देर से बोई गई परिस्थितियों में लगाया जा सकता हो। जीनोटाइप डी.बी.डब्ल्यू. 278 (पी.एच. एस. 714/यू.पी. 2425) का मूल्यांकन उत्तर–पश्चिमी मैदानी क्षेत्र और उत्तर–पूर्वी मैदानी क्षेत्र में बहुत देर से (जनवरी) बोई गई परिस्थितियों में तीन चेक किस्मों डी.बी.डब्ल्य. 14, डी.बी. डब्ल्यू. 71 और डब्ल्यू. आर. 544 विशेष परीक्षण (एस.पी.एल. –वी.एल.एस.) में किया गया। एन.डब्ल्यू.पी.जेड. और एन.ई. पी.जेड. के 13 स्थानों से परीक्षण डेटा विश्लेषण के लिए पूल किया गया और इससे डी.बी.डब्ल्यू. 278 (32.5 कुंतल/हैक्टर) की उपज श्रेष्ठता पायी गयी जिसमें जनवरी में बोई गई परिस्थितियों में 43.8 कुं/हैक्टर की उच्चतम उपज क्षमता थी। छह स्थानों के नमूनों का गुणवत्ता लक्षणों लिए भी विश्लेषण किया गया जिसमें किस्म डी.बी.डब्ल्यू. 71 की तुलना में बेहतर अनाज की गुणवत्ता, चपाती बनाने की गुणवत्ता और अनाज पोषक घटकों की जाँच की गई (तालिका 1.21)। इसे पी.पी.एस.एन. में भूरा रतुआ, करनाल बंट और फ्लैग स्मट बीमारियों के लिए प्रतिरोधी के रूप में भी वर्गीकृत किया गया और इसे गेहूँ के सुधार कार्यक्रमों के लिए विशेषतः बहुत देर से बोए गए परिस्थितियों में अनुकूलन क्षमता संभावित डोनर के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।

तालिका 1.21 उत्तरी मैदानों क्षेत्रों में बहुत देर से बोई गई परिस्थिति में डी.बी.डब्ल्यू. 278 और चेक का उपज, गुणवत्ता और प्रतिरोध के लिए जाँच प्रदर्शन

अभिगुण	डीबीडब्ल्यू 278 औसत (विस्तार)	डीबीडब्ल्यू 71 (चेक) औसत (विस्तार)	डब्ल्यू आर 544 (चेक) औसत (विस्तार)	डीबीडब्ल्यू 14 (चेक) औसत (विस्तार)
उपज एवं सहायक गुण				
दानों की उपज (कु./है.)	32.5 (17.2–43.8)	31.1 (20.8–42.8)	27.7 (16.2–40.0)	31.0 (20.4–40.5)
परिपक्वता	97 (83–107)	99 (87–108)	95 (77–105)	97 (80–107)
पौधे की ऊँचाई	90 (71–102)	80 (67–87)	85 (65–98)	76 (59–89)
1000 दानों का भार	37.5 (28–43)	32.5 (24–44)	34.5 (24.39)	36.0 (24–44)
गुणवत्ता				
अवसादन (मि.ली.)	67.0 (65.6–69.7)	51.1 (47.9–54.1)	47.9 (41.7–50.7)	51.1 (46.8–54.4)
प्रोटीन (%)	13.2 (11.9–14.1)	12.8 (11.3–13.7)	13.3 (11.8–14.1)	12.9 (11.6–13.6)
दानो का रूप (जीएएस)	6.6 (5.5–8.0)	6.5 (5.5–7.5)	3.4 (2.0–6.5)	5.6 (5.0–6.0)
रोग प्रतिरोधक्ता				
भूरा रतुआ (एसीआई/एचएस)	5.7 (30एस)	11.3 (40एस)	7.8 (30एस)	14.0 (60एस)
करनाल बंट (एवी/एचएस)	4.0 (7.1)	14.8 (41.3)	4.5 (11.4)	4.0 (59.2)
ध्वज कंड (एवी/एचएस)	1.4 (5.7)	14.4 (54.6)	10.8 (37.5)	7.3 (25.0)

संकर गेहूँ का विकास

सी.एम.एस. (ए.) और रेस्टोरर (आर.) लाईनों का भारतीय आनुवंशिक पृष्ठभूमि विविधीकरण सीमिट (सिमेट) के सोलह सीएमएस स्रोत, सी.एम.एस. 2ए, सी.एम.एस. 5ए, सी.एम.एस. 6ए, सी.एम.एस. 7ए, सी.एम.एस. 10ए, सी.एम.एस. 15ए, सी.एम.एस. 17ए, सी.एम.एस 18ए, सी.एम.एस 24ए, सी.एम.एस. 26ए, सी. एम.एस. 28ए, सी.एम.एस. 30ए, सी.एम.एस. 1एन.ए. सी.एम. एस. 2एन.ए. और सी.एम.एस. 3एन.ए. को संबंधित अनुचर लाईनों जो 100 प्रतिशत नर बंध्यता दिखाते हैं के साथ नियंत्रित परागण के माध्यम से कायम रखा गया। इसके अतिरिक्त, 73 नए विविध सी.एम.एस. लाईनों को 24 अलग–अलग भारतीय आनुवंशिक पृष्ठभूमि में विकसित किया गया जिनमें पूर्ण मेल स्टरलिटी 100 प्रतिशत पायी गयी (तालिका 1.22)। संकर विकास कार्यक्रम में आगे उपयोग के लिए नियंत्रित परागण के माध्यम से इन लाईनों को अनुचर लाईनों के साथ कायम रखा गया। अतिरिक्त, एग्रोनोमिक पृष्ठभूमि में विविधीकरण हेतु 260 सीएमएस लाईनें 58 भारतीय किस्मों के विभिन्न बैक क्रॉस पीढ़ियों में हैं।

रिस्टोरर स्रोतों में विविधता लाने के लिए, प्रजनन रिस्टोरर लाईनों को पी.बी.डब्ल्यू. 343 और डी.बी.डब्ल्यू. 17 के साथ संकरण किया गया, जिसके परिणामस्वरूप 13 नई रिस्टोरर लाईनें विकसित हुईं। इनके अतिरिक्त, 60 नई रिस्टोरर लाईनें भारतीय गेहूँ किस्मों के 27 विविध आनुवंशिक पृष्ठभूमि में बी.सी. 7 पीढ़ी में हैं।

तालिका 1.22 भारतीय गेहूँ की आनुवंशिक पृष्ठभूमि में विकसित नई सी.एम.एस. लाईनें

लाईन नम्बर	वंशावली (लाईन ए)	पुष्पन (दिन)	पौधे की ऊँचाई (से.मी.)	परिपक्वता (दिन)	आधार लाईन बी	पुष्पन (दिन)	पौधे की ऊँचाई (से.मी.)	परिपक्वता (दिन)
डीसीएमएस 1	सीएमएस 1ए / पीबीडब्ल्यू 343	96	91	136	पीबीडब्ल्यू 343	95	92	136
डीसीएमएस 2	सीएमएस 101ए / पीबीडब्ल्यू 343	97	88	136	पीबीडब्ल्यू 343	95	87	137
डीसीएमएस 3	सीएमएस 111ए / पीबीडब्ल्यू	97	94	137	पीबीडब्ल्यू 343	95	95	138
डीसीएमएस 4	सीएमएस 121ए / पीबीडब्ल्यू 343	97	96	138	पीबीडब्ल्यू 343	96	93	136
डीसीएमएस 5	सीएमएस 13 1ए / पीबीडब्ल्यू 343	95	102	138	पीबीडब्ल्यू 343	95	97	139
डीसीएमएस 6	सीएमएस 17 1ए / पीबीडब्ल्यू 343	95	94	137	पीबीडब्ल्यू 343	95	95	137
डीसीएमएस 7	सीएमएस 20ए / पीबीडब्ल्यू 343	94	103	136	पीबीडब्ल्यू 343	95	97	138
डीसीएमएस 8	सीएमएस 3 ए / डीबीडब्ल्यू 17	91	98	138	डीबीडब्ल्यू 17	94	92	137
डीसीएमएस 9	सीएमएस 5ए / डीबीडब्ल्यू 17	92	91	138	डीबीडब्ल्यू 17	94	88	139
डीसीएमएस 10	सीएमएस 8 ए / डीबीडब्ल्यू 17	91	92	138	डीबीडब्ल्यू 17	94	93	140
डीसीएमएस 11	सीएमएस 10 ए / डीबीडब्ल्यू 17	91	88	139	डीबीडब्ल्यू 17	94	92	138
- गाँव कुंजपुरा, सुभरी, रासीना और हजवाना में पत्ती का माँहू एवं गुलाबी तना बेधक मध्यम से गंभीर प्रकोप पाया गया । इसके अलावा पत्ती के माँहू और गुलाबी तना बेधक का प्रकोप लाडवा, यमुनानगर, नूरपुर बेदी, आनंदपुर सहिब, अभय कलां, रोपड़, बजरूर एवं बनुर में पाया गया । प्रभावित क्षेत्रों में कोक्सीनेलिड बीटल के ग्रब और वयस्कों को भी देखा गया।



चित्र 2.2 : गेहूँ में पत्ती के माँहू के संक्रमण से पहले और बाद में जीन की अभिव्यक्ति (5)गेहूँ में माहूँ से सम्बंधित सूक्ष्मजैव विविधता का विशेषीकरण

- पंजाब में, पत्ती का माँहू का प्रकोप कुछ स्थानों पर आर्थिक सीमा से ऊपर थी। मार्च के पहले सप्ताह के दौरान गाँव मुल्लनपुर और जगराओं (लुधियाना), अजीतवाल और डगरू (मोगा) और सलाबतपुरा (भटिंडा)। पत्ती का माँहू के प्राकृतिक दुश्मनः कोक्सीनेलिड बीटल, सिरिफिड फ्लाई और क्राइसोपरला के ग्रब और वयस्क माँहू प्रभावित कुछ खेतों में देखे गए। गुलाबी तना बेधक का प्रभाव कुछ जगह में देखा गया एवं उसकी क्षति स्तर 1–5 प्रतिशत पाया गया ।
- जयपुर, राजस्थान में, गेहूँ और जौ के खेतों के सर्वेक्षण के दौरान खेतों में दीमक, माईट् हेलिकोवेर्पा आर्मिजेरा और पिंक स्टेम बोरर के मध्यम संक्रमण पाया गया । जबकि अन्य कीटों जैसे कि स्पोडोप्टेरा, सरफेस ग्रासहॉपर, शूट फ्लाई और जैसड्स का प्रभाव नगण्य रूप में पाया गया । टोंक में गेहूँ के खेतों में कट्वोर्म की क्षति देखी गई।



चित्र 2.3: अतिसंवेदनशील जीनोटाइप, ए–9–30–1 और सहिष्णु जीनोटाइप, एचडी 2967 से जुड़े प्रमुख बैक्टीरिया

(3) गेहूँ के कीटों का रासायनिक नियंत्रण

दीमक के विरुद्ध 4 मि.ली. इमिडाक्लोप्रिड 600 एफ.एस., 2.4 मि. ली. थायामेथोक्साम 35 एफ.एस. तथा 6 मि.ली. फिप्रोनिल 5 एस. सी. प्रति कि.ग्रा. की दर से समान रूप से प्रभावी थे । गेहूँ की खड़ी फसल में फिप्रोनिल 5 एस.सी. एवं इमिडाक्लोप्रिड 40: डब्लू.जी. का मिश्रण दीमक के नियंत्रण में सबसे अधिक प्रभावी पाया गया । फेम (फ्लुबेंडामाइड 480 एस.सी.) / 20 ग्रा ए. आई / है. तथा कॉन्फिडोर (इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल.) / 20 ग्रा ए.आई / है. की दर से पत्ती के माँहू की जनसंख्या को कम करने में सबसे अधिक प्रभावी पाए गए। आजादीरच्तिन 1500 पी.पी.एम., बीयूवेरिया बासियाना और मेटारहिजियम अनिसोपलीए की प्रभावशीलता पत्ती के माँहू के खिलाफ रासायनिक कीटनाशकों की तुलना में कम रही । अन्य मूल्यांकित किए गए तीन जैव कीटनाशकों की तुलना में एजाडिरॉक्टिन 1500 पी.पी.एम. सबसे बेहतर था।

(4) गेहूँ में माहूँ के प्रतिरोध की जीन अभिव्यक्ति का अध्ययन

ट्रांसक्रिप्टोम प्रोफाइलिंग द्वारा एचडी 2967 और ए–9–30–1 में पत्ती के माँहू के साथ संक्रमित गेहूँ की जीन अभिव्यक्ति का अध्ययन किया गया। पत्ती के माँहू द्वारा संक्रमण के पहले और बाद में अतिसंवेदनशील जीनोटाइप, ए–9–30–1 की तुलना में सहिष्णु गेहूँ की प्रजाति, एचडी 2967 की जीन अभिव्यक्ति की तुलना की गई । पत्ती के माँहू द्वारा खिलाने से पहले दो जीनोटाइप के ट्रांसक्रिप्टोमिंग में 47,952 जीन उत्पन्न हुए, जिनमें से 8378 जीन केवल एच डी 2967 और 1074 जीन ए–9–30–1 में व्यक्त किए गए थे। साथ ही साथ की गई

ट्रांसक्रिप्टोम तुलना में संकेत दिया गया कि 353 जीन अपरेगुलेटेड थे जबकि 1175 जीन डाउनरेगुलेटेड थे। माँहू द्वारा खिलाने के बाद, दोनों मेजबानों में 42655 जीन अभिव्यक्त किए गए थे जिसमें से 8378 जीन एच डी 2967 में और 353 जीन अतिसंवेदनशील ए–9–30–1 में अभिव्यक्त हुए। साथ ही 353 जीन अपरेगुलेटेड थे जबकि 1175 जीन डाउनरेगुलेटेड थे। यह देखा गया कि केवल एचडी 2967 तथा ए–9–30–1 में अभिव्यक्त अपरेगुलेटेड एवं डाउनरेगुलेटेड जीनों की अभिव्यक्ति में क्रमशः 11.0, 0.2, 15.8, 29.9, 14.1: की कमी थी।

16एम डीएनए माइक्रोबायोम प्रोफाइलिंग अनुक्रमण का उपयोग करते हुए, हमने सहिष्णु गेहूँ किस्म एचडी 2967 और अतिसंवेदनशील जीनोटाइप, ए–9–30–1 में खेत से एकत्रित पत्ती के माँहू में माइक्रोबायोम की विविधता एवं बहुतायत्ता की तुलना की। सहनशील किस्म एचडी 2967 से एकत्रित पत्ती के माँहू में 384 जीवाणु प्रजातियाँ एवं 1.66 अल्फा विविधता पाई गई जो तुलनात्मक रूप से अतिसंवेदनशील जीनोटाइप ए



चित्र 2.4: अतिसंवेदनशील जीनोटाइप, ए–9–30–1 और सहिष्णु जीनोटाइप, एचडी 2967 से जुड़े प्रमुख कवक



चित्र 2.5: फोलियर एफिड पर नाइट्रोजन का प्रभाव

–9–30–1 से एकत्रित पत्ती के माँहू (359 जीवाणु प्रजातियाँ एवं 0.84 अल्फा विविधता) से अधिक थी। उसी प्रकार से एचडी 2967 से एकत्रित पत्ती के माँहू में 179 फफूंदीय प्रजातियाँ एवं 3. 35 अल्फा विविधता पाई गई जो जीनोटाइप ए –9–30–1 से एकत्रित पत्ती के माँहू (61 फफूंदीय प्रजातियां एवं 2.83 अल्फा विविधता) से अधिक थी। जीनोटाइप ए –9–30–1 से एकत्रित पत्ती के माँहू में जीवाणु बुचनेरा एवं स्यूडोमोनास प्रमुख रूप से पाए गए जबकि एचडी 2967 में केवल बुचनेरा प्रमुख रूप से पाया गया। अतिसंवेदनशील जीनोटाइप, ए–9–30–1 के पौधों एवं उनसे एकत्रित माँहू में फिलोबसीडियम नामक फफूंद प्रमुख रूप से पायी गई ।

(6) गेहूँ में माहूँ के लिए विभिन्न प्रकार के कीट–जालों की दक्षता का मूल्यांकन

खेत में पत्ती के माँहू को पकड़ने वाले जालों की क्षमता निर्धारण के लिए अनेक प्रकार के जालों जैसे की चिपचिपा–जाल और पानी की ट्रे–जाल एवं फसल में उनके रखने के स्थान का परीक्षण किया गया। फसल चक्र के दौरान साप्ताहिक अंतराल पर पंखो वाले एवं पंख–हीन माँहू की संख्या दर्ज की गयी। दर्ज किए गए अवलोकन में स्पष्ट रूप से पता चला है कि पीले रंग के जाल में फंसने वाले पत्ती के माँहू की संख्या नीले रंग के जाल की तुलना में अपेक्षाकृत अधिक थी। पत्ती के माँहू को पकड़ने में चिपचिपा–जाल की दक्षता पानी की ट्रे–जाल से अपेक्षाकृत बेहतर थी। पत्ती के माँहू की संख्या फसल की ऊंचाई के समान 60 से.मी. ऊपर रखे गये जालो की तुलना में 120 से.मी. ऊंचाई पर रखे गये जालो से अधिक दर्ज की गयी ।

(7) गेहूँ की प्रसिद्ध किस्मों में नाइट्रोजन उर्वरक का माहूँ की संख्या पर प्रभाव

तीन अलग–अलग उर्वरक स्तरों (निम्न, मध्यम और उच्च) के पत्ती के माँहू की संख्या पर प्रभाव का अध्ययन किया गया । खेत में प्रति हेक्टर के हिसाब से 0, 75, 150 एवं 225 कि. ग्रा. नाइट्रोजन खुराक का प्रयोग किया गया । नाइट्रोजन की उच्च खुराक (150 या 225 किलोग्राम/हैक्टर) की तुलना में कम खुराक में पत्ती के माँहू की संख्या अधिक थी। गेहूँ की प्रजाति एचडी 2967 में (10.75 माँहू प्रति पौधा), अतिसंवेदनशील चेक ए –9–30–1 की तुलना में पत्ती के माँहू की संख्या सबसे कम दर्ज की गई।



चित्र 2.6: गेहूं बीज भंडारण में उपयोग होने वाली सामग्री का परीक्षण

भंडारण कीट विज्ञान

(8) रासायनिकों की बीज रक्षक के रूप में भंडारण कीटों के संक्रमण के विरुद्ध क्षमता

गेहूँ के बीज रक्षक के रूप में अनेक प्रकार के वनस्पति पदार्थो का अनाज के घुन (साइटोफिलस ओरेजा) के विरुद्ध मूल्यांकन किया गया और बाकी बीज उपचारों की तुलना में, बेखंड पाउडर और इसका नीम के पत्तों, जंगली इमली और गुलवेल पाउडर के साथ मिश्रण काफी प्रभावी साबित हुआ।

(9) विभिन्न प्रकार के भण्डारण बैगों का कीटों के संक्रमण एवं बीज की गुणवत्ता पर प्रभाव

चार अलग–अलग प्रकार के अनाज भंडारण बैग जैसे की जूट, कपड़ा, एच.डी.पी.ई. और बी.ओ.पी.पी. बैग का कीटों के संक्रमण के साथ–साथ अनाज की गुणवत्ता पर उनके प्रभाव का परीक्षण किया गया। अध्ययन से पता चला है कि बी.ओ. पी.पी. बैग में अन्य बैगों की तुलना में भंडारण कीटों का संक्रमण सबसे कम है।

03 संसाधन प्रबंधन

गेहूँ आधारित प्रणाली में जुताई

धान– गेहूँ प्रणाली में जुताई विकल्पों के प्रभाव को जानने के लिए लम्बी अवधि के प्रयोगो से उनका मूल्यांकन किया गया। धान में तीन जुताई विकल्पों (शून्य जोत रोपाई, शुष्क रोटरी जुताई उपरान्त पानी–भराव एवं गीली रोटरी जुताई अर्थात् रोटरी जुताई द्वारा मचाई एवं रोपाई) के ऊपर गेहूँ में भी तीन जुताई विकल्पों (शून्य जुताई, सामान्य जुताई और रोटरी जुताई) को लागू करते हुए यह मूल्यांकन किया गया। इन प्रयोगों के परिणाम दर्शाते हैं कि गेहूँ की उत्पादकता जलवायु की स्थिति अनुसार भिन्न–भिन्न वर्षो में भिन्न–भिन्न पायी गई। वर्षों को देखते हुए 9 वर्षों में से 5 वर्षों में दूसरे जुताई विकल्पों की तुलना में रोटरी जुताई वाले उपचार में गेहूँ की उत्पादकता मामूली रूप से ज्यादा पायी गई परन्तु यह अंतर सांख्यिकीय रूप से सार्थक नहीं था। जुताई के प्रभाव धान के साथ–साथ गेहूँ में सांख्यिकीय रूप से सार्थक नहीं पाए गए (चित्र 3.1 व चित्र 3.2)।



चित्र 3.1. गेहूँ में विभिन्न जुताई विकल्पों का गेहूँ उत्पादकता पर प्रभाव



चित्र 3.2. धान में विभिन्न जुताई विकल्पों का गेहूँ उत्पादकता पर प्रभाव

धान की फसल पर भी गेहूँ में जुताई का सांख्यिकीय रूप से कोई महत्वपूर्ण प्रभाव देखने को नहीं मिला लेकिन धान उगाने के लिए जुताई विकल्प, विशेष रूप से, शून्य जुताई में रोपाई किये गए धान में उत्पादकता पर प्रतिकूल प्रभाव देखा गया (चित्र 3.3 और चित्र 3.4)। शून्य जुताई में रोपाई से हजार दानों के वजन को छोड़कर शेष सभी उपज घटकों पर प्रतिकूल प्रभाव के कारण धान की उपज कम रही जबकि शुष्क रोटरी एवं गीली रोटरी (जुताई) में समान उपज दर्ज की गई जो यह दर्शाता है कि धान उगाने के लिए मचाई (गीली जुताई) शायद आवश्यक नहीं है अतः खेत तैयार कर पानी भरकर रोपाई करना ही मचाई के दौरान मिट्टी की संरचना को विनाश से बचाने का एक बेहतर विकल्प हो सकता है।



चित्र 3.3. गेहूँ में विभिन्न जुताई विकल्पों का धान उत्पादकता पर प्रभाव



चित्र 3.4.. धान में विभिन्न जुताई विकल्पों का धान उत्पादकता पर प्रभाव

संरक्षण कृषि (सी.ए.) में मक्का– गेहूँ– मूंग प्रणाली का प्रदर्शन

जुताई, अवशेष एवं पोषक तत्व प्रबंधन का मक्का–गेहूँ–मूंग प्रणाली में दीर्घकालिक प्रभाव के मूल्यांकन हेतु प्रयोग प्रारंभ

किया गया, जिसके अर्न्तगत जुताई और अवशेष प्रबंधन का मेल {शून्य जुताई, शून्य जुताई अवशेष प्रतिधारण के साथ (सरंक्षण कृषि), पारंपरिक जुताई और पारंपरिक जुताई के साथ अवशेष समावेश} मुख्य भूखंडों तथा उप भूखडों में चार पोषक तत्व प्रबंधन विकल्प अपनाये गए (पूर्ण नियंत्रण, केवल अनुसंशित नत्रजन, अनुसंशित एन.पी.के. और अनुसंशित एन.पी.के. के साथ एफ.वाई.एम. 10 टन/है.। फसल की बिजाई टर्बो हैप्पी सीडर द्वारा करवाई गई।

इस प्रयोग में पोषक तत्व प्रबंधन का प्रभाव महत्वपूर्ण पाया गया, जबकि जुताई और अवशेष प्रबंधन के मेल का प्रभाव कम महत्वपूर्ण रहा। चार पोषक तत्व प्रबंधन विकल्पों के अर्न्तगत न्यूनतम उपज (14.5 कु./है.) उर्वरक नियंत्रण भूखंडों में दर्ज की गई (चित्र 3.5)। अनुसंशित एन.पी.के. के साथ एफ.वाई.एम. 10 टन/है. के प्रयोग से गेहूँ की उपज सबसे अधिक (62.5 कु./है.) पाई गई, हालांकि यह सांख्यिकीय रूप से केवल एन. व अनुसंशित एन.पी.के. डालने के बराबर पायी गई।



चित्र 3.5.मक्का–गेहूँ प्रणाली के तहत गेहूँ में जुताई और पोषक तत्व प्रबंधन

विभिन्न तिथियों में सुबह और दोपहर के समय मिट्टी के तापमान का भी अवलोकन किया गया। सुबह का तापमान सी.ए. प्रणाली में अधिक पाया गया जबकि दोपहर का तापमान न्युनतम की तरफ था। पूर्ण नियंत्रण भूखडों में दोपहर का तापमान विभिन्न पोषक तत्व प्रबंधन उपचारों की तुलना में अधिक पाया गया। दोपहर का तापमान न्यूनतम की तरफ था। पूर्ण नियंत्रण भूखंडो में दोपहर का तापमान विभिन्न पोषक तत्व प्रबंधन उपचारों की तुलना में अधिक पाया गया।

पारंपरिक जुताई और संरक्षण कृषि प्रणाली के तहत गेहूँ की किस्मों का प्रदर्शन

एक और प्रयोग सी.ए. प्रणाली के लिए उपयुक्त किस्मों के मूल्यांकन के लिए शुरू किया गया, जिसके अन्तर्गत मुख्य भूखंडो में दो जुताई विकल्प {सी.टी. (पारंपरिक जुताई) और सी.ए. (सरंक्षण जुताई)} को शामिल किया गया और उप भूखंडो में क्षेत्र की 12 नवीनतम लोकप्रिय किस्मों (चित्र 3.6) का प्रयोग किया गया। सी.ए. में 8 टन/है. फसल अवशेष भूमि स्तह पर रखा गया तथा बिजाई हेतु टर्बो हैप्पी सीडर का प्रयोग किया गया।



चित्र 3.6. परम्परागत जुताई तथा संरक्षित खेती में गेहूँ की किस्मों का मूल्यांकन

जुताई, अवशेष प्रबंधन और इनकी किस्मों के साथ परस्पर प्रभाव पर महत्वपूर्ण प्रभाव नहीं पाया गया जबकि किस्मों में अंतर महत्वपूर्ण था। सी.टी. और सी.ए. प्रणाली के तहत गेहूँ की पैदावार क्रमशः 63.6 और 63.3 कु./हैक्टर थी। हालाँकि किस्मों में भिन्नता अर्थपूर्ण मिली है। पांच अधिक उपज वाले किस्में इस प्रकार हैं, एच आई 8498, एच डी 2733, एच डी सी एसडब्ल्यू 18, एच डी 2967, ज़ी डब्ल्यू 322, और क्रमशः इन किस्मों में औसत उपज 69.1, 68.9, 67.6, 67.3 और 65.0 कुंतल प्रति हैक्टर है । सांख्यिकीय तौर पर एच डी 2967, एचडीसीएसडब्ल्यू 18, एच डी 2733 किस्मों की उपज सबसे अधिक उपज देने वाली किस्म एच आई 8498 के समतुल्य पर पाई गयी। मध्य क्षेत्र के लिए उत्तम किस्म एच आई 8498 एवं ज़ी डब्ल्यू 322 तथा पूर्वी क्षेत्र के लिए एच डी 2733 सिफ़ारिश किस्में ने उत्तरी इलाकों में भी अच्छा प्रदर्शन किया। बहु स्थानीय मूल्यांकन के आधार पर परम्परागत जुताई तथा संरक्षित कृषि दोनों ही प्रणाली में एच डी 2967 को योग्य पाया गया। वर्तमान समय में भारत के अधिकांश क्षेत्र में इसी किस्म को उगाया जा रहा है और यह किस्म सरंक्षण खेती के लिए भी उपयोगी है।

बहु स्थानीय मूल्यांकन के नतीजों के अनुसार परम्परागत जुताई के लिए विकसित तथा सिफारिश की गयी गेहूँ की किस्मों का उपयोग सरंक्षण खेती के लिए भी किया जा सकता है।

पोषण प्रबंधन

धान–गेहूँ फसल प्रणाली में समेकित पोषण प्रबंधन

इस प्रयोग में गेहूँ की किस्म एच.डी. 2967 के साथ पोषण प्रबंधन के दस उपचारों (अनुशंसित नाइट्रोजन–फास्फोरस– पोटाश 150:60:40 कि.ग्रा/है. एन.पी.के (टी1), टी1+ देसी खाद 15 टन/है. केवल अनुशंसित नाइट्रोजन, केवल अनुशंसित फास्फोरस, केवल अनुशंसित पोटाश, केवल अनुशंसित नाइट्रोजन फास्फोरस, केवल अनुशंसित नाइट्रोजन पोटाश, केवल अनुशंसित फास्फोरस पोटाश, टी1+ हरी खाद एवं सम्पूर्ण नियंत्रण अर्थात् कोई भी जैविक या रासायनिक खाद नहीं) का परीक्षण तीन अनुकरणों के साथ यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में किया गया। इस प्रयोग के नतीजे दर्शाते हैं कि केवल अनुशंसित फास्फोरस, केवल अनुशंसित पोटाश व केवल अनुशंसित फास्फोरस पोटाश उपचारों में बाकी उपचारों की तुलना सबसे कम बायोमास व पैदावार (चित्र 3.7) पाई गई जो कि सबसे अधिक नाइट्रोजन की महता को दर्शाता है। सबसे अधिक पैदावार (59.06 कु./है.) अनुशंसित नाइट्रोजन–फास्फोरस–पोटाश के साथ देसी खाद (15 टन/है.) के प्रयोग से मिली, इसके बाद उन उपचारों में मिली जिसमें सभी प्रमुख पोषक तत्वों के साथ.साथ हरी खाद का प्रयोग किया गया था (56.86 कु./है.) लेकिन सबसे कम उपज केवल फॉस्फोरस केवल पोटाश और फास्फोरस + पोटाश के उपचारों के अतर्गत मिली और यह पूर्ण नियंत्रण तुलना से भी कम दर्ज की गई।

धान–गेहूँ फसल प्रणाली के तहत गेहूँ की उच्च पैदावार



चित्र 3.7. गेहूँ में समेकित पोषण प्रबंधन

वाली किस्मों में कार्बनिक खेती

चार हाल ही में जारी उच्च उपज गेहूँ की किस्म (एच् डी 2967, एच् डी 3086, डब्ल्यू बी 2 और डब्ल्यू एच्. 1105 और पांच जैविक पोषक तत्व की आपूर्ति उपचार (नियंत्रण, एफ वाई एम 10 टन/ हैक्टर, एफ वाई एम 20 टन/ है., एफ वाई एम 30 टन/ है और रासायनिक उर्वरकों द्वारा अनुशंसित नाइट्रोजन–फास्फोरस–पोटाश 150:60:40 कि.ग्रा/है) इस प्रकार कुल 20 उपचार संयोजन यादृच्छिक ब्लॉक डिजाइन में आयोजित किये गए। नतीजे बताते हैं कि 10 से 30 टन/ है. के देने से नियंत्रण (कोई जैविक या रासायनिक उर्वरक खाद नही)उपचार की तुलना में गेहूँ की सभी उच्च पैदावार वाली किस्मो ने बायोमास और अनाज उपज में वृद्धि हुई। हालांकि, सभी किस्मों की उच्चतम बायोमास और अनाज उपज अनुशंसित एनपीके उर्वरक उपचार में दर्ज की गई थी, जो 30 टन/ हैक्टर एफ वाई एम सहित सभी जैविक उपचारो की तुलना काफी अधिक थी। चार किस्मों में से, एच् डी 3086 में अधिक अनाज उपज (62.19 क्यू/ हैक्टर) दर्ज की गई इसके बाद डब्ल्यू एच 1105 (60.60 कु./है) में अनुशंसित नाइट्रोजन–फास्फोरस–पोटाश 150:60:40 कि. ग्रा/है, .में आंकी गई की गई। डब्ल्यू बी 2 के अलावा सभी किस्मों ने सभी जैविक पोषक तत्व स्तरों पर समान प्रदर्शन किया। देसी खाद (एफ वाई एम) 10 से 30 टन/ है. के आवेदन से अनुशंसित नाइट्रोजन–फास्फोरस–पोटाश (150:60:40 कि. ग्रा/है.) वाले उपचार की तुलना में भूमि में जैविक कार्बन, उपलब्ध नाइट्रोजन, फॉस्फोरस एवं पोटाशियम में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई।



चित्र 3.8. अकार्बनिक और जैविक परिस्थितियों में गेहूँ की किस्मों का तुलनात्मक प्रदर्शन

गेहूँ की उच्च पैदावार वाली किस्मों पर ऑर्गेनिक्स के साथ वर्मीकंपोस्ट का प्रभाव

इस प्रयोग में गेहूँ की ज्यादा पैदावार देने वाली चार उन्नत किस्मों (एच.डी. 2967, एच् डी 3086, डब्ल्यू बी 2 और डब्ल्यू.एच. 1105) एवं केचुआ खाद के साथ जैविक पोषक तत्वों के पाँच संयोजनों (नियंत्रण–कोई खाद नहीं, देसी खाद 10 टन/है. +केंचुआ खाद 2.5 टन/है. देसी खाद 20 टन/है.+ केंचुआ खाद 5.0 टन/है., देसी खाद 30 टन/है. +केंचुवा खाद 7.5 टन/है.. एवं रासायनिक उर्वरकों की अनुशंसित मात्रा 150:60:40 कि.ग्रा./है. एन.पी.के.) का प्रयोग करते हुए कुल 20 उपचार संयोजनों का परीक्षण किया गया। केंचुआ खाद का

छिड़काव प्रथम सिंचाई के तुरन्त पहले यह देखने के लिये किया गया कि इससे गेहूँ की उत्पादकता पर कोई सार्थक प्रभाव पड़ता है या नहीं। इस प्रयोग के नतीजे यह दर्शाते हैं कि केंचुआ खाद छिड़काव (प्रथम सिंचाई) के साथ देसी खाद को 10 टन से लेकर 30 टन/है. दर से डालने पर नियन्त्रण उपचार (कोई खाद नहीं) की तुलना में पैदावार में सार्थक वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन सबसे अधिक जैवमात्रा (बायोमास) एवं अन्न उत्पादकता तब मिली जब अनुशंसित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों (150:60:40 कि.ग्रा./है. एन.पी.के.) का प्रयोग किया गया, यह वृद्धि देसी खादों के सभी उपचारों देसी खाद 30 टन/है. +केंचुआ खाद 7.5 टन/है प्रथम सिंचाई के तुरन्त पहले की तुलना में सार्थक रूप से अधिक थी। गेहूँ की किस्मों में जब तुलना की गई तो पाया कि अनुशंसित मात्रा में रासायनिक उर्वरकों (150:60:40 कि.ग्रा./है. एन.पी.के.) के प्रयोग से एच् डी 3086 किस्म ने सबसे अधिक पैदावार (64.07 कु./है.) दी इसके बाद डब्ल्यू.एच. 1105 (60.76 कु./है.), एच.डी. 2967 (56.86 कु./है.) और डब्ल्यू बी 2 (56.41 कु./है.) की पैदावार पायी गई। प्रथम सिंचाई पर केचुआ खाद के छिड़काव का गेहूँ की उत्पादकता पर कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया।

गेहूँ की उत्पादकता पर पोटाशियम ह्यूमेट का प्रभाव

इस प्रयोग में गेहूँ की किस्म एच.डी. 2967 के साथ अनुशंसित पोषण प्रबंधन और पोटाशियम ह्यूमेट की विभिन्न अनुशंसित नाइट्रोजन–फास्फोरस–पोटाश (एनपीक) 150 किलोग्राम एन, 60 किलोग्राम पी और 40 किलोग्राम के /है के साथ मिलाकर प्रयोग किया गया। विभिन्न उपचार संयोजन इस प्रकार थे अनुशंसित एनपीके 150 किलोग्राम एन, 60 किलोग्राम पी और 40 किलोग्राम के/है. (उपचार–1), उपचार–1 + पोटाशियम ह्यूमेट 10 कि.ग्रा./है., उपचार–1 + पोटाशियम ह्यूमेट 20 कि.ग्रा. /है. , उपचार–1 + पोटाशियम ह्यूमेट 30 कि.ग्रा./है., उपचार–1 + पोटाशियम ह्यूमेट 40 कि.ग्रा./है. और उपचार–1 + पोटाशियम ह्यूमेट 50 कि.ग्रा./है.। नतीजे बताते हैं कि गेहूँ की बढ़वार, बायोमास और उत्पादकता के साथ–साथ दाने की प्रोटीन मात्रा में वृद्धि पर पोटाशियम ह्यूमेट के उपयोग का कोई सार्थक प्रभाव नहीं पाया गया। गेहूँ की उत्पादकता और गुणवत्ता पर पोटाशियम ह्यूमेट का कोई सार्थक प्रभाव नहीं मिला।

गेहूँ के प्रजाति सी 306 की उत्पादकता पर वृद्धि नियंत्रकों का प्रभाव

गेहूँ की देसी प्रजाति सी 306 को लेकर विभिन्न बारह उपचार संयोजनों, 4 उर्वरक स्तर (0, 40, 80 एवं 120 कि.ग्रा. नाइट्रोजन/है.) तथा तीन वृद्धि नियंत्रक { कोई वृद्धि नियंत्रक नहीं, 0.2 प्रतिशत क्लोरमिक्वाट (लिहोसिन) का 50 एवं 80 दिन बिजाई उपरान्त स्प्रे एवं 0.2 प्रतिशत कलोरमिक्वाट (लिहोसिन) + 0.1 प्रतिशत टेबुकोनाजोल (फोलिकर) का 50 एवं 80 दिन बिजाई उपरान्त स्प्रे }, को लेकर तीन पुनरावृत्तियों के साथ रेंडमाइज्ड ब्लोक डिजाइन में फार्म परिक्षेत्र पर एक प्रयोग किया गया। इस प्रयोग के परिणाम दर्शाते है कि वृद्धि नियंत्रकों के उपयोग से गेहूँ की किस्म सी 306 के पौधों की ऊंचाई तथा नीचे गिरने (लोजिंग) की दर में सार्थक रूप से कमी दर्ज की गई तथा यह दर वहां अधिक पाई गई जहाँ केवल 0.2 प्रतिशत कलोरमिक्वाट (लिहोसिन) के मुकाबले दोनो {0.2 प्रतिशत कलोरमिक्वाट (लिहोसिन)+0.1 प्रतिशत टेबुकोनाजोल (फोलिकर)} वृद्धि नियंत्रकों का टैंक मिश्रण उपयोग में लाया गया गेहूँ के प्रजाति सी 306 की उत्पादकता दोनों वृद्धि नियंत्रकों एवं 80 कि.ग्रा. नाइट्रोजन/है. के उपयोग के साथ 46.96 कुंतल/है तथा दोनों वृद्धि नियंत्रकों व 120 कि.ग्रा. नाइट्रोजन/है. के साथ 49.44 कुंतल/है. दर्ज की गई जो कि बिना वृद्धि नियंत्रकों के उपयोग वाले इन्हीं 80 एवं 120 कि.ग्रा. नाइट्रोजन/है. उपचारों (43.57 एवं 35.92 कुंतल/है.) की तुलना में सार्थक रूप से अधिक थी यह प्रयोग दर्शाता है कि गेहूँ की देसी किस्म सी 306 की उत्पादकता बढाने में वृद्धि नियंत्रकों का उपयोग पौधों की उचाँई घटाने तथा लोजिंग को कम करने में लाभकारी हो सकता है।

फसल अवशेष प्रबंधन

धान गेहूँ में पराली प्रबंधन का मूँग की खेती के साथ एक प्रयोग किया। जहाँ पर मूँग की फसल की गयी वहाँ पर 25 व 50



चित्र 3.9. धान उत्पादकता पर हरी खाद (मूँग) का प्रभाव

प्रतिशत कम नत्रजन के ट्रीटमेन्ट रखे गये थे। जहाँ पर धान की पराली को मृदा में मिश्रण करना पड़ा वहाँ पर 25 प्रतिशत अधिक नत्रजन को डाला गया। शोध से ज्ञात हुआ है कि मूँग की फसल

से 10–12 कुन्तल मूँग पैदा हुई व 25 प्रतिशत कम नत्रजन धान में डालना पड़ा (चित्र 3.9)। धान की पराली को मृदा में मिश्रण के लिए 25 प्रतिशत अधिक नत्रजन की आवश्यकता हुई व पैदावार भी अधिक हुई (चित्र 3.10)।

दलहन फसलों का मक्के के साथ अन्तःफसलीकरण

मूगँ, उड़द, लोबिया व ग्वार का मक्के के साथ अन्तःफसलीकरण का एक प्रयोग किया गया। ग्वार की फसल ने मक्के की पैदावार



चित्र 3.10. गेहूँ उत्पादकता पर धान के भूसे, हरी खाद और नत्रजन का प्रभाव

को बढ़ाया (चित्र 3.11)। गेहूँ में 25 प्रतिशत कम नत्रजन के साथ बराबर पैदावार प्राप्त हुई।

फसल–चक्रों की तुलना

ज्वार–गेहूँ, ज्वार–गेहूँ–मूँग, ज्वार–सरसों–मूँग, ग्वार–आलू–गेहूँ, मक्का–गेहूँ, मक्का–गेहूँ–मूँग, मक्का–सरसों–मूँग,



चित्र 3.11. दलहनी फसलों के अन्तःफसलीकरण का मक्के की उत्पादकता पर प्रभाव

मक्का–आलू–गेहूँ फसल–चक्रों का तुलनात्मक प्रयोग किया गया। गेहूँ की तुलनात्मक पैदावार का आकलन गेहूँ के समर्थन मूल्य को लेते हुये तथा आलू व ज्वार (चारा) की बाजार भाव से किया गया। मक्के के साथ वाले फसल–चक्रों में ज्वार के साथ वाले फसल–चक्रों से अधिक पैदावार प्राप्त हुई (चित्र 3.12)। मक्का–सरसों–मूँग फसल–चक्रों से सबसे अधिक गेहूँ समतुल्यांक उत्पादकता प्राप्त हुई इसके बाद क्रमशः मक्का–आलू–गेहूँ व मक्का–गेहूँ–मूँग रहे।



चित्र 3.12. विभिन्न फसल–चक्रों में गेहूँ समतुल्यांक उत्पादकता

गेहूँ में खरपतवार प्रबंधन

खरपतवार प्रमुख जैविक बाधाओं में से एक है, जो गेहूँ की फसल के उत्पादन और उत्पादकता को सीमित करता है। संभावित उपज को साकार करने के लिए, उचित खरपतवार प्रबंधन बहुत महत्वपूर्ण है। गेहूँ में खरपतवारो को नियंत्रित करने के लिए, शाकनाशियों को उनकी लागत और समय प्रभावशीलता के कारण प्राथमिकता दी जाती है। नई खरपतवार वनस्पतियों के उद्भव और शाकनाशी प्रतिरोधकता के नए मामलों के कारण विभिन्न रासायनिक समूहों से नए शाकनाशियों के मूल्यांकन की मांग बढ़ रही है। गेहूँ में खरपतवार नियंत्रण के लिए शाकनाशी और शाकनाशी मिश्रणों का मूल्यांकन करने हेतु विभिन्न प्रयोग संचालित किए गए और उनके परिणाम निम्नलिखित हैं।

गेहूँ की फसल में खरपतवारों का नियंत्रण

खरपतवार फसल उत्पादन को सीमित करने का मुख्य कारण है। गेहूँ की फसल में पैसे तथा समय की बचत को देखते हुए खरपतवारों के नियंत्रण हेतु शाकनाशियो का ही प्रयोग अधिक लाभदायक है। नई खरपतवार वनस्पतियों की उत्पति तथा शाकनाशियों के विरुद्ध उत्पन्न हुए नई प्रतिरोधकता की वजह से आवशयक है की भिन्न–भिन्न प्रकार के रासायनिक समूह से नई प्रकार की शाकनाशियों का मूल्यांकन किया जाये। इसी के लिए एक प्रयोग लगाया गया जिसमे गेहूँ की फसल में उगने वाले खरपतवारों के खिलाफ शाकनाशियों तथा उनके मिश्रण को प्रयोग किया गया। इस प्रयोग के नतीजे इस प्रकार है

नये शाकनाशियों का मूल्यांकन

- विभिन्न चौड़ी पत्ती वाली खरपतवारों के नियंत्रण में कारफेंट्राजोन 20 ग्रा/है. की दर से टंकी में या तो 10.21 ग्राम प्रति हैक्टर हलॉक्सिफेन + फ्लोरासुलाम के पहले से ही तैयार मिश्रण के साथ या फिर 2, 4–डी 400 ग्रा/है अथवा 4.0 ग्रा/है. मेटसलफुरोन के साथ मिला कर प्रभावी पाया गया। यह मिश्रण कुछ अन्य समस्यात्मक चौड़ी पत्ती

वाले खरपतवारों (जैसे कि मालवा पार्वीफ्लोरा) के नियंत्रण में भी प्रभावकारी है। गेहूँ की फसल में यह हलॉक्सिफेन + फ्लोरासुलाम का मिश्रण बहुत अधिक चयनात्मकता दर्शाता है ।

- खेतों तथा गमलों में गेहूँ की फसल में आने वाले जटिल खरपतवारों के नियंत्रण के लिए खरपतवारनाशियों तथा उनके मिश्रण का मूल्यांकन किया गया। गेहूँ में आने वाली विविध खरपतवारों के प्रभावकारी नियंत्रण के लिए पाइरोक्सासल्फोन + मेटसल्फुरोन एवं पेंडीमेथलीन + मेट्रीबुज़िन को जमाव पूर्व तथा क्लॉडिनाफाप / पिनोक्साडेन + मेट्रीबुज़िन के टंकी के मिश्रण को जमाव के बाद डाल कर खरपतवारों के नियंत्रण के लिए प्रभावकारी पाया गया।
- क्लॉडिनाफाप में उपस्थित क्लोक्विनटोसट सेफनर को एच. पी.पी.डी खरपतवारनाशियो के प्रति सेफनिंग प्रभाव के लिए उचित पाया गया है।
- गेहूँ में घास वाली तथा चौड़े पत्ती वाली खरपतवारों का नियंत्रण पाइरोक्ससल्फोन + पेंडीमेथलीन को 125 + 1000 ग्रा./है. की दर से एवं फ्लूमिओक्साजिन को 100–125 ग्रा./है. की दर से का जमाव पूर्व प्रयोग प्रभावकारी रहा। परन्तु जंगली जई के लिए यह उतना प्रभावकारी सिद्ध नहीं हुआ।
- धान–गेहूँ प्रणाली में दोहरी बिना जुताई वाली विधि जंगली पालक (रुमेक्स डेंटेटस) की समस्या को बढ़ाती है ।
- सीधा बोया धान (डी.एस.आर.) प्रणाली में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों के नियंत्रण के लिए बुवाई के समय बिसपायरिबैक + पेंडीमेथलीन एवं फेनॉक्साप्रॉप + एथोक्सिसल्फुरोन का प्रयोग प्रभावकारी पाया गया है ।
- विभिन्न खरपतवारों (जैसे पी. माइनर, रुमेक्स डेंटोटस, एवेना लुडोविसिआना, चिनोपोडियम अल्बम एवं पॉलीपोगों मोनसपलिएनिसिस) में खरपतवारनाशी के प्रति प्रतिरोधकता को पहचानने तथा गणना के लिए बायोएसे अध्ययन किया गया। विभिन्न फैलेरिस माइनर बायोटाइप में शाकनाशी प्रतिरोधकता प्रोफाइल की जानकारी के लिए एक अध्ययन आयोजित किया गया। बहूखरपतवारनाशी (आइसोप्रोट्यूरोन, फेनॉक्सप्रॉप, क्लॉडिनाफाप, अटलांटिस एवं सल्फोसल्फोरोन) के प्रति फैलेरिस माइनर में प्रतिरोधकता आने के कारण इसके प्रबंधन के लिए अन्य विकल्प जैसे पेंडीमेथलीन, पाइरोक्सासुल्फोन, फ्लूमिओक्सज़िन तथा मेट्रिब्यूज़िन का प्रयोग प्रभावकारी रहा है । गेहूँ में होने वाली पॉलीपोगोंन मोनस्प्लेनसिस (जिसमें की सल्फोनि लयुरिया खरपतवारनाशी के प्रति प्रतिरोधकता उत्पन्न हो गयी है के नियंत्रण के लिए पेंडीमेथलीन एवं पाइरोसल्फयूरोन कारगर साबित हुई है। फलेरिस माइनर के प्रबंधन के लिए प्रयोग आयोजित किये गये जिसमें बिना जुताई की प्रणाली के साथ विभिन्न बुवाई से पूर्व शाकनाशी के एकीकृत प्रभाव का निरीक्षण किया गया। जिसके फलस्वरूप पाया गया कि शाकनाशी प्रतिरोधकता की समस्या से निपटने के लिए एकीकृत बिना जुताई बुवाई के साथ फसल अवशेषों को सतह रखते हुये तथा बुवाई पूर्व शाकनाशी (पेंडीमेथलीन + मेट्रिब्यूजिंन एवं मेट्रिब्यूज़िन + पाइरोक्सासुल्फोंन + मेटसुल्फुरोन) डालने से इस समस्या पर काबू पाया जा सकता है। मेटसल्फ्युरोन प्रतिरोधी रूमैक्स डेंटेटस तथा चिनोपोडियम अल्बम को 2, 4–डी, कारफेन्ट्राज़ोन और फ्लोरोक्सीपायर द्वारा प्रभावी रूप से से नियत्रित किया गया है। जबकि ऐ.सी.सी.ऐस और ऐ.एल.एस अवरोधी शाकनाशी (क्लॉडिनाफाप /पिनोक्साडेन एवं सल्फोसल्फ्युरोन) प्रतिरोधी जंगली जई (एवेना लुडोविसिआना) को भी पायरॉक्सासल्फोन से सफलतापूर्वक नियंत्रित किया जा सकता है।

चौड़ी पत्ती वाली खरपतवारों के नियंत्रण में हलॉक्सिफेन + फ्लोरासुलाम के प्रभाव का मूल्यांकन

प्रायोगिक क्षेत्र में मुख्य रूप से रुमेक्स डेंटेटस, मेडिकागो डेंटिकुलेटा, कोरोनोपस डिडिमस, लेयाइरस अफ़ाक़ा, मालवा पार्वीफ्लोरा एवं एनागेलिस आरवेंसिस का संक्रमण पाया गया है। इन सभी में से मेडिकागो डेंटिकुलेटा के बाद रुमेक्स डेंटेटस की प्रबल बहुलता पायी गई। गेहूँ में विविध खरपतवारों के नियंत्रण के लिए हलॉक्सिफेन + फ्लोरासुलाम के तैयार मिश्रण के साथ कारफेन्ट्राज़ोन के मेल से बने टंकी के मिश्रण को अत्यधिक प्रभावकारी पाया गया है । अनियंत्रित खतपतवार वाले उपचार में कुल खरपतवारों से प्राप्त शुष्क पदार्थ का भार 244.4 ग्राम/मीटर वर्ग दर्ज किया गया (चित्र 3.13)। अनियंत्रित खतपतवार वाले उपचार की तुलना में सभी शाकनाशी उपचारों में खरपतवार के कुल घनत्व तथा शुष्क भार में सार्थक कमी दर्ज की गई। लेथाइरस अफ़ाक़ा एवं मालवा पार्वीफ्लोरा ने खरपतवारनाशियों के प्रति भिन्न–भिन्न प्रतिक्रिया दर्शायी। करफेंट्राजोन लेथाइरस अफ़ाक़ा के विरुद्ध तथा मेटसल्फुरोन मालवा पार्वीफ्लोरा के विरुद्ध कमजोर पाई गयी। हलॉक्सिफेन + फ्लोरासुलाम के तैयार मिश्रण की 12.76 ग्राम ए. आई./है. मात्रा



चित्र 3.13. चौड़ी पत्ती खरपतवारों के नियंत्रण में षाकनाशीयों के प्रभाव का मूल्यांकन



चित्र 3.14. चौड़ी पत्ती शाकनाशीयों का गेहूँ उत्पादकता पर प्रभाव

को लेथाइरस अफाका के नियंत्रण हेतु कारफेंट्राजोन से तथा मालवा पार्वीफ्लोरा के नियंत्रण हेतु मेटसल्फुरोन से बेहतर पाया गया है। सभी खरपतवार नियंत्रण वाले उपचारों की तुलना में अनुपचारित जगह पर सबसे कम उपज प्राप्त हुई है (41.5 कुं/है.)। इसका मुख्य कारण खरपतवारों का पौधों के साथ संसाधनों तथा पोषक तत्वों के लिए प्रतिस्पर्धा है (चित्र 3.14)। सभी खरपतवार नियंत्रण उपचारों में से टंकी के मिश्रण वाला मेल गेहूँ की पैदावार को बढ़ाने में भी प्रभावकारी सिद्ध हुआ है।

संरक्षण और परंपरागत (टिलेज) जुताई प्रणाली के अंतर्गत गेहूँ की जल उपयोग दक्षता तथा अजैविक तनाव में सुधार

गेहूँ की विभिन्न प्रजातियों की जल उपयोग दक्षता के अध्ययन के लिए मृदा नमी के दो स्तरों पर परीक्षण किये गए । गेहूँ फसल के प्रति विभिन्न अजैविक तनावों में सुधार के उपायों का पता लगाने के लिए भी परीक्षण किये गये । यह परीक्षण संरक्षण और परंपरागत (टिलेज) जुताई प्रणाली के अंतर्गत किये गए । जल उपयोग दक्षता तथा अजैविक तनाव में सुधार के लिए पोटाशियम व् सेलिसिलिक अम्ल के पर्णीय छिडकाव तथा सैलिसिलिक अम्ल द्वारा बीज प्राईमिंग की भूमिका का अध्ययन करने के लिए भी परीक्षण किये गए। गेहूँ की फसल में विनियमित कम सिंचाई के प्रभाव की जांच के लिए भी अनुसंधान किया गया। विभिन्न प्रयोगों के परिणामों में यह दर्ज किया गया कि जल उपयोग दक्षता के लिए गेहूँ की विभिन्न प्रजातियो के बीच महत्वपूर्ण भिन्नता थी। सीमित पानी की उपलब्धता के तहत 4 टन प्रति हैक्टर की दर से फसल अवशेष रखना लाभदायक साबित हुआ। पोटाशियम का पर्णीय छिड़काव विभिन्न प्रकार के तनावों को कम करने तथा जल उपयोग दक्षता में सकारात्मक प्रभावों की पुष्टि करता है, जबकि सैलिसिलिक अम्ल के पर्णीय छिड़काव का कोई लाभदायक प्रभाव देखने को नहीं मिला । विनियमित कम सिंचाई के प्रभाव पर प्रयोग के लिए दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि सिंचाई के पानी में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत संभव है, अगर सिंचाई को, फसल की महत्वपूर्ण विकास चरणों में ठीक से लागू किया जाये । सामान्य सिंचाई जिसमें कि प्रति सिंचाई कम से कम 60 एम. एम. पानी लगता है, के समान उपज 45 एम.एम. प्रति सिंचाई पानी से भी प्राप्त की जा सकती है ।

अध्ययन के निष्कर्ष नीचे दिए गए हैं

- 30 प्रजातियों का अध्ययन किया गया, जिसमें ड्रिप सिंचाई प्रणाली की सहायता से नमी के विभिन्न स्तर (80 एवं 60 सी.पी.ई.) निर्धारित किये गए । इनमे से 10 प्रजातियाँ ऐसी पाई गई, जिनकी जल उपयोग दक्षता 80 सी.पी.ई. नमी के स्तर पर 1.54 किलोग्राम/धनमीटर से अधिक थी (49 आई. बी.डब्ल्यू.एस.एन.1278, क्यू.बी.पी. 1708, क्यू.बी.पी. 1701, डी.बी.डब्ल्यू. 243, डी.बी.डब्ल्यू. 166, डी.बी.डब्ल्यू. 222, क्यू. बी.पी. 1714, 49 आई.बी.डब्ल्यू.एस.एन.1061, डी.बी.डब्ल्यू. 110, क्यू.बी.पी. 1719). सिंचाई के पानी की सही मात्रा (मि. मी. प्रति सिंचाई) क्रॉप वैट सॉफ्टवेयर की मदद से निर्धारित की गई (चित्र 3.15)।
- फसल अवशेष (4 टन प्रति हैक्टर) रखना लाभदायक साबित हुआ । फसल अवशेष (4 टन प्रति हैक्टर) के परिणामस्वरुप 51.7 कुंतल प्रति हेक्टर उत्पादन प्राप्त हुआ जो बिना फसल अवशेष (49.4 कुंतल प्रति है.) से अधिक था ।

पोटाशियम (2 %) का पर्णीय छिड़काव करने से फसल उत्पादन में सार्थक रूप से वृद्धि हुई जो 51.8 कुंतल/ है. थी जबकि बिना छिड़काव की स्थिति में उपज 49.9 कुंतल/ है. रही ।

विनियमित कम सिंचाई के प्रभाव पर प्रयोग किया गया जिसमें 25 प्रतिशत कम पानी (45 एम.एम. पानी प्रति सिंचाई) तथा 50 प्रतिशत कम पानी (30 एम.एम. पानी प्रति सिंचाई) फसल की महत्वपूर्ण विकास चरणों में दिया गया। प्रयोग के लिए दर्ज आंकड़ों से पता चलता है कि सिंचाई के पानी में कम से कम 25 प्रतिशत की बचत संभव है, अगर सिंचाई को, फसल की



चित्र 3.15. गेहूँ प्रजातियों का उत्पादकता एवं जल उपयोग दक्षता पर प्रभाव

महत्वपूर्ण विकास चरणों में ठीक से लागू किया जाये। सामान्य सिंचाई जिसमें की प्रति सिंचाई कम से कम 60 एम. एम. पानी लगता है, के समान उपज 45 एम.एम. प्रति सिंचाई पानी से भी प्राप्त की जा सकती है । 45 एम.एम. पानी प्रति सिंचाईं से समान उत्पादन (54.44 कुन्तल प्रति हैक्टर गेहूँ एवं 11.60 टन प्रति हैक्टर भूसा) अधिक जल उपयोग दक्षता 2.2 किलोग्राम/धनमीटर के साथ प्राप्त हुआ, जो कि 60 एम.एम. पानी प्रति सिंचाईं की जल उपयोग दक्षता (1.8 किलोग्राम/

चित्र 3.16. विभिन्न सिंचाई विकल्पों में गेहूँ उत्पादकता

धनमीटर) की तुलना में सार्थक रूप से अधिक थी ।

प्रोडक्शन एस्टीमेशन ऑफ व्हीट युजिंग रिमोट सेंसिंग एंड मॉडलिंग इन हरियाणा

वर्तमान अध्ययन करनाल में धान के जले हुए क्षेत्रों के आंकलन के लिए किया गया। अध्ययन के लिए 20 सितंबर, 2017 और 22 अक्तूबर, 2017 का उपयोग किया गया। मॉडरेट रिज़ोल्यूशन लैंडसेट ओएलआई उपग्रह चित्र जले हुए क्षेत्र का अनुमान प्रदान करता है, लेकिन धान की कटाई की अवधि के दौरान बादल की उपस्थिति के कारण लगातार मूल्यांकन संभव नहीं था।



चित्र 3.17. करनाल जिले की भूमि उपयोग एवं भूमि आवरण मानचित्र (अक्टूबर, 2017)

करनाल जिले को कवर करने के लिए पथ 147 और पंक्ति 39 और 40 की उपग्रह छवियों को https:// earthexplorer. usgs.gov- वेबसाइट से डाउनलोड किया गया। तत्पश्चात् इनकी मौजेंकिंग प्रक्रिया द्वारा करनाल जिले का सबसेट बनाया गया। जिओरेफेंरेन्सिग एवं डिजिटलीकरण विधि द्वारा करनाल जिले की सीमा का रेखांकन किया गया। वायुमंडलीय गड़बड़ी के कारण उपस्थित त्रुटियों को हटाने के लिए क्विक (त्वरित वायुमंडलीय सुधार तकनीक) का उपयोग करके वायुमंडलीय सुधार किया गया। छवियों को अधिकतम संभावना श्रेणी (एमएक्सएल) द्वारा 6 प्रमुख वर्गों में वर्गीकृत किया गया; जैसे जली हुई धान अवशेष, अन्य फसल और घास, जल श्रोत, निर्मित भूमि, परती भूमि तथा वन और वृक्ष। वर्गीकरण सटीकता में सुधार के लिए गैर कृषि क्षेत्रों को बाहर निकाला गया।

इस क्षेत्र का अनुमान पोस्ट वर्गीकरण तकनीक का उपयोग करके वर्गीकृत छवि के तहत पिक्सल की गणना करके लगाया गया था। जली हुई धान अवशेष का क्षेत्रफल 49000 हैक्टर था जो करनाल के कुल धान क्षेत्र (172474 हैक्टर) का लगभग 28 प्रतिशत था। अध्ययन बताता है कि जली हुई धान अवशेष वाले क्षेत्र की एकाग्रता करनाल की असंध और करनाल तहसील में दूसरों की तुलना में अधिक है। घरौंडा और नीलोखेड़ी तहसील में जले हुए धान अवशेष का क्षेत्रफल मध्यम है, जबकि इंद्री तहसील में बहुत कम है। इन क्षेत्रों में कम जलन की वजह, सुगंधित चावल के बढ़ने के कारण हो सकती है जो कि हाथ से काटा जाता है और पुआल का उपयोग पशु आहार के रूप में किया जाता है।

04 गुणवत्ता एवं मूलभूत विज्ञान

अखिल भारतीय समन्वयन कार्यक्रम–गेहूँ एवं जौ परीक्षणों का विश्लेषण

वर्ष 2017–18 में विभिन्न क्षेत्रों एवं परिस्थितियों की 116 ए.वी.टी, 216 एन.आई.वी.टी, 52 क्यू.सी.एस.एन, 28 विशेष परीक्षण तथा 61 प्रारंभिक क्यू.सी.एस.एन का गुणवत्ता विश्लेषण किया गया। सभी ए.वी.टी–द्वितीय प्रस्तुतियों का चेक्स सहित चपाती, ब्रेड तथा बिस्कुट के लिए आशाजनक प्रजातियों की पहचान के लिए विश्लेषण किया गया।

तालिका संख्या 4.1: गेहूँ के विभिन्न उत्पादों के लिए उत्कृष्ट प्रजातियाँ

गेहूँ के उत्पाद	प्रजातियाँ
चपाती (8.0/10.0)	चेक्स : डब्ल्यू एच 1124, डी बी डब्ल्यू 71 प्रस्तुतियाँ : एच डी 3237, पी बी डब्ल्यू 757
ब्रेड (> 575 मि.ली. लोफ आयतन)	चेक्स : एच डी 2967, एच डी 3059, डब्ल्यू.एच 1080, एच डी 2733, डी बी डब्ल्यू 71 प्रस्तुतियाँ : एच डी 3226, पी बी डब्ल्यू 752

इसके अतिरिक्त ट्रि. एस्टिवम एवं ट्रि. ड्यूरम में विशेष गुणवत्ता मापदण्डों जैसे परीक्षण भार, प्रोटीन की मात्रा, अवसादन मान, कठोरता सूचकांक, पीला रंजक, लौह एवं जस्ते के लिए उत्कृष्ट प्रस्तुतियाँ चिन्हित की गई।

तालिका संख्या 4.2: विभिन्न गुणवत्ता एवं पोषण संबंधी मापदण्डों के लिए उत्कृष्ट प्रविष्ठियाँ

मापदण्ड	मान	प्रस्तुतियाँ
		ट्रिटिकम एस्टिवम
प्रोटीन	~12.50 %	एच पी डब्ल्यू 459, यू पी 3017, एच एस 660, एच डी 3226, पी बी डब्ल्यू 752, ए के ए डब्ल्यू 4924, एन आई ए डब्ल्यू 3170, डी बी डब्ल्यू 110, एम पी 3288, एम पी 1331
अवसादन मान	~65 मी.ली	एच पी डब्ल्यू 451, एच एस 665, एच पी डब्ल्यू 442, एच एस 562, एच डी 3226, पी बी डब्ल्यू 752, डी बी डब्ल्यू 173, डी बी डब्ल्यू 237, एच डी 3059, डी बी डब्ल्यू 90, एच आई 1620, डब्ल्यू एच 1080, डी बी डब्ल्यू 187, एच डी 3249, डी बी डब्ल्यू 252, एच आई 1612, बी आर डब्ल्यू 3806, डी बी डब्ल्यू 110, एम पी 3288, एच आई 1605
कठोरता सूचकांक	< 35	एच एस 490, बी आर डब्ल्यू 3792, एन आई ए डब्ल्यू 3170, डी बी डब्ल्यू 168
लौह	>45.0 पी.पी.एम	एच एस 634, एच एस 490, वी एल 892, एच एस 660, एच एस 661, एच पी डब्ल्यू 459, वी एल 3016, यू पी 3017, एच एस 665, एच पी डब्ल्यू 451, यू पी 3016
	42.0 पी.पी.एम	एच डी 3086, पी बी डब्ल्यू 766, पी बी डब्ल्यू 801, डी बी डब्ल्यू 233, यू पी 2981, डी बी डब्ल्यू 187, के 0307, डी बी डब्ल्यू 90, के 1006, एच डी 2967, एच आई 1605
जस्ता	>40.0 पी.पी.एम	एच एस 634, एच पी डब्ल्यू 459, डब्ल्यू एच 1124, एन आई ए डब्ल्यू 3170
		ट्रिटिकम ड्यूरम
प्रोटीन	>12.5%	एच आई 8627, डी डी डब्ल्यू 47, यू ए एस 466, एम ए सी एस 4059
अवसादन मान	40 मी.ली	एच आई 8737, एम पी ओ 1343, डी डी डब्ल्यू 47, यू ए एस 466, एम ए सी एस 3949, यू ए एस 428, एच आई 8800, ए के डी डब्ल्यू 2997–16, यू ए एस 466, एच आई 8805, एच आई 8802, एम ए सी एस 4058, एम ए सी एस 4059
पीला रंजक	> 7.0 पी.पी.एम	यू ए एस 465, डी डी डब्ल्यू 47
लौह	42.0 पी.पी.एम	यू ए एस 466, एम पी ओ 1336, एम ए सी एस 4059
जस्ता	>40.0 पी.पी.एम	एच आई 8737, एच आई 8627, डी डी डब्ल्यू 47

विभिन्न गुणवत्ता मापदंडों में विस्तृत भिन्नता पाई गई है। यदि देश में विभिन्न उत्पादों के लिए अलग–अलग खरीद संभव करा दी जाए तो बेहत्तर गुणवत्ता वाले गेहूँ उत्पादों को उपलब्ध कराया जा सकता है।

तालिका संख्या 4.3: गुणवत्ता एवं पोषण संबंधी मापदण्डों में विविधता

मापदण्ड	ट्रिटिकम एस्टिवम		ट्रिटिकम ड्यूरम	
	औसत	विविधता	औसत	विविधता
परीक्षण भार (कि./है.ली.)	78.9	68.0 - 84.5	82.3	75.7 - 85.7
प्रोटीन (प्रतिशत)	11.4	7.3 - 15.9	11.9	10.2 - 16.8
कठोरता सूचकांक	75	29 – 96	83	75 – 93
अवसादन मान (मि.ली.)	56	38 – 73	42	29 – 53
पीला रंजक (पी.पी.एम.)			5.64	2.86 - 8.55
लौह (पी.पी.एम.)	39.2	19.8 - 57.7	38.8	32.7 - 46.9
जस्ता (पी.पी.एम.)	33.3	16.7 - 56.3	36.2	22.5 - 51.7



चित्र 4.1. 2017–18 की ए.वी.टी एवं आई.वी.टी प्रस्तुतियों में उच्च आणविक भार ग्लूटन सबयूनिट का वितरण प्रतिषत



चित्र 4.2. अवसादन मान के 6ग्रा एवं 1ग्रा परीक्षणों में सम्बंध

ग्लू–ए1, ग्लू–बी1 एवं ग्लू–डी जीन द्वारा सांकेतिक उच्च आणविक भार ग्लूटन सबयूनिट (एच.एम.डब्ल्यू–जी.एस) का 139 ए.वी.टी एवं आई.वी.टी प्रस्तुतियों तथा चेक्स में नीरुपण किया गया। कुल मिलाकर 70.5% में 5+10 तथा 29.5% प्रविष्ठियों में 2+12 (डी जिनोम द्वारा कोडिड) उप इकाई उपस्थित थी। जबकि 20.86, 38.84 तथा 40.28% प्रविष्ठियों में क्रमशः 1, 2 तथा एन उपइकाई (ए जिनोम द्वारा कोडिड) उपस्थित थी। इसी प्रकार 35.25, 9.35, 12.9, 40.28, 0.71 तथा 1.43% प्रविष्टियों में क्रमशः 7, 7+8, 7+9, 17+18, 20 तथा 13+16 उप इकाई (बी जिनोम द्वारा कोडिड) मौजूद थी।

गुणवत्ता मापदण्डों के विश्लेषण के लिए सूक्ष्म स्तरीय परीक्षणों का विकास एवं उपयोग

उत्पाद गुणवत्ता के लिए तीव्र पहचान प्रणालियों का विकास गेहूँ प्रजनन कार्यक्रम का एक मुख्य केंद्र बिन्दु रहा है। बड़े स्तर के परीक्षणों को रुपांतरित कर कई सूक्ष्म स्तरीय परीक्षणों का विकास किया गया है। इन परीक्षणों के लिए कम मात्रा में दानों, आटे एवं मैदे की आवश्यकता होती है तथा तीव्र होने की वजह से ये जननद्रव्य की गुणवत्ता क्षमता में सुधार के लिए लाभदायक हैं। दानों की रासायनिक प्रकृति के आधार पर गुणवत्ता विश्लेषण के लिए कई परीक्षण विकसित किए गए हैं। जैसे कि ग्लूटेन की मजबूती एवं पीले रंजक की मात्रा के लिए विकसित सूक्ष्म स्तरीय परीक्षणों का बड़े स्तर के परीक्षणों के साथ अच्छा सहसंबंध ($आर^2$ = >0.90) पाया गया है तथा इन्हें अखिल भारतीय समन्वयक कार्यक्रम में गेहूँ के नमूनों के विश्लेषण के लिए इस्तेमाल किया गया है। श्रेष्ठ द्रव्य की पहचान के लिए इन परिक्षणों कों पृथक्कीकरण पीढ़ियों की जाँच के लिए भी इस्तेमाल किया गया है।

ग्लू–डी 1 डबल नल का नाप हाल से उच्च उत्पादकता वाली गेहूँ की किस्मों में स्थानांतरण में प्रगति

भारतीय गेहूँ की लैंड रेस, नाप हाल में नरम दानों के लक्षण एवं ग्लू–डी1 डबल नल का संयोजन है जो कि कम ग्लूटेन शक्ति तथा अधिक बिस्कुट प्रसार गुणांक से संबंधित है। संकरण प्रक्रिया की शुरुआत 2005–06 में पी बी डब्ल्यू 373, पी बी डब्ल्यू 502 एवं यू पी 2425 के आवर्तक जनक तथा नाप हाल के डोनर

जनक के रुप में इस्तेमाल से हुई। तदंतर, अवसादन मान के सूक्ष्म स्तरीय परीक्षण के इस्तेमाल से उच्च पीढ़ियों में अग्रसित किया गया। 2012–13, 2013–14, 2014–15, 2015–16 एवं 2016–17 में पी बी डब्ल्यू 373, पी बी डब्ल्यू 502 एवं यू पी 2425 तथा नाप हाल के बीच संकरण की अग्रिम लाइनों का दानों की कठोरता, अवसादन मान एवं बिस्कुट गुणवत्ता के लिए विश्लेषण किया गया। इन सालों में कम अवसादन मान वाली स्थिर लाइनें जिनका बिस्कुट प्रसार गुणांक अधिक रहा उनकी पहचान की गई। पी बी डब्ल्यू 373 एवं नाप हाल के बीच संकरण से विकसित अग्रिम लाइनों में अवसादन मान 1.9 से 3.5 रहा जो कि नरम पृष्ठभूमि में अवसादन मान के प्रति ट्रांस्ग्रेसिव सैगरिगेंट को दर्शाता है। इसी तरह पी बी डब्ल्यू 502 एवं नाप हाल के बीच संकरण से विकसित अग्रिम लाईनों में भी अवसादन मान कम रहा (1.8 से 3.9)।

तालिका 4.4 : ग्लू–डी1 डबल नल युक्त नॉप हाल तथा उच्च उत्पादकता वाली किस्मों के बीच संकरण की 2017–18 में उगाई गई अग्रिम पीढ़ियाँ

प्रजातियाँ एवं संकरण संयोजन	पीढ़ियॉ	अवसादन मान (1 ग्राम/हेक्टर) स्प्रेड फैक्टर	औसत बिस्कुट प्रसार गुणांक
यू.पी 2425/*3/नापहाल	बी.सी3एफ10	1.7-4.4	12.22
पी.बी.डब्ल्यू 373/*3/नापहाल	बी.सी3एफ10	1.9-3.7	11.52
पी.बी.डब्ल्यू 502/*2/नापहाल	बी.सी1एफ9 ; बी.सी2एफ7	1.8-3.9	11.72
पी.बी.डब्ल्यू 373/*3/नापहाल (बी.सी3एफ4)//एच.डी 2967	बी.सी1एफ5य बी.सी2एफ4	2.3-4.8	12.30
यू.पी 2425/*3/नापहाल (बी.सी3एफ4)//एच.डी 2967	बी.सी1एफ6 य बी.सी1एफ2	2.1-4.3	13.10
यू.पी 2425/*3/नापहाल(बी.सी3एफ4)//डी.पी.डब्ल्यू 621–50	बी.सी1एफ6य बी.सी1एफ2	2.1-4.7	12.70
पी.बी.डब्ल्यू 373/*3/नापहाल(बी.सी3एफ4)//डी.पी.डब्ल्यू 621–50	बी.सी1एफ6य एफ7	2.1-3.9	12.60
नापहाल		3.5	10.12
यू.पी 2425		7.7	7.89
पी.बी.डब्ल्यू 502		7.3	7.56
पी.बी.डब्ल्यू 373		7.5	7.69
एच.डी 2967		8.7	7.12
डी.पी.डब्ल्यू 621–50		8.5	7.65
एच.एस 490		7.6	10.64

नाप हाल में ग्लू–डी 1 डबल नल के लिए विकसित सहप्रभावी सूचकों का प्रमाणीकरण

ग्लू–डी1 डबल नल के लिए उपलब्ध अणुसूचक अप्रभावी है जो कि प्रजनन में इस मार्कर के उपयोग को सीमित करता है। इसलिए सहप्रभावी मार्कर की पहचान करने के लिए शोध शुरू किया गया जिसे पृथक्कीकरण पीढ़ियों में प्रभावशाली रुप से ग्लू–डी 1 मार्कर की पहचान के लिए इस्तेमाल किया जा सके। उनमें से दो मार्करों सी.एफ.डी.19 एवं जी.डब्ल्यू.एम 642 ने ग्लू–डी1 डबल नल के साथ सह–पृथककरण दिखाया। ग्लू–डी1 बिन्दुपथ से मार्कर सी.एफ.डी 19 13.6 सेंटीमोरगन एवं जी.डब्ल्यू.एम 642 0.9 सेंटीमोरगन दूरी पर हैं। ग्लू–डी 1 डबल नल वाली सभी रिल्स में जी.डब्ल्यू.एम 642, ग्लू–डी 1 डबल नल के साथ सह–पृथक होता है केवल 4 रिल्स को छोड़कर। नाप हाल के अतिरिक्त किसी भी गेहूँ के जीनोटाइप में ग्लू–डी 1 डबल नल नहीं पाया गया। यह बिस्कुट गुणवत्ता में सुधार के लिए ग्लू–डी 1 मार्कर की उत्कृष्ट उपयोगिता को दर्शाता है।

एच डी 2967 एवं जी.पी.सी.–बी.1 लाइन के बीच संकरण से रिल्स का विकास

जी.पी.सी.–बी.1 जीन अधिक प्रोटीन एवं अधिक सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की मात्रा जैसे लौहा एवं जस्ता से संबंधित है। इसका इस्तेमाल जी.पी.सी.–बी.1 लाइन एवं एच डी 2967 के संकरण से विकसित एफ5 जनसंख्या की जाँच के लिए किया गया। इसके लिए अणु सूचकों जैसे माइक्रोसैटेलाइट मार्कर एक्स.सी.यू.डब्ल्यू 108 एवं 109 तथा कैप्स मार्कर एक्स.यू.एच.डब्ल्यू 106, 86 एवं 84 के विभिन्न संयोजनों का उपयोग किया गया। इसके अतिरिक्त, मार्करों का उपयोग पृथक्कीकरण पीढ़ियों के विश्लेषण के लिए भी किया गया। यह मार्करों का प्रोटीन, लौहा एवं जस्ता के साथ संबंध को देखने के लिए किया गया। कुछ रिपोर्ट जी.पी.सी.–बी.1 का प्रोटीन, लौह एवं जस्ते की मात्रा पर महत्वपूर्ण योगदान बताती हैं, परन्तु, इस अध्ययन में महत्वपूर्ण

योगदान साबित नहीं हुआ। इसलिए प्रजनन कार्यक्रम में उपयोग के लिए लाभदायी मार्कर की पहचान के लिए एच डी 2967 एवं जी.पी.सी.–बी.1 लाइन के बीच संकरण से रिल्स विकसित की गई (एफ$_8$ एवं बी सी$_1$ एफ$_7$)।

उच्च फाइटेज, कम फाइटिक एसिड एवं अधिक उपज वाली उत्परिवर्तक लाइनों का विकास

मनुष्य एवं पशुओं के लिए गेहूँ में सूक्ष्म पोषक तत्त्वों के घनत्व एवं उनकी जैव उपलब्धता को बढ़ाने से स्वास्थ में सुधार होगा तथा कृषि दीर्घकालिक होगी। गेहूँ जननद्रव्य में लौह एवं जस्ता की मात्रा में विस्तृत भिन्नता पाई गई है जो कि अधिक उपज वाली पृष्ठभूमि में सूक्ष्म पोषक तत्त्वों की मात्रा में सुधार के लिए



चित्र 4.3. पी.बी.डब्ल्यू.502 की उत्परिवर्तक लाइनों में फाइटेज की मात्रा का आवृति वितरण



चित्र 4.4. पी.बी.डब्ल्यू.502 की उत्परिवर्तक लाइनों में फाइटिक एसिड की मात्रा का आवृति वितरण

महत्वपूर्ण स्रोत है। सन 2008–09 में ई.एम.एस उत्परिवर्तन द्वारा विभिन्न पौषणिक गुणवत्ता लक्षणों में आनुवंशिक विविधता उत्पन्न की गई। पी बी डब्ल्यू 502 की पृष्ठभूमि में विकसित 800 उत्परिवर्तक लाइनों को उच्चतर पीढ़ियों में अग्रेसित किया गया तथा 2014–15, 2015–16, 2016–17 एवं 2076–18 में फाइटेज एवं फाइटिक एसिड के लिए विश्लेषण किया गया। कम फाइटिक एसिड एवं अधिक फाइटेज युक्त उत्परिवर्तक लाइनों का विकास किया गया। यह एक ऐसा अध्ययन है जिसमें पहली बार इतने बड़े गेहूँ के जननद्रव्य का फाइटेज एवं फाइटिक एसिड के लिए विश्लेषण किया गया तथा उत्परिवर्तन प्रजनन द्वारा कम फाइटिक एसिड एवं अधिक फाइटेज युक्त लाइनों का विकास किया गया। बायोफोर्टिफिकेशन द्वारा सूक्ष्म पोषक तत्त्वों से भरपूर गेहूँ से इन तत्त्वों की कमी को दीर्घकालिक रुप से कम किया जा सकता है।

एग्रोनोमिक बायोफोर्टिफिकेशन

आनुवंशिक बायोफोर्टिफिकेशन के पूरक के रुप में एग्रोनोमिक बायोफोर्टिफिकेशन में दानों के भराव के आरम्भिक चरण के दौरान पौधों पर लोहा एवं जस्ता के घोल का छिड़काव किया जाता है। इस अध्ययन में 2017–18 के दौरान 10 अधिक उपज वाली प्रजातियों के एक ट्रायल में लौह, जस्ते एवं लौह+जस्ते का छिड़काव किया गया। जस्ते के छिड़काव के बाद दानों में जस्ते की मात्रा में 60 प्रतिशत तक बढ़ोत्तरी दर्ज की गई (25.8 से 40.4 पी.पी.एम तक), परन्तु, लौह के छिड़काव के बाद लौह की मात्रा में कोई महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आया। सबसे बेहतर प्रतिक्रिया दिखाने वाले प्रजाति में जस्ते की मात्रा में 22 पी.पी.एम की बढ़ोत्तरी हुई। इस तरह लौह एवं जस्ते के छिड़काव से गेहूँ में इन सूक्ष्म पोषक तत्त्वों के घनत्व को बढ़ाया जा सकता है।



चित्र 4.5. गेहूँ में लौह एवं जस्ते के छिड़काव का इन सूक्ष्म पोषक तत्त्वों के घनत्व पर प्रभाव (10 प्रजातियों का औसत)

सी डी विषाक्त एपीटोप में विविधता का अध्ययन

एलिसा विधि द्वारा लगभग 100 गेहूँ और 24 जौ की प्रजातियों के ग्लाइडिन प्रोटीन में सीलिएक रोग के ऐपीटोप की उपस्थिति का मूल्यांकन किया गया। इस अध्ययन की प्रजातियों में सी डी विषाक्त एपीटोप मे 4 गुणा भिन्नता पाई गई। दो साल के आंकड़े यह दिखाते हैं कि पिछले 60 वर्षों में विमोचित प्रजातियों में सी डी विषाक्त एपीटोप की उपस्थिति में महत्वपूर्ण बदलाव नहीं आया



चित्र 4.6. लौह/जस्ते की मात्रा में भिन्न गेहूँ की चार लाइनों में लौह/जस्ते के उदग्रहण एवं स्थानांतरण में षामिल 28 प्रमुख जानों का हीट मेप।

है। 1960 से पहले की प्रजातियों में सी डी विषाक्त एपीटोप की उपस्थिति कम पाई गई। हालांकि, 1960 से पहले एवं उसके बाद सी डी विषाक्त एपीटोप की उपस्थिति में विविधता पाई गई है।

लौह एवं जस्ते की मात्रा से संबंधित जीन/ट्रांसक्रिप्ट की पहचान

ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण दिखलाता है कि लौह/जस्ते की कमी में फॉयटोसिडेरोफोर संश्लेषण से संबंधित जीनों का अंतरीय प्रकटन होता है। लौह/जस्ते का जड़ से लेकर दानों तक का उदग्रहण एवं स्थानांतरण की आणविक प्रक्रिया अभी तक अज्ञात है। इसलिए, लौह/जस्ते के अवशोषण, स्थानांतरण एवं संचयन की प्रक्रिया को समझने के लिए गेहूँ के चार जीनोटाइपों (सी. आर.पी 1660–अधिक लौह/जस्ता; सोनारा 64, विनाता–मध्यम लौह/जस्ता; डी.बी.डब्ल्यू 17–कम लौह/जस्ता) का ट्रांसक्रिप्टोम विश्लेषण किया गया। फॉयटोसिडेरोफोर जैवसंश्लेषण, उद्ग्रहण एवं स्थानांतरण से संबंधित 28 प्रमुख ट्रांसक्रिप्टों की पहचान की गई। 12 ट्रांसक्रिप्टों का क्वांटीटेटिव पी.सी.आर यह बतलाता है कि सबसे अधिक अंतरीय संचयन सी. आर.पी 1660 में हुआ तथा उसके बाद विनाता, सोनारा 64 एवं डी.बी.डब्ल्यू 17 में हुआ। इन चयनित ट्रांसक्रिप्टों का अंतरीय संचयन नवांकुर पौधे की अपेक्षा फ्लैग लीफ में काफी अधिक पाया गया। इसके अतिरिक्त, इन 28 ट्रांसक्रिप्टों को नियंत्रित करने वाले समरुपी माइक्रो आर.एन.ए को भी खोजा गया। नवांकुर पौधों में लौह/जस्ते की कमी के दौरान ट्रांसक्रिप्शनल प्रतिक्रिया फॉयटोसिडेरोफोर जैवसंश्लेषण, उद्ग्रहण, स्थानांतरण एवं जड़ से दानों तक पुर्नसंघटन में शामिल जीनों के उतार–चढ़ाव की पुष्टि करती है। यह जानकारी भविष्य में गेहूँ में लौह/जस्ते की मात्रा को बढ़ाने के लिए आणविक प्रजनन कार्यनीति बनाने में सहायक होगी। अंतरीय प्रकटित जीनों का हीट मैप विश्लेषण यह दिखाता है कि सबसे अधिक संचयन सी. आर.पी 1660 में हुआ तथा उसके बाद सोनारा 64, विनाता एवं डी.बी.डब्ल्यू 17 में हुआ।

रिल्स एवं उत्परिवर्तक जनसंख्या का उपयोगी आनुवंशिक संसाधन के लिए विकास

विभिन्न गुणवत्ता लक्षणों जैसे कठिया गेहूँ में पीला रंजक तथा ब्रेड गेहूँ में चपाती गुणवत्ता, दानों की कठोरता, प्रोटीन एवं ग्लूटेन की मजबूती के लिए कई रिल्स का विकास किया गया है तथा उनका अनुरक्षण किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, पी.बी.डब्ल्यू 502, पी.डी.डब्ल्यू 233, खरचिया 65 एवं सी 306 की पृष्ठभूमि में उत्परिवर्तक जनसंख्यों का विकास किया गया है तथा उन्हें एम 6/एम 7 पीड़ियों में अग्रसित किया गया है। ये आणविक अध्ययन एवं गुणवत्ता सुधार के लिए उपयोगी आनुवंशिक संसाधन हैं। खरचिया 65 से लवण सहिष्णुता के लिए भी रिल्स (एफ 8) का विकास किया गया है तथा इसे आणविक अध्ययन के लिए इस्तेमाल में लाया जा रहा है। नाप हाल से विकसित कुछ लाइनों ने बड़े भूखंड परीक्षण में अधिक उपज क्षमता एवं बिस्कुट प्रसार गुणांक दिखाया है। कुछ अग्रिम लाइनों ने भी अधिक उपज क्षमता दिखाई तथा उनका चयन 2018–19 में स्टेशन ट्रायल लिए किया गया।



चित्र 4.7 : भारतीय जौ प्रजातियों में पीला रंजक सामग्री की मात्रा



चित्र 4.8. माल्ट जौ कोसिंग ब्लाक में प्रोएनथोस्यानिडिन का वितरण।

जौ में पीला रंजक एवं प्रोएंथोस्यानिडिन तत्त्वों का अध्ययन

जौ कई प्रकार के जैव क्रियात्मक यौगिकों का भण्डार है जो मनुष्यों में अतिरिक्त स्वास्थ लाभ प्रदान कर सकते हैं। पीले रंजक के आंकलन दूसरे वर्ष 84 प्रजातियों में किया गया। वर्ष 2017–18 में पीले रंजक की मात्रा में 1.05–2.26 माईक्रोग्राम बीटा–कैरोटीन इक्वीवलेंट/ग्राम की विविधता पाई गई। वर्ष 2016–17 में पीले रंजक की मात्रा 1.20–2.62 माईक्रोग्राम बीटा–कैरोटीन इक्वीवलेंट/ग्राम थी। इस प्रकार पीले रंजक की मात्रा पर फसल वर्ष का कोई प्रभाव नहीं पाया गया।

प्रोएनथोस्यानिडिन (पी.ए.सी) भंडारण के समय बीयर में घुंधलापन पैदा करते हैं। इसलिए कम पी.ए.सी वाली माल्ट जौ किस्मों की पहचान के लिए एक माल्ट क्रोसिंग ब्लाक की 135 लाइनों की जाँच की गई। पी.ए.सी की मात्रा में 0.3–2.5 मि.ग्रा. कैटीकिन इक्वीवेलेंट/ग्रा. की विविधता पाई गई। कम पी.ए.सी वाली एक लाईन को भी पहचान की गई तथा इसकी पुष्टि के लिए दूसरे साल में भिर से इसका परीक्षण किया जाएगा।

05 सामाजिक विज्ञान

विश्व स्तर पर खाद्य वस्तुओं के क्षेत्रफल के अनुसार गेहूँ एवं जौ का क्रमशः प्रथम व चौथा स्थान है। भारत में इन रबी अनाजों की कुल खेती लगभग 31 मिलियन हैक्टर क्षेत्रफल पर होती है। जो कि वर्ष 2017–18 के दौरान उत्पादित कुल खाद्यान्नों का लगभग 36 प्रतिशत है। वर्ष 2017–18 में गेहूँ की खेती लगभग 31 मिलियन हैक्टर पर की गई, जबकि जौ की खेती लगभग 0.7 मिलियन हैक्टर क्षेत्रफल पर की गई। (स्रोतः अर्थशास्त्र एवं सांख्यिकी निदेशालय, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत)। पिछले वर्ष गेहूँ की औसत उत्पादकता 3318 किलोग्राम/हैक्टर के साथ रिकार्ड उत्पादन 98.61 मिलियन टन रहा, और वर्तमान सीजन में भी उत्पादन वृद्धि बनी रहने की उम्मीद है। वर्ष 2016–17 के दौरान गेहूँ के उत्पादन में 0.10 मिलियन टन (+0.10 वृद्धि का अनुमान लगाया गया था। इसी प्रकार, वर्ष 2017–18 के दौरान 2641 किलोग्राम/हैक्टर राष्ट्रीय औसत उत्पादकता के साथ 0.68 मिलियन हैक्टर क्षेत्रफल से जौ का उत्पादन 1.79 मिलियन टन दर्ज किया गया।

विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन की प्रवृति एक समान देखी गई। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन (एफ एल डी) के माध्यम से किसानों के खेत में उन्नत किस्मों एवं तकनीकों को दर्शाया गया है। एफ एल डी के अर्न्तगत प्राप्त उपज जांचक प्लॉटों की तुलना में उल्लेखनीय रूप से अधिक पाई गई। फिर भी जिन क्षेत्रों में उपज अन्तराल ज्यादा पाया गया है, उन क्षेत्रों में कम उत्पादन की विशिष्ट बाधाओं को पहचान करके आवश्यकता के आधार पर हस्तक्षेप के माध्यम से दूर किया जाना चाहिए। भा कृ अनु प–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान ने विशिष्ट क्षेत्रों के लिए श्रेष्ठ किस्मों के साथ–साथ सूक्ष्म स्तर पर रणनीति को लोकप्रिय बनाने के लिए निरन्तर प्रयास किये गये हैं ताकि गेहूँ एवं जौ की उत्पादकता में वृद्धि हो सके। इस बाह्य पहुंच कार्यक्रम के अतिरिक्त, गेहूँ एवं जौ की उत्पादकता में वृद्धि करने के लिए विभिन्न वैज्ञानिक–किसान इन्टरफेस कार्यक्रमों के माध्यम से बीज प्रतिस्थापन पर अधिक जोर देने, एकीकृत पोषक प्रबंधन (आईएनएम), कुशल जल प्रबंधन, एकीकृत फसल प्रबंधन (आईसीएम), एकीकृत कीट प्रबंधन (आईपीएम), खरपतवार प्रबंधन, फसल के अवशेषों के निगमन/अवधारण और मिट्टी स्वास्थ्य प्रबंधन की आवश्यकता है। भागेजौअनुसं पोर्टल के माध्यम् से कृषि सलाहकार सेवाऐं (डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू. आईआईडब्ल्यूबीआर.ओआरजी), व्हाट्सएप समूह, मैनेज पोर्टल एवं संस्थान द्वारा क्षेत्रीय स्तर के विस्तार अधिकारियों या विषय विशेषज्ञों के गहन प्रशिक्षण ने भी विशेष रूप से गेहूँ के झुलसा एवं पीला रतुआ जैसे रोगों के विरूद्ध आकस्मिक प्रबंधन उपायों का प्रयोग करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। किसानों के क्षेत्र में कुशल तकनीकों को स्थानान्तरित करने के लिए संस्थान स्तर पर कई अन्य कार्यक्रमों की शुरुआत की गई है।

बीज उपचार, बीज प्रतिस्थापन एवं रोग प्रबन्धन पर जन संचार माध्यमों के द्वारा जागरुकता पैदा करने से किसानों की अजीविका बढ़ाने एवं उनके कल्याण में मदद मिली है। विभिन्न प्राधिकृत एजेंसियों की खरीद ने किसानों को किसी विशेष फसल के लिए समान या अधिक क्षेत्रफल आवंटित करने के लिए प्रेरित किया है। प्रक्षेत्र एवं राष्ट्रीय स्तर पर भंडारण जैसी सुविधाओं का विकास करना समय की आवश्यकता है, इसके लिए नीतिगत हस्तक्षेपों का समर्थन किया जाना आवश्यक है। प्रतिवेदन के खण्ड में विभिन्न शोध परिणामों के अलावा गेहूँ एवं जौ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों के परिणाम, उत्पादन लागत एवं आमदनी के साथ–साथ गेहूँ एवं जौ के उत्पादन में आने वाली बाधाओं पर प्रकाश डाला गया है।

गेहूँ का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

वर्ष 2017–18 में गेहूँ फसल सीजन के दौरान देश भर में एक–एक एकड़ के 1500 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन 80 समन्वयक केन्द्रों को आवंटित किए गये थे। जिनमें से 1388 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन का आयोजन 75 समन्वयक केन्द्रों द्वारा किया गया। चयनित किसानों के प्रक्षेत्र पर गेहूँ की उन्नत किस्में (चपाती, कठिया एवं खपली), रोटावेटर, शून्य जुताई/रोटरी डिस्क, जैव उर्वरक एवं ड्रिप/छिड़काव सिंचाई जैसी तकनीकों को फसल उत्पादन की समग्र शिफारिसों के साथ प्रदर्शित किया गया।

गेहूँ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन को 19 राज्यों में 1529 किसानों के 1411.45 हैक्टर क्षेत्रफल में आयोजित किया गया। गेहूँ के अधिकतम् अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन उत्तर प्रदेश (174), इसके बाद बिहार (130), मध्य प्रदेश (117), हिमाचल प्रदेश एवं महाराष्ट्र (99), हरियाणा (89), असम (88), राजस्थान (84), पंजाब (73),

तालिका 5.1: वर्ष 2017–18 के दौरान अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अन्तर्गत विभिन्न राज्यों में गेहूँ की उन्नत किस्मों का प्रदर्शन

प्रदेश	औसत उपज (कुंतल/हैक्टर) उन्नत किस्में	लाभ जाँचक किस्में	(प्रतिशत)
असम	24.88	19.12	30.13***
बिहार	41.21	33.58	22.72***
छत्तीसगढ़	37.24	31.84	16.96***
दिल्ली	47.79	44.23	08.05***
गुजरात	50.04	43.99	13.75***
हरियाणा	48.22	46.95	02.71NS
हिमाचल प्रदेश	34.6	28.79	20.18***
जम्मू एवं कश्मीर	39.05	29.69	31.53***
झारखंड	35.46	27.18	30.46***
कर्नाटक	27.61	22.23	24.20***
महाराष्ट्र	39.81	33.35	19.37***
मणिपुर	17.5	-	.
मध्य प्रदेश	49.13	39	25.97***
पंजाब	51.89	51.74	00.29NS
राजस्थान	49.67	45.33	09.57***
तमिलनाडू	36.18	.	.
उत्तर प्रदेश	46.67	40.59	14.98***
उत्तराखंड	34.18	26.34	29.76***
पश्चिम बंगाल	38.2	28	36.43***

*** 1प्रतिशत स्तर पर महत्वपूर्ण, छै गैर महत्वपूर्ण

कर्नाटक (68), झारखंड (65), जम्मू एवं कश्मीर (51), पश्चिम बंगाल (50), तमिलनाडू (44), छत्तीसगढ़ (43), उत्तराखंड (38), दिल्ली (36), गुजरात (35) एवं मणीपुर (10) में आयोजित किए गये।

उत्पादन लाभ की गणना के समय जांचक/क्षेत्रीय उपज के साथ उत्पादन की विभिन्न स्थितियों (समय पर बीजाई, देर से बीजाई एवं वर्षा आधारित बीजाई) के लिए सभी उन्नत किस्मों को सम्मलित किया गया। तालिका 5.1 से यह स्पष्ट हो जाता है कि अधिकतम लाभ पश्चिम बंगाल (36.43) में, इसके बाद जम्मू एवं कश्मीर (31.53), झारखंड (30.46), असम (30.13), उत्तराखंड (29.76), मध्य प्रदेश (25.97), कर्नाटक (24.20), बिहार (22.72), हिमाचल प्रदेश (20.18), महाराष्ट्र (19.37), छत्तीसगढ़ (16.96), उत्तर प्रदेश (14.98), गुजरात (13.75), राजस्थान (09.57) एवं दिल्ली (08.05) में दर्ज किया गया।

तालिका 5.2: वर्ष 2017–18 के दौरान अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन के अन्तर्गत गेहूँ की उत्पादकता का क्षेत्रवार प्रदर्शन

क्षेत्र	औसत उपज (कुंतल/हैक्टर) अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन	क्षेत्रीय	प्रतिशत लाभ
उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र	32.02	24.67	29.79***
उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	36.39	29.36	23.94***
उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	50.13	46.78	07.16***
मध्य क्षेत्र	45.97	38.77	18.57***
प्रायद्वीपीय क्षेत्र	34.63	28.88	19.91***
दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र	36.18	.	.

*** 1प्रतिशत स्तर पर महत्वपूर्ण, छै गैर महत्वपूर्ण

तालिका 5.3: गेहूँ में बूंद–बूंद/टपका/ड्रिप सिंचाई का अग्रिमपंक्ति प्रदर्शन

क्षेत्र एवं केन्द्र	उन्नत किस्में	बूंद–बूंद/टपका/ड्रिप सिंचाई औसत उपज (कु./है.)	पारंपरिक सिंचाई औसत उपज (कु./है.)	लाभ (प्रतिशत)
भिवानी				
(बूंद–बूंद/टपका सिंचाई)	डब्ल्यू बी 2	51.00	46.94	08.65'''
वीजापुर, मेहसाना (टपका/ड्रिप सिंचाई)	जी डी डब्ल्यू 1255 (ड्यूरम)	43.75	38.88	12.53 NS
वीजापुर, मेहसाना (टपका/ड्रिप सिंचाई)	जी डब्ल्यू 451	51.67	42.33	22.06'

*** 1प्रतिशत स्तर पर महत्वपूर्ण, ★ 10प्रतिशत स्तर पर महत्वपूर्ण, NS गैर महत्वपूर्ण

जांचक किस्मों की तुलना में उन्नत प्रजातियों में अधिकतम उपज लाभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र (29.79) में, इसके बाद उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र (23.94, प्रायद्वीपीय क्षेत्र (19.91), मध्य क्षेत्र (18.57) एवं उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र (07.16) में दर्ज किया गया (तालिका 5.2)। भारतवर्ष की बढ़ती हुई खाद्य आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र और मध्य क्षेत्र के उपज अन्तराल को कम करने की आवश्यकता है। उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में विकास संबधिंत एजेंसियों द्वारा गेहूँ उत्पादकता वृद्धि के लिए किए गए ठोस प्रयासों से उपज अन्तराल को कम करने से बढ़ती आवश्यकता को पूरा करने में मदद मिलेगी। सभी केंद्रों पर जांचक किस्मों की तुलना में उन्नत प्रजातियों ने सर्वश्रेष्ठ उपज का प्रदर्शन किया और यह सीमा 07.16(उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र) से 29.79 (उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र) तक पाई गई।

मध्य क्षेत्र के इन्दौर केन्द्र पर कठिया गेहूँ की उन्नत प्रजातियों के संदर्भ में एच डी 8737(डी) ने औसत उपज 72.50 कुन्तल/हैक्टर, इसके बाद एच आई 8759(डी) ने 68.00 कुन्तल/हैक्टर महत्वपूर्ण औसत उपज दी। प्रायद्वीपीय क्षेत्र के पुणे केन्द्र पर गेहूँ की उन्नत प्रजाति एच डब्ल्यू 1098 (डाईकोकम) ने औसत उपज 47.50 कुन्तल/हैक्टर दी जो कि गैर–महत्वपूर्ण थी।

उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के मलान, कांगड़ा केन्द्र पर गेहूँ की उन्नत बरानी किस्म एच एस 562 ने औसत उपज 36.68 कुन्तल/हैक्टर दी जो कि जाँचक किस्मों से महत्वपूर्ण रूप से अधिक थी। गेहूँ की इसी प्रजाति ने हमीरपुर, टूटीकंडी शिमला, खुडवनी अनंतनाग एवं तंडवाल राजौरी केन्द्रों पर क्रमशः 34.30 कु./है., 33.20 कु./है., 31.50 कु./है. एवं 26.84 कु./है. औसत उपज दी। जबकि गेहूँ की अन्य किस्म वी एल 953 से अल्मोड़ा केन्द्र पर 31.28 कु./है. की औसत उपज प्राप्त हुई। मध्य क्षेत्र के नीमच केन्द्र पर गेहूँ की उन्नत किस्म डी.बी.डब्ल्यू. 110 की औसत उपज 65.06 कुन्तल/हैक्टर थी जो कि जाँचक किस्मों से महत्वपूर्ण रूप से अधिक थी जबकि बिलासपुर केन्द्र पर इसी उन्नत किस्म की औसत उपज 40.40 कुन्तल/हैक्टर प्राप्त की गई। दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र के वेलिंगटन केन्द्र पर एच डब्ल्यू 5207 (सीओडब्ल्यू 3) की औसत उपज 38.00 कुन्तल/हैक्टर दर्ज की गई।

पानी के प्रभावी और कुशल प्रयोग के लिए, भिवानी एवं वीजापुर केन्द्रों पर फब्बारा/ड्रिप सिंचाई पर प्रदर्शन आयोजित किये गये। भिवानी केन्द्र पर बूंद–बूंद/टपका/ड्रिप सिंचाई के कारण महत्वपूर्ण उपज लाभ प्राप्त हुआ। वीजापुर केन्द्र पर टपका/ड्रिप सिंचाई के कारण सार्थक उपज लाभ मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि हम कम पानी के उपयोग से भी समान उपज का उत्पादन कर सकते हैं। इसलिए, देशभर में गिरते जल स्तर को ध्यान में रखते हुए इस तरह की तकनीकों का उपयोग निकट भविष्य में बहुत अच्छा रहने की उम्मीद है। प्रधानमन्त्री कृषि सिंचाई योजना **"मोर क्रॉप पर ड्रॉप"** का मुख्य उद्देश्य किसानों के खेतों में सूक्ष्म सिंचाई तकनीक प्रदर्शन को महसूस किया जा सकता है। इस तकनीक के साथ मुख्य समस्या यह है कि कई केन्द्रों पर सूक्ष्म सिंचाई तकनीक का प्रदर्शन करने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा उपलब्ध नहीं है।

भारत के विभिन्न गेहूँ उत्पादन क्षेत्रों में आने वाली बाधाओं का विश्लेषण

गत वर्षों में गेहूँ उत्पादन में निरन्तर वृद्धि देखी गई है। देश के विभिन्न राज्यों में गेहूँ की उपज स्तर में विभिन्नता पाई गई। विभिन्न राज्यों के भिन्न–भिन्न केन्द्रों पर किसान अपने खेतों में अधिक उत्पादन लेने के लिए अग्रणी हैं। इस वर्ष गेहूँ की औसत उत्पादकता 3318 किलोग्राम/हैक्टर के साथ रिकार्ड उत्पादन 98.61 मिलियन टन रहा, और आगे भी उत्पादन वृद्धि बनी रहने की उम्मीद है। इस उपज अन्तराल को कई कारणों से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। स्थायी गेहूँ उत्पादन के लिए किसानों को संबोधित करने की आवश्यकता है। बाधा विश्लेषण के माध्यम से, देश

के विभिन्न हिस्सों में गेहूँ उत्पादन में अवरोध पैदा करने वाली बाधाओं की पहचान करने के लिए एक प्रयास किया गया है।

उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र

उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में नई संस्तुत किस्मों के बीज की अनुपलब्धता, मंडूसी (फेलेरिस माइनर), असमय वर्षा, आवकों की उच्च कीमत, दीमक, छोटी जोत धारक, भूमि के समतलीकरण का अभाव, दोषपूर्ण सिंचाई विधि, कृषि रसायनों की खराब गुणवत्ता एवं प्रक्षेत्र मशीनरी की अनुपलब्धता को शीर्ष दस प्रमुख बाधाओं के रूप में जाना गया।

उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र

उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र की क्षमता को महसूस करते हुए, दूसरी हरित क्रान्ति के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी श्रेणी की बाधाओं को तुरन्त सम्बोधित किया जाना चाहिए। इस क्षेत्र की प्रमुख बाधाओं में आवकों की उच्च कीमत, अनियमित विद्युत आपूर्ति, श्रम की अनुपलब्धता, मृदा में कार्बनिक पदार्थों की कमी, असमय वर्षा, फसल पकने के समय उच्च तापमान, फसल सीजन के दौरान तापक्रम का उतार–चढ़ाव, विपणन में समस्या, किसानों में नवीन तकनीकी ज्ञान का अभाव, वितरण प्रणाली की सूचना का अभाव एवं भूमि के जल स्तर में गिरावट को प्रमुख बाधाओं के रूप में देखा गया। किसानों को नवीनतम गेहूँ उत्पादन तकनीकों के बारे में शिक्षित व प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है ताकि उनके खेतों में अधिकतम संभावित उपज प्राप्त की जा सके।

उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र

इस वृहत् क्षेत्र में मंडूसी नामक खरपतवार गेहूँ की एक प्रमुख समस्या है, इस फसल सीजन के दौरान किसानों से अधिकांश शिकायतें इसी समस्या से संबन्धित प्राप्त हुई। इसके बाद आवकों की उच्च कीमत, भूमि के जल स्तर में गिरावट, गेहूँ की कम कीमत, छोटी जोत धारक एवं नई संस्तुत किस्मों के बीज की अनुपलब्धता को प्रमुख बाधाओं के रूप में उल्लेखित किया गया।

मध्य क्षेत्र

मध्य क्षेत्र में श्रमिकों की अनुपलब्धता, जल स्तर में गिरावट, छोटी जोत धारक, आवकों की उच्च कीमत, उर्वरकों का असंतुलित उपयोग आदि को किसानों द्वारा प्रमुख बाधाओं के रूप में पहचाना गया है।

प्रायद्वीपीय क्षेत्र

प्रायद्वीपीय क्षेत्र में, गेहूँ की कम कीमत, बीज की निम्न गुणवत्ता, श्रमिकों की अनुपलब्धता, अनियमित विद्युत आपूर्ति, नई संस्तुत किस्मों के बीज की अनुपलब्धता, कृषि यंत्रों को उच्च किराए दर पर लेने की प्रथा, आवकों की उच्च कीमत, गेहूँ के विपणन में समस्या एवं मृदा में कार्बनिक पदार्थों की कमी आदि प्रमुख बाधाओं का सामना गेहूँ उत्पादकों द्वारा किया गया।

दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र

दक्षिणी पर्वतीय क्षेत्र में असामयिक वर्षा, गेहूँ की कम कीमत, श्रमिकों की अनुपलब्धता, छोटी जोत धारक, कृषि यंत्रों को उच्च किराए दर पर लेने की प्रथा, अनियमित विद्युत आपूर्ति, फसल पकने के समय उच्च तापमान, जल स्तर में गिरावट एवं गेहूँ के विपणन में समस्या आदि प्रमुख बाधाओं का सामना गेहूँ उत्पादकों द्वारा किया गया।

तालिका 5.4: वर्ष 2017–18 के दौरान देश में गेहूँ उत्पादन के समय आने वाली समग्र बाधाएं

क्र.सं.	बाधाएं	अंक	स्थान
1.	आवकों की उच्च कीमत	1844	I
2.	छोटी जोत धारक	1722	II
3.	नई संस्तुत किस्मों के बीज की अनुपलब्धता	1691	III
4.	श्रमिकों की अनुपलब्धता	1475	IV
5.	कृषि यंत्रों को उच्च किराए दर पर लेने की प्रथा	1348	V
6.	गेहूँ का मामा / मडूसी (फेलेरिस माइनर)	1329	VI
7.	अप्रत्याशित बारिस	1311	VII
8.	जल स्तर में गिरावट	1304	VIII
9.	किसानों में नवीन तकनीकी ज्ञान का अभाव	1285	IX
10.	गेहूँ की कम कीमत	1289	X

समग्र बाधाएं

सभी क्षेत्रों की समग्र बाधाओं के विश्लेषण से पता चलता है कि आवकों की उच्च कीमत, छोटी जोत धारक, नई संस्तुत किस्मों के बीज का अभाव, श्रमिकों की अनुपलब्धता, कृषि यंत्रों का उच्च किराए दर पर मिलना, मंडूसी (फेलेरिस माइनर), जल स्तर में गिरावट, किसानों में नवीन तकनीकी ज्ञान का अभाव, गेहूँ की कम कीमत के बढ़ते प्रभाव एवं अप्रत्याशित बारिस को गेहूँ उत्पादन एवं उत्पादकता को प्रभावित करने वाली प्रमुख बाधाओं के रूप में माना गया। किसानों को नवीनतम् गेहूँ उत्पादन तकनीकों, समग्र पैकेज एवं मिट्टी स्वास्थ्य प्रबन्धन पर शिक्षित व प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है, साथ ही साथ किसानों को अच्छी गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने एवं गुणवत्ता वाली आदानों के लिए सरकारी हस्तक्षेप की जरूरत है। गेहूँ की खेती पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव पर किसानों को अपडेट करने की आवश्यकता है और इसके प्रभाव को कम करने के लिए क्या रणनीति अपना सकते हैं। किसानों के खेत में संरक्षण खेती एवं संसाधन संरक्षण तकनीकों को अपनाने के लिए एक बड़े पैमाने पर प्रचारित किया जा सकता है। गेहूँ का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करने के लिए किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले गेहूँ का उत्पादन करना होगा। देश के सभी प्रमुख उत्पादन क्षेत्रों में गेहूँ उत्पादन में वृद्धि करने के लिए समग्र बाधाओं पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।

जौ का अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

रबी फसल सीजन 2017–18 के दौरान एक–एक एकड़ के 250 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन देश भर के 6 राज्यों; हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान एवं मध्य प्रदेश के 21 समन्वयक केन्द्रों को आवंटित किए गये थे, जिनमें से 228 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन 21 समन्वयक केन्द्रों द्वारा 238 किसानों की 244.4 एकड़ भूमि पर आयोजित किए गए। इन प्रदर्शनों में जौ की उन्नत किस्मों के साथ–साथ समग्र सिफारिश (सिंचाई प्रबन्धन, उर्वरकों की उचित मात्रा एवं उपयोग की विधि, खरपतवार नियन्त्रण एवं बीजोपचार इत्यादि) जैसी तकनीकों को फसल उत्पादन की समग्र सिफारिशों के साथ प्रदर्शित किया गया।

जौ की पैदावार में सबसे अधिक वृद्धि दर उत्तर प्रदेश (21.35) में, इसके बाद राजस्थान (16.26), मध्य प्रदेश (15.42), हिमाचल प्रदेश (11.39) एवं हरियाणा (11.26) में दर्ज की गई। जबकि सबसे कम वृद्धि दर पंजाब (09.62) में पाई गई। जौ की उन्नत किस्मों के कारण अधिकतम औसत उपज उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के बजौरा केन्द्र पर एच बी एल 713 की 26.68 कुन्तल/हैक्टर थी, जबकि उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र के वाराणसी केन्द्र पर प्रजाति एच यू बी 113 की 42.94 कुन्तल/हैक्टर, उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र के रेवाड़ी केन्द्र पर प्रजाति डी डब्ल्यू आर बी 123 की 56.00 कुन्तल/हैक्टर एवं मध्य क्षेत्र के मुरैना केन्द्र पर बी एच 959 की 49.93 कुन्तल/हैक्टर दर्ज की गई। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र, उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र, उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र एवं मध्य क्षेत्र के विभिन्न केन्द्र क्रमशः बजौरा, वाराणसी, रेवाड़ी एवं मुरैना के कुछ विशेष किसानों के खेतों पर अन्य किस्मों की तुलना में एच बी एल 713 (32.37 कु./है.), एच यू बी 113 (44.27 कु./है.), डी डब्ल्यू आर बी 123 (60.00 कु./है.) एवं बी एच 959 (53.50 कु./है.) का औसत उपज के साथ बेहतर प्रदर्शन देखा गया।

भारत के विभिन्न जौ उत्पादक क्षेत्रों में आने वाली बाधाओं का विश्लेषण

उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र

उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में पीला रतुआ, किसानों में नई तकनीक की जानकारी का अभाव, छोटी जोत धारक, देरी से की गई बीजाई, सिंचाई सुविधाओं की कमी, शाकनाशियों की उचित मात्रा के प्रयोग की जानकारी का अभाव, पानी का तनाव, नई संस्तुत किस्मों के बीज की अनुपलब्धता, प्रशिक्षण सुविधाओं का अभाव, बीज की खराब गुणवत्ता एवं जंगली जई (अवेना लूडोविसिआना) आदि प्रमुख बाधाऐं थीं, जिन्हे तत्काल हस्तक्षेप करके दूर किए जाने की आवश्यकता है।

उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र

उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में आवकों की उच्च कीमत एक गंम्भीर बाधा के रूप में पहचाना गया, इसके बाद असामयिक वर्षा, जल स्तर में गिरावट, जौ के खेतों में मंडूसी (फेलेरिस माइनर) का संक्रमण, फसल सीजन के दौरान तापमान का उतार चढ़ाव, अनियमित विद्युत आपूर्ति, मृदा में कार्बनिक पदार्थों की कमी, भूमि की उर्वराशक्ति का गिरता स्तर, कृषि यंत्रों की अनुपलब्धता, किसानों में नवीन जौ उत्पादन तकनीकी ज्ञान का अभाव, नई संस्तुत किस्मों के बीज की अनुपलब्धता एवं कृषि यंत्रों को उच्चतम किराये दर पर लेने का चलन जैसी प्रमुख बाधाओं की पहचान की गई।

उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र

उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र को जौ की खेती के लिए सबसे अधिक उत्पादक क्षेत्र होने के नाते, इस क्षेत्र में जो भी गम्भीर बाधाएं हैं

उन्हे तत्काल दूर किए जाने आवश्यकता है। इस क्षेत्र की प्रमुख बाधाओं में जल स्तर में गिरावट, नहरी सिंचाई सुविधाओं की कमी, जौ की कम कीमत, भूमि की उर्वराशक्ति का गिरता स्तर, छोटी जोत धारक, अनियमित विद्युत आपूर्ति, उच्च तापमान, श्रमिकों की अनुपलब्धता को गम्भीर बाधा के रूप में देखा गया है। इसके बाद जौ की फसल में बथुआ (चीनोपोडियम एल्बम) के बढ़ते प्रकोप जैसी प्रमुख बाधा को इस क्षेत्र के अधिकांश किसानों द्वारा उल्लेखित किया गया है।

मध्य क्षेत्र

मध्य क्षेत्र में आवकों की उच्च कीमत को सबसे गम्भीर बाधा के रूप में माना गया है इसके बाद जौ की कम कीमत, फसल पकने के समय उच्च तापमान, अप्रत्याशित बारिस, फसल सीजन के दौरान तापक्रम में उतार चढ़ाव, उर्वरकों का असंतुलित उपयोग, जौ की नई संस्तुत किस्मों के बीजों की अनुपलब्धता, जल स्तर में गिरावट, किसानों में जौ उत्पादन की नवीन तकनीकी ज्ञान का अभाव एवं कृषि यंत्रों को उच्चतम किराये दर पर लेने का चलन इत्यादि इस क्षेत्र की प्रमुख बाधाओं के रुप में पहचान की गई है।

समग्र बाधाएं

विभिन्न क्षेत्रों की सभी बाधाओं के विश्लेषण द्वारा स्पष्ट रुप से संकेत मिलता है कि किसानों द्वारा आवकों की उच्च कीमत एक गम्भीर बाधा के रुप में महसूस की गई है इसके बाद, जल स्तर में गिरावट, जौ की कम कीमत, मृदा में कार्बनिक पदार्थ की कमी, फसल की परिपक्वता के समय उच्च तापमान, छोटी जोत धारक, असामयिक वर्षा, किसानों में जौ उत्पादन की नवीन तकनीकी ज्ञान का अभाव, नहरी सिंचाई सुविधाओं की कमी एवं अनियमित विद्युत आपूर्ति इत्यादि को देश की जौ उत्पादन एवं उत्पादकता को प्रभावित करने वाली प्रमुख बाधाओं के रुप में पहचान की गई है।

गेहूँ एवं जौ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं जांचक प्लाटों में लागत व आय की गणना

गेहूँ

औसत रूप से, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में गेहूँ की नवीन किस्में अथवा तकनीकों के कारण एक रुपये लागत के ऊपर 2.70 रुपये की आमदनी प्राप्त हुई। जबकि जाँचक प्रजातियों के साथ यह आमदनी 2.33 रुपये थी। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन और जाँचक प्लॉट के बीच प्रति रुपये लागत पर अर्जित आय में काफी विविधता देखने को मिली। विभिन्न राज्यों जैसे पंजाब से लेकर नागालैंड तक यह अन्तर 5.05 से 1.45 रुपये तक देखा गया। जबकि उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र से उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में 3.52 से 2.07 रुपये तक का अन्तर पाया गया। डाईकोकम किस्मों के प्रयोग से प्रति रुपये लागत के ऊपरी आमदनी 6.17 रुपये प्राप्त हुई जबकि जीरो टिलेज तकनीक के प्रयोग से यह लाभ 1.82 रुपये देखने को मिला। पंजाब में कम परिचालन लागत के कारण प्रति रुपये निवेश पर सर्वाधिक प्रति हैक्टर लाभप्रदता दर्ज की गई। इसके विपरीत, पश्चिमी बंगाल में उच्च परिचालन लागत के कारण प्रति रुपये निवेश पर सबसे कम प्रति हैक्टर लाभ (48773रुपये) प्राप्त हुआ।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में प्रति हैक्टर लाभ की गणना से यह ज्ञात होता है कि सबसे अधिक प्रति हैक्टर लाभ पंजाब (90551 रुपये) में इसके बाद मध्य प्रदेश (77689 रुपये) एवं राजस्थान (73436 रुपये) में दर्ज किया गया। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं जाँचक प्लॉट के बीच लाभ का अन्तर मध्य प्रदेश से हरियाणा तक 28893 रुपये से 884 रुपये देखा गया। दिलचस्प बात यह देखी गई कि बिहार, महाराष्ट्र एवं पंजाब में खेती की परिचालन लागत जाँचक प्लॉटों की तुलना में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में कम पाई गई। पंजाब प्रान्त के लिए ऐसी संभावना व्यक्त की जाती है कि संसाधन कुशल शून्य जुताई एवं रोटोवेटर जैसी तकनीकों के प्रदर्शन से खेती की परिचालन लागत को कम किया जा सकता है। उत्पादन की लागत के अनुमान से ऐसा प्रतीत होता है कि पंजाब में एक इकाई मात्रा के उत्पादन में लगने वाली परिचालन लागत कम से कम 437 रुपये प्रति कुंतल थी। ऐसे प्रगतिशील राज्य में परिचालन लागत कम होने के कारण और अधिक उपज प्राप्त होने की संभावना है। गेहूँ उगाने वाले क्षेत्रों के मध्य, उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में परिचालन लागत कम होने के कारण फसल उगाने एवं उत्पादन का स्तर अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक था। उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में उच्च उत्पादकता के कारण प्रति रुपया निवेश पर एक अच्छा प्रतिफल (3.52 रुपये) महसूस किया गया।

किसानों के खेतों में प्रदर्शित की गई गेहूँ उत्पादन तकनीकों के अन्तर्गत यह देखा गया कि जीरो टिलेज ने प्रति हैक्टर 35752 रुपये न्यूनतम लाभ दिया, जबकि डाईकोकम प्रजातियों के लिए उच्चतम लाभ 150000 रुपये प्रति हैक्टर देखा गया। तथापि, एक विशेष तकनीक से परीक्षण करने के परिणामस्वरूप विभिन्न स्थानों पर मिट्टी के गुणों में विभिन्नता होने के कारण परिणाम सभी जगहों के अनुरूप नही थे। समग्र रूप से देखा जाय तो कोई भी भारतीय किसान अपने खेत में गेहूँ की नई प्रजाति/उत्पादन तकनीक का अंगीकरण कर औसतन 54622 रुपये प्रति हैक्टर की दर से आमदनी प्राप्त कर सकता है। इसके

अतिरिक्त नई प्रजाति/उत्पादन तकनीक को अपनाकर एक कुन्तल गेहूँ पैदा करने लिए किसानों को केवल 852 रुपये खर्च करने की आवश्यकता है वही पुरानी किस्में/उत्पादन तकनीक अपनाने से यह लागत 1010 रुपये आती है। उपरोक्त परिपेक्ष में यह कहा जा सकता है कि गेहूँ की खेती से अधिक मुनाफा कमाने के लिए किसानों को अत्याधुनिक किस्मों व उत्पादन तकनीकों का ज्ञान होना अत्यन्त आवश्यक है।

जौ

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में जौ की नई प्रजातियों से जाँचक प्रजातियों की तुलना में 28 प्रतिशत अधिक आमदनी प्राप्त हुई। देश के विभिन्न राज्यों एवं केन्द्रों पर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन और जाँचक प्लॉट के बीच प्रति रुपये लागत पर अर्जित आय में महत्वपूर्ण अन्तर देखने को मिला। प्रदर्शनों के माध्यम से प्रति रुपये लागत पर सर्वाधिक आमदनी पंजाब (6.73 रुपये) में, इसके बाद राजस्थान (5.58 रुपये) एवं उत्तर प्रदेश (4.05 रुपये) में अर्जित की गई। यद्यपि, अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं जाँचक प्लाटों की तुलना में प्रति रुपये लागत से प्राप्त आमदनी का अन्तर सर्वाधिक राजस्थान में देखा गया।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में प्रति हैक्टर लाभ की गणना से पता चलता है कि सबसे अधिक प्रति हैक्टर लाभ राजस्थान (104228 रुपये) में इसके बाद पंजाब (65512 रुपये) एवं उत्तर प्रदेश (57469 रुपये) में प्राप्त किया गया। अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन एवं जाँचक प्लॉटों के बीच लाभ का अन्तर राजस्थान से पंजाब तक 54336 रुपये से 6141 रुपये के बीच पाया गया। रोचक बात यह देखी गई कि मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में खेती की परिचालन लागत जाँचक प्लॉट की तुलना में अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन में कम पाई गई। शिफारिसों के आधार पर आदानों के प्रयोग में कमी एक तर्कसंगत कारण हो सकता है। देश के विभिन्न जौ उत्पादक क्षेत्रों में प्रति रुपये लागत से प्राप्त सर्वाधिक आमदनी उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र (5.44 रुपये) में इसके बाद उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र (3.58 रुपये) एवं मध्य क्षेत्र (3.09 रुपये) में प्राप्त हुई। जौ की फसल में उत्पादन की लागत के अनुमान से संकेत मिलता है कि उत्पादन की एक इकाई मात्रा में, कम परिचालन लागत (264 रुपये) होने के कारण पंजाब (उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र) में अपेक्षाकृत अधिक उपज प्राप्त की गई।

भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित गेहूँ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन

भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान द्वारा हरियाणा के कुरुक्षेत्र जिले के अमीन, बिड अमीन, अमीन डेरा, रामपुरा, डीग एवं यारा गांवों के 20 किसानों के 20 एकड़ खेतों में गेहूँ की उन्नत किस्में एच डी 3086 एवं डी बी डब्ल्यू 173 के 20 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किये गये। ये सभी प्रदर्शन खेती की समग्र सिफारिशों का प्रयोग करते हुए आयोजित किए गए एवं इस कार्यक्रम के तहत प्रावधानानुसार किसानों को उन्नत किस्मों के बीज भी उपलब्ध कराए गए।

अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का अवलोकन

वर्ष 2018–19 के दौरान भा कृ अनु प–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय एवं संबन्धित केन्द्रों के विशेषज्ञों के दल ने 18 अग्रिम पंक्ति प्रदर्शनों का अवलोकन किया।

अनुसंधान परियोजनाओं की प्रमुखताएँ

परियोजना : गेहूँ एवं जौ की उत्पादन तकनीकों का मूल्यांकन, स्थानान्तरण एवं प्रभाव का आकलन

क्र.सं.	अवलोकन दल के प्रमुख	केन्द्र	अवलोकन की तिथि
1.	डॉ. सत्यवीर सिंह	खुडवनी–अनंतनाग, राजौरी एवं कठुआ	06–11 मार्च, 2019
	डॉ. अनिल खिप्पल	इन्दौर, उज्जैन एवं रतलाम	19–24 फरवरी, 2019
2.	डॉ. राजपाल मीणा	फैजाबाद, कानपुर एवं वाराणसी	06–07 मार्च, 2019
3.	डॉ. सेन्धिल आर.	धारवाड, बेलगाम एवं वेलिंगटन	03–10 मार्च, 2019
4.	डॉ. मंगल सिंह	जूनागढ़ एवं वीजापुर	25 फरवरी–4 मार्च, 2019
5.	डॉ. रमेश चन्द	जयपुर, अजमेर, टोंक एवं करौली	06–10 मार्च, 2019

उप–परियोजना 1:हरियाणा में शून्य जुताई आधारित धान–गेहूँ प्रणाली का निदान

वर्ष 2017–18 के दौरान हरियाणा के कैथल जिले के 100 नमूना किसानों के साथ अध्ययन किया गया। सर्वेक्षण आंकड़ो से संकेत मिलता है कि कुल 100 किसानों में से कुछ ने संसाधन तकनीकों जैसे शून्य जुताई (जीरो टिलेज) एवं धान की सीधी बीजाई तकनीक में से एक को या दोनों तकनीकों को अपनाया हुआ था। कैथल जिले के हजवाना, रसीना, क्यूरक एवं टीक गांव से

एकत्रित किए गए आंकड़े में पाया गया कि 99 प्रतिशत किसानों ने मुख्य व्यवसाय के रुप में कृषि का अंगीकरण किया हुआ था। साथ ही साथ अधिकांश नमूनों में किसान दुग्ध उत्पादन के लिए जानवर भी पाल रहे थे। किसानों को स्वामित्व वाली भूमि के आधार पर वर्गीकृत करने पर यह देखा गया कि 34 प्रतिशत किसान बड़ी श्रेणी में थे, जिनके पास 10 एकड से अधिक भूमि थी। जबकि 33 प्रतिशत किसान मध्यम श्रेणी के थे। लेकिन जब कुल भूमि के आधार पर वर्गीकृत किया गया तो 60 प्रतिशत किसानों को बड़ी श्रेणी में जबकि 27 प्रतिशत को मध्यम श्रेणी के समूह में रखा गया। सर्वेक्षण किए गए क्षेत्रों में अधिकांश किसानों (74 प्रतिशत) के लिए नलकूप ही सिंचाई का प्रमुख श्रोत था, जिसमें पानी की गुणवत्ता सामान्य थी। उर्वरा शक्ति के आधार पर भूमि को 40 प्रतिशत उच्च एवं 60 प्रतिशत मध्यम श्रेणी में रखा गया, जबकि संरचना के आधार पर 13 प्रतिशत भूमि भारी एवं मध्यम श्रेणी 67 प्रतिशत की पाई गई। कृषि विज्ञान केंद्र/राज्य के कृषि विश्वविद्यालय/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के विशेषज्ञ किसानों के लिए सूचना का मुख्य श्रोत, जबकि टेलीविजन एवं समाचार पत्र किसानों की जानकारी के प्रमुख श्रोत थे। किसानों द्वारा सीधी बीजाई तकनीक के 4 प्रतिशत अपनाये जाने को छोड़कर, जीरो टिलेज पद्धति का अंगीकरण शत प्रतिशत देखा गया। टर्बो हैप्पी सीडर (सीधी बीजाई तकनीक) के किराये की दर 900 से 1000 रुपये प्रति एकड़, जबकि जीरो टिलेज ड्रिल के किराये की दर 600 से 700 रुपये प्रति एकड़ के मध्य थी। अधिकांशतः किसानों ने गेहूँ की उन्नत किस्में एच डी 2967 (98), एच डी 3086 (52), डब्ल्यू एच (10) एवं अन्य प्रजातियों (5) की बीजाई जीरो टिलेज पद्धति के तहत की। इस पद्धति के अंतर्गत औसत क्षेत्रफल 11.79 एकड़/किसान था जबकि पारम्परिक पद्धति के तहत मात्र 2.08 एकड़/किसान देखा गया। किसानों द्वारा जीरो टिलेज पद्धति को अपनाने का सकारात्मक प्रभाव धन एवं समय की बचत, मंडूसी का प्रबन्धन, ईंधन की बचत तथा अंकुरण पर देखने को मिला। कैथल जिले के क्योड़क एवं टीक गांव के टाइम लाइन विश्लेशण से पता चलता है कि वर्ष 1997–98 से इस पद्धति/जीरो टिलेज मशीन को अपनाने की प्रवृति स्पष्ट रुप से बढ़ रही है। साथ ही इस तकनीक के अंगीकरण से मृदा में कार्बनिक तत्वों की मात्रा में वृद्धि, मृदा की जलधारण एवं जल अवशोषण क्षमता में सुधार, भूमि की उर्वरा शक्ति में सुधार, फसल का कम गिरना तथा अंतस्थ ताप से बचाव आदि कुछ अन्य महत्वपूर्ण फायदे भी दर्ज किये गये। इस तकनीक से परंपरागत तकनीक की तुलना में 2–3 कुंतल/एकड़ अधिक उपज प्राप्त की, साथ ही साथ खेतों में खरपतवार का प्रकोप भी कम देखने को मिला।

धान की सीधी बीजाई तकनीक का पानी व समय की बचत पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। अध्ययन में पाया गया कि पारंपरिक विधि (पौध रोपाई) की तुलना में धान की सीधी बीजाई से लगभग 50 प्रतिशत पानी की बचत हो जाती है। धान के कुल 100 नमूना किसानों में से 60 किसानों ने धान की सीधी बीजाई तकनीक को अपनाया हुआ था और अधिकतर किसानों ने सीधी बीजाई तकनीक के तहत सभी प्रकार की किस्में जैसे–पूसा 1121, हाइब्रिड पूसा 1509 एवं सी एस आर 30 का प्रयोग किया हुआ था। अधिकांश किसानों ने सुझाव दिया कि इस तकनीक को प्रचलित करने के लिए अनुदान पर मशीन की उपलब्धता आवश्यक है। अगर किसान धान की सीधी बीजाई के बाद टर्बो हैप्पी सीडर से गेहूँ की बीजाई करते हैं तो 5000 से 6000 रुपये प्रति एकड़ की दर अतिरिक्त आय ले सकते हैं। जागरूकता अभियान एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम् से इन दोनों तकनीकों के लाभों के बारे में किसानों को जागरूक करने की आवश्यकता है। इन दोनों ही मशीनों पर सरकारी अनुदान देकर अधिक से अधिक किसानों को प्रेरित व लाभान्वित किया जा सकता है। धान की सीधी बीजाई तकनीक के विस्तार को बढ़ावा देने के लिए चैंपियन किसानों एवं उनके विस्तार कार्यकर्ताओं को विकसित करने की आवश्यकता है। आने वाले वर्षों में फसल अवशेषों को जलाने से रोकने के लिए, जीरो टिलेज तकनीक अपनाने हेतु राज्य के किसानों को प्रेरित किया जाना चाहिए।

उप–परियोजना 2

जलवायु परिवर्तन के परिपेक्ष्य में गेहूँ एवं जौ के संवेदनशील क्षेत्रों में उपज अंतराल, संसाधन उपयोग तथा अनुकूल रणनीति की पहचान

वर्ष 2018 के दौरान बिहार के मुजफ्फरपुर एवं वैशाली जिले (200 गेहूँ के उत्पादक) में एक सर्वेक्षण किया गया, जो कि गेहूँ एवं जौ उत्पादन के सम्बन्ध में जलवायु परिवर्तन के अनुसार वर्गीकृत किए गए राज्यों में उच्च संवेदनशील क्षेत्र के अंतर्गत आता है। गेहूँ उत्पादन पर एकत्रित किए गऐ आकड़ों के साधारण प्रतिशत, सूचीवद्ध एवं चित्रमय विश्लेषण से संकेत मिलता है कि गेहूँ उत्पादन में तकनीकी दक्षता का पता लगाने के लिए डाटा इन्वेलपमेंट विश्लेषण (डीईए) का उपयोग किया गया। गेहूँ उत्पादन में संवेदनशील अवस्थाओं की पहचान के लिए प्रतिगमन (रिग्रेशन) का दो चरणों में इस्तेमाल किया गया। बिहार के

मुजफ्फरपुर एवं वैशाली जिलों की कुल परिचालन जोत में फसल की हिस्सेदारी क्रमशः 51.14 प्रतिशत एवं 46.62 प्रतिशत था। कुल मिलाकर बिहार में औसतन गेहूँ की फसल 2.85 एकड़ प्रति खेत (50.62) पर थी। मुजफ्फरपुर एवं वैशाली जिले में उपज अन्तराल–1 नकारात्मक जबकि वैशाली जिले में उपज अन्तराल–2 उच्चतम पाया गया। यह परंपरागत ज्ञान और सिद्धान्त के विरूद्ध है कि उपज अन्तराल–1 प्रयोगात्मक पैदावार जोकि किसानों की संभावित उपज नकारात्मक थी। उपज अन्तराल हमेशा प्रबन्धन एवं रणनीतियों के सामंजस्य में अन्तर के कारण उत्पन्न होता है। संसाधन उपयोग के प्रतिमान (पैटर्न) का विश्लेशण यह दर्शाता है कि बिहार के मुजफ्फरपुर एवं वैशाली जिलों के बीच संसाधनों के उपयोग में महत्वपूर्ण अन्तर मौजूद है। बीजाई के समय प्रयोग किया गया बीज सिफारिश की गई मात्रा से अधिक था। सभी चयनित खेतों में उर्वरकों का उपयोग सिफारिश की गई मात्रा से कम या अधिक किया गया था। सभी आदानों के मध्य, खाद/जैव–उर्वरकों पर किए गए व्यय में महत्वपूर्ण अन्तर देखा गया। डाटा इन्वेलपमेंट विश्लेशण (डीईए) से पता चलता है कि गेहूँ उत्पादक 74.28 प्रतिशत की दर से तकनीकी रुप से कुशल है। आकड़ों के विश्लेशण ईशारा करते है कि समान उत्पादन स्तर पर आदानों का स्तर लगभग 26 प्रतिशत कम किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, यह देखा गया कि उत्तरदाताओं का बहुमत 61 से 70 प्रतिशत (58 किसानों) दक्षता के अंर्तगत था। लगभग 32 गेहूँ उत्पादक तकनीकी रूप से अक्षम पाऐ गऐ, जो कि 47 प्रतिशत संसाधनों के तर्कसंगत उपयोग की संभावनाओं का संकेत देते हैं।

सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि पिछले 30 वर्शों में जलवायु पतिवर्तन पर किसानों की धारणा जलवायु विज्ञान से मेल खाती है, अर्थात् जिसे दीर्घकालिक प्रवृति कहा जाता है। समय के साथ–साथ तापमान एवं सूखे में वृद्धि देखी गई। लगभग 192 प्रतिक्रियाओं के अनुसार गेहूँ के क्षेत्रफल में बहुत अधिक बदलाव नही देखा गया, जबकि 56 किसानों से प्राप्त सूचनानुसार क्षेत्रीय मतभेदों के वाबजूद भूसे की उपज में किसी भी प्रकार का बदलाव हुए बिना समय–समय पर अनाज के उत्पादन में वृद्धि देखी गई। तथापि, अधिकांश किसानों (160 किसानों) ने बताया कि पिछले वर्शों में गेहूँ की बीमारियों में वृद्धि हुई है, जबकि 182 प्रतिक्रियाओं के अनुसार मिट्टी की गुणवत्ता में गिरावट देखी गई। किसानों में गेहूँ प्रति जागरुकता, पंहुच एवं अनुकूलन रणनीतियों को अपनाने के स्तर का पता करके सूचित किया गया।

अनुकूलन रणनीति के संदर्भ में स्कोरिंग विश्लेशण से संकेत मिलता है कि तकनीकों पर कमजोर पकड़, नई फसल किस्मों के साथ बेहतर प्रबंधन को अपनाने की निम्न दर, अधिक कार्बनिक खादों का प्रयोग, भूजल के माध्यम से पूरक सिंचाई/आवृति एवं बीमा के सम्बन्ध में जागरूकता का स्तर बहुत कम पाया गया। विशेष रुप से संरक्षण कृषि के आकड़ों के विश्लेशण बिहार में गेहूँ उत्पादकों के बीच जलवायु स्मार्ट कृषि पद्धति एवं अनुकूलन रणनीतियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता की ओर इशारा करते हैं। प्रक्षेत्र एवं क्षेत्रीय स्तर पर गेहूँ उत्पादन की दो संवेदनशील अवस्थाऐं जैसे–उपयुक्त अनुकूलन रणनीति एवं **जलवायु स्मार्ट कृषि पद्धति** की पहचान के लिए प्रतिगमन (रिग्रेशन) का दो चरणों में इस्तेमाल किया गया।

आदिवासी उप–परियोजनाः विस्तार शिक्षा और विकास कार्यक्रमों के माध्यम से जनजातियों की सामाजिक–आर्थिक स्थिति एवं आजीविका में सुधार

वर्ष 2018–19 के दौरान आदिवासी उप–परियोजना (टी.एस.पी. परियोजना) के तहत् निम्नलिखित सात केन्द्रों को शामिल किया गया था जो इस प्रकार हैंः खुदवानी (जम्मू एवं कश्मीर), लाहौल एवं स्पिति (हिमाचल प्रदेश), जबलपुर (मध्य प्रदेश), बिलासपुर (छत्तीसगढ़), उदयपुर (राजस्थान), धारवाड़ (कर्नाटक) एवं रांची (झारखंड)। इस परियोजना के अर्न्तगत खुदवानी केन्द्र पर बेसलाइन सर्वेक्षण किया गया। वर्ष 2018–19 के दौरान विभिन्न टी एस पी गतिविधियों को पूरा किया गया। लाहौल घाटी (हिमाचल प्रदेश) के 40 किसानों के लिए टी एस पी परियोजना के अर्न्तगत भाकृअनुप –भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के क्षेत्रीय केंद्र लाहौल एवं स्पिति, हिमाचल प्रदेश ने अत्याधुनिक तकनीकों की शिक्षा प्रदान की।

खुदवानी, बिलासपुर, रांची, उदयपुर, धारवाड़ एवं जबलपुर केन्द्रों पर क्रमशः 10, 30, 25, 30 एवं 25 किसानों के खेतों पर समग्र सिफारिशों पर आधारित गेहूँ के अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन आयोजित किए गए। गेहूँ उत्पादन प्राद्योगिकियों पर 12 प्रशिक्षण कार्यक्रम क्रमशः खुदवानी (4), बिलासपुर (4), रांची (1), उदयपुर (1) एवं जबलपुर (2) केन्द्रों पर आयोजित किये गये। खुदवानी एवं उदयपुर केन्द्रों पर एक–एक जबकि बिलासपुर, रांची एवं जबलपुर केन्द्रों पर दो–दो किसान मेलों/प्रक्षेत्र दिवसों का आयोजन किया गया। इस दौरान 06 प्रकाशन जैसे खुदवानी (3), बिलासपुर (1) एवं जबलपुर (2) प्रकाशित किए गए। वर्ष 2018–19 के लिए कैपीटल हेड के तहत निधि को स्वीकृत एवं जारी किया गया है।

06 जौ सुधार

भा.कृ.अ.प.. भा.गे.जौ.अनु.सं., करनाल माल्ट और जौ खाद्य पदार्थों में सुधार के लिये वित्र पोषित और स्वैच्छिक केंद्रों पर जौ के क्षेत्रों में किए गए बहु.विषयक और बहु स्थानीय प्रयोगों के माध्यम से गेहूँ और जौ पर ए.आई.सी.आर.पी के तहत देश में जौ पर अनुसंधान कार्यक्रम का समन्वय करता है। यह केंद्र जौ की खेती के लिये व्यापक कृषि जलवायु के साथ–साथ वाणिज्यिक खेती के लिए नई खेती की पहचान की सुविधा देता है। जौ क्षेत्र में प्रचलित विभिन्न जैविक और अजैविक तनावों के प्रतिरोध, विशिष्ट उत्पादन स्थितियों के लिए उपयुक्तता और वांछित गुणवत्ता पर परिश्रम कर रहे हैं। इसके अलावा, संरक्षण कृषि सहित उत्पादन प्रौद्योगिकी के सुधार और जलवायु के पहलुओं पर भी प्रयोग किए जाते हैं। फसल सुरक्षा कार्यक्रम में कृत्रिम एपिफाइटोटिक (हॉट स्पॉट) स्थितियों के तहत नए जीनोटाईप की स्क्रीनिंग और रसायनिक परीक्षण के साथ आई.पी.एम पर प्रयोग भी विभिन्न परीक्षण केंद्रों पर आयोजित किए जाते हैं। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए वार्षिक समीक्षाए कार्य योजना और क्षेत्रीय निगरानी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। अनुसंधान के प्रयासों को विशेष रूप से माल्ट जौ सुधार, रोग प्रतिरोधक क्षमता में जैव.प्रौद्योगिकी उपकरणों के प्रयोग और खेती के पैकेज में सुधार और रोगजनकों/कीटों पर बुनियादी अध्ययन के विशिष्ट पहलुओं पर शोध शामिल है। नए विदेशी आनुवंशिक पौधों को उपयोग में लाकर, जौ की गुणवत्ता के लक्षणों के साथ–साथ रोगों के प्रतिरोध में सुधार महत्वपूर्ण हैं। जौ में बेहतर माल्ट एक्सट्रैक्ट, डायस्टटिक पावर, प्रोटीन और माल्ट जौ में बीटा ग्लूकेन जीनोटाईप्स को छिलका रहित पहचानने जौ की बेहतर उपज और गुणवत्ता पर भी ध्यान केंद्रित है। इसके अलावा, भा.कृ.अ.प..भा.गे.जौ.अनु.स. ने कार्यक्रम में मूल्यांकन और उपयोग के लिए विभिन्न स्रोतों से नए मूल जननद्रव्य के लिए इकार्डा। जैसे अंतराष्ट्रीय संगठनों के साथ संपर्क किया है। जौ के उत्पादन और क्षेत्र को बढ़ाने के लिए, समर्थन मूल्य, बाजार की उपलब्धता और गुणवत्ता वाले बीज को प्रदान करने के प्रयासों की आवश्यकता है। 2017.18 में जौ का उत्पादन 1.73 मिलियन टन तथा उत्पादकता 2.6 टन/है. रही।

फसल सुधार

समन्वित उपज मूल्यांकन परीक्षण

81 उपज मूल्यांकन परीक्षण में से 71 (78 प्रतिशत) का सफल मूल्यांकन किया गया। 10 परीक्षण या तो लगाये नहीं गये या असफल रहे तथा रिपोर्टिंग नहीं हुई। रिपोर्टिंग हुए परीक्षण में से 79 प्रतिशत को अंतिम रिपोर्टिंग के योग्य पाया गया तथा बाकि सांख्यिकी जाँच में असफल रहे। यह परीक्षण देश में भा.कृ.अ.प. तथा राज्य कृषि विश्वविधालय में 12 मुख्य परीक्षण केन्द्रों तथा 34 जाँच केन्द्रों पर लगाये गये।

इन परीक्षणों में 98 जाँच प्रविष्टि 31 चेक प्रजातियों के साथ समन्वित परीक्षणों में विभिन्न परिस्थितियों मे लगाया गया। इनमे से आठ अच्छी पाई गयी उनको उच्च परिक्षण के लिए चुना गया।

पदोन्नत प्रविष्टियों का चुनाव

पदोन्नत प्रविष्टियों का चुनाव एक संशोधित मापदंड के आधार पर किया गया। जो प्रविष्टियाँ 10 प्रतिशत अधिक उपज के साथ बीमारी एवं कीट से मुक्त पाई गई उन्हें आगे बढ़ाया गया। क्षेत्र एवं परिस्थिति के हिसाब से ये प्रविष्टियाँ निम्नुसार हैं।

तालिका 6.1: एवीटी/आईवीटी में आशाजनक प्रविष्टियाँ

क्र.स.	परीक्षण	क्षेत्र	पदोन्नत प्रविष्ट
1	सिंचित माल्ट जौ, समय से बिजाई (आई.वी.टी.)	उ०प० मैदानी भाग	डी.डब्ल्यू.आर.बी.160, डी.डब्ल्यू.आर.बी.182, डी.डब्ल्यू.आर.बी. 184
2	सिंचित (खाद जौ) छिलका रहीत (ऐ.वी.टी.)	उ०प० मैदानी भाग	पी.एल.891 (एच.एल.)
3	द्विउदेशीय बरानी (ऐ.वी.टी.)	उतरी पर्वतीय क्षेत्र	वी.एल.बी. 155
4	सिंचित (खाद जौ) (आई.वी.टी.)	पूर्वी मैदानी भाग	आर.डी. 2969
5	द्विउदेशीय (आई.वी.टी.)	उतर पूर्वी मैदानी भाग	यू.पी.बी. 1074
6	सिंचित (खाद जौ) छिलका रहित (आई.वी.टी.)	मध्य क्षेत्र	डी.डब्ल्यू.आर.बी. 188 (एच.एल.)

क्षेत्रीय निरीक्षण

जौ सुधार के उपज परीक्षण एवं नर्सरी के निरीक्षण के लिए पांच टीम बनाई गई। इन टीमों ने मध्य क्षेत्र, उत्तर पूर्वी एवं पश्चिमी मैदानी भाग तथा उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र के विभिन्न परीक्षणों पर पहुँच कर फसल कि उचित अवस्था पर निरीक्षण किया तथा आनुवंशिक शुद्धता, रोग/कीट का प्रभाव कितने निरीक्षण लगे या नहीं लगे/किस्म का प्रदर्शन आदि के आंकड़े रिकोर्ड किये गये। उतरी पर्वतीय क्षेत्र की टीम गेहूँ की टीम के साथ निरीक्षण पर गई। परीक्षण का जायजा लेकर, उसकी आनुवंशिक शुद्धता के आधार पर उसी समय परीक्षण स्वीकार/अस्वीकार किये गये।

तालिका 6.2: जौ के दल द्वारा क्षेत्रीय अवलोकन दौरा

क्षेत्र	दिनांक	क्षेत्रो का परीक्षण
मध्य क्षेत्र	14.16 फरवरी 2019	उदयपुर, वल्लभनगर, वीजापुर
उत्तर पूर्वी मैदानी भाग	21.24 फरवरी 2019	कानपुर, दलीपनगर, फ़ैजाबाद, वाराणसी, सैनी
उत्तर पश्चिमी मैदानी भाग	5.8 मार्च 2019	लुधियाना, भटिंडा, हिसार, बावल, दुर्गापुरा, कुम्भेर, आगरा, मथुरा
उतरी पर्वतीय क्षेत्र	23.16 अप्रैल 2018	रानीचौरी, मझेडा, हवलबाग, (अल्मोड़ा)
उतरी पर्वतीय क्षेत्र	9.13 अप्रैल 2018	शिमला, बरठीं, कांगड़ा, मलां, पालमपुर, बजौरा, कटराईन

माल्ट जौ सुधार

कार्यकारी संक्षेप

तीन आनुवंशिक स्टॉक डी.डब्ल्यू.आर.बी.152, डी.डब्ल्यू.आर.बी. 174 और डी.डब्ल्यू.आर.बी. 190 अपने अद्वितीय लक्षणों के लिए आई.सी.ए.आर..एन.बी.पी.जी.आर में पंजीकृत कराये गये।

आनुवंशिक स्टॉक पंजीकृत

तीन अनुवंशिक स्टाक डी.डब्ल्यू.आर.बी. 152) डी.डब्ल्यू.आर.बी. 174 और डी.डब्ल्यू.आर.बी. 190 अपने विभिन्न लक्षा.ाों के लिए आई.सी.ए.आर..एन.बी.पी.जी.आर में पंजीकृत कराये गये, जिनका ब्यौरा निम्न है

तालिका 6.3 : पंजीकृत आनुवंशिक स्टाक का ब्यौरा

आनुवंशिक स्टाक	आई.एन.जी.आर.नम्बर	वर्ष	लक्षण
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 152	18019	2018	पीला रतुआ रोधी
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 174	18021	2018	शीघ्र शीर्षक के साथ छोटी पौध ऊँचाई
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 190 (पर्ण झुलसा) के लिए	18020	2018	मध्य प्रतिरोधी स्पॉट ब्लाच

समन्वित परियोजना में पदोन्नत लाईनें

वर्ष 2017.18 में, डी.डब्ल्यू.आर.बी. 160 ए.वी.टी. अंतिम वर्ष मूल्यांकन में ए.वी.टी..एम. बी..टी.एस. में उत्रत हुई हैं। दो जीनोटाईप डी.डब्ल्यू.आर.बी. 182 और डी.डब्ल्यू.आर.बी. 184 की पदोन्नति ए.वी.टी. प्रथम वर्ष के मूल्यांकन में हुई। जीनोटाइप डी.डब्ल्यू.आर.बी. 182) में बीटा–ग्लूकान (3.5 प्रतिशत) कम देखा गया और डाईस्टेटिक पावर (106 डिग्री एल.) देखी गयी जबकि डी.डब्ल्यू.आर.बी. 184 किस्म में उच्च माल्ट फ्राइबिलिटी (75 प्रतिशत) और डाई ट्रेटिक पावर (104 डिग्री एल.) पायी गई। डी. डब्ल्यू.आर.बी. 188 को आई.वी.टी. जौ परीक्षण से ए.वी.टी. (मध्य क्षेत्र) के लिए बढ़ाया गया है। डी.डब्ल्यू.आर.बी.160) डी.डब्ल्यू. आर.बी.182) डी.डब्ल्यू.आर.बी.184 और डी.डब्ल्यू.आर.बी.188 का विवरण नीचे दिया गया है।

तालिका 6.4 : समन्वित जौ उपज परीक्षण के अन्तर्गत नई लाइनों का प्रदर्शन

जीनोटाईप	पितृत्व	उपज (कु./है.) (औसत श्रणी)	रैंक/स्थान
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 160	डी.डब्ल्यू.आर.बी. 62/डी.डब्ल्यू.आर.बी. 73	52.15 (34.72.74.07)	7
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 182	डी.डब्ल्यू.आर.यू.बी. 52/डी.डब्ल्यू.आर.बी. 78	52.33 (33.75.74.07)	6
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 184	डी.डब्ल्यू.आर.यू.बी. 52/डी.डब्ल्यू.आर.बी. 81	55.92 (33.18.80.09)	2
डी.डब्ल्यू.आर.बी.101(सी)	डी.डब्ल्यू.आर. 28/बी.एच. 581	51.57 (33.18.68.98)	8
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 188	पिनको/चेवरोणबार/3/लिजर्सी/पिन /को/चेवरोणबार	37.5 (32.8.42.2)	23
करण 16 (सी)	आजम (बोनी) 1/ई.बी. 7576	31.6 (25.9.37.4)	27

तालिका 6.5 : वर्ष 2018–19 के दौरान चयनित और उगाई गई माल्ट जौ प्रजनन सामग्री

पीढ़ी	संतति	संकरण
एफ10	1	1
एफ9	14	14
एफ8	18	17
एफ7	19	12
एफ6	60	39
एफ5	208	73
एफ4	398	104
एफ3	125	68
एफ2	42	42
एफ1	43	43
कुल	928	413

प्रजनन सामग्री और संकरण–2017–18 वर्ष की अवधि में, माल्ट गुण (स्लूप वी.आई.सी..वी.बी. 9953) का उपयोग करते हुए 43 संकरण बनाये) शस्या अनुकूलन के आशाजनक पैतृक (आर.डी. 2552) डी.डब्ल्यू.आर.बी.137), शीर्ष शीर्षक (डी.डब्ल्यू.आर.बी.173 और डी.डब्ल्यू.आर.बी. 174) आदि को प्रयोग किया गया। सशक्त दाता माल्ट जौ प्रजनन कार्यक्रम के अन्तर्गत क्रोसिंग ब्लॉक में 333 जातियों का संरक्षण किया। ग्रीष्म ऋतु के दौरान 2018 में दालंग मैदान में 39 एफ1 का संकर की प्रगति की। माल्ट जौ कार्यक्रम में एक पौधा चयन और वंशगत चयन में उपज) उपज अंग और रोग प्रतिरोधी पादपों का चयन किया। 2018–19 में प्रजनन सामग्री चयन कार्यक्रम निम्न है।

चारा एवं खाद्य जौ सुधार

पैतृक लाईनों का मूल्यांकन

चारा एवं खाद्य जौ सुधार के लिए एक क्रॉसिंग ब्लॉक बनाया गया जिसमें देशी एवं विदेशी अच्छी तथा रोग प्रतिरोधी पैतृक लाईनों की पहचान करके शामिल किया गया ताकि नवीन किस्म विकसित करने के लिए विभिन्न पैतृक लक्षणों का उपयोग किया जा सके। इस प्रकार क्रॉसिंग ब्लॉक कुल 343 जीनोटाईप का समावेश करके गठित किया गया। वर्ष 2017–18 की अवधि में इकार्डा। से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय नर्सरी से 12 विदेशी जननद्रव्य लाईने चयनित की गयी थी वह क्रॉसिंग ब्लॉक में सम्मिलित की गयी। इसके अलावा अंतर्राष्ट्रीय एवं जौ नर्सरी में मूल्यांकित की गयी प्रविष्टियाँ भी क्रॉसिंग ब्लॉक में शामिल की गयी।

तालिका 6.6 : ऑफ सीजन नर्सरी में अग्रिम किये गए छिलका एवं छिलका रहित क्रॉस

क्र.स.	क्रॉस
1.	करण 16 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2013).11
2.	करण 16 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2015).1
3.	करण 16 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2015).3
4.	करण 16 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2015).4
5.	करण 16 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2015).6
6.	करण 16 / आई एन बी ओ एन.एच आई. (2015).76
7.	करण 16 / एतहुआल्पा
8.	करण 16 / बी के 1127
9.	बी एच एस 352 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2013).11
10.	बी एच एस 352 / आई एन बी वाई टी.एच आई. (2015).4
11.	डोल्मा / आई एन बी वाई टी.एच आई.(2015).1
12.	डोल्मा / आई एन बी वाई टी.एच आई .(2015).3
13.	आर डी 2552 / एस एम (2012.13).94
14.	आर डी 2552 / आई बी ओ एन.एच आई.(2015).131
15.	आर डी 2552 / आई बी ओ एन.एच आई.(2016).79
16.	डी डब्ल्यू आर 83 / एस एम (2012.13).90
17.	डी डब्ल्यू आर 83 / एस एम (2012.13).94
18.	डी डब्ल्यू आर 83 / एस एम (2012.13).117
19.	डी डब्ल्यू आर 83 / आई बी वाई टी.एच आई. (2015).6
20.	डी डब्ल्यू आर 832 / आई बी ओ एन.एच आई. (2015).131
21.	डी डब्ल्यू आर 83 / आई बी ओ एन.एच आई. (2016).70
22.	डी डब्ल्यू आर 83 / आई बी ओ एन.एच आई. (2016).79

संकरण कार्यक्रम

विभिन्न लक्षणों जैसे उच्च उपज, गुणवत्ता, स्थानीय अनुकूलन, शीघ्र परिपक्वता, रोग एवं कीट प्रतिरोधिता, अच्छा दाना एवं चारा को स्थानांतरित करने के उद्देश्य से 71 नए क्रॉस बनाये गए जिसमें से 48 क्रॉस चारा जौ सुधार के बनाये गए जबकि 23 क्रॉस छिलका रहित जौ सुधार के लिए संयोजित किये गए जिनका मुख्य उद्देश्य उच्च उपज के साथ साथ पोषक तत्वों से समृद्ध खाद्य जौ, जैसे बीटा ग्लूकॅन, प्रोटीन आदि गुणों का समावेश करना। बीज की उपलब्धता के आधार परए 22 क्रॉस पीढ़ी अग्रेषण के लिए लाहौल स्पीति में उगाया गया।

सेग्रिगेटिंग पापुलेशन में मूल्यांकन एवं चयन

वर्ष 2017–18 के अंतर्गत एफ2 से एफ8 पीढ़ियों को भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के नए फार्म पर उगाया गया तथा कृत्रिम स्थिति में रतुआ एवं झुलसा रोग का मूल्यांकन किया गया। इसके अलावा चेपा कीट के लिए फील्ड कंडीशन में अध्ययन किया गया। एकल पौध चयन विधि द्वारा बहुत से पौधों का चयन किया गया। चयन करते समय विभिन्न लक्षणों जैसे मजबूत पौधा, अच्छी बाली, शीघ्र परिपक्वता, अर्द्ध बौनापन, रतुआ एवं झुलसा रोग प्रतिरोधिता को विशेष ध्यान में रखा गया ताकि जौ की उच्च उपज वाली संतति प्राप्त की जा सके तथा अच्छी किस्म विकसित की जा सके।

तालिका 6.7 : रबी 2017–18 के दौरान उगाई गई चारा एवं खाद्य जौ प्रजनन सामग्री

पीढ़ी	उगाई संतति		चयनित संतति	
		संकरण		संकरण
एफ 8	9	7	2	2
एफ 7	39	24	11ए 14 (बल्क)	19
एफ 6	94	30	16ए 10 (बल्क)	16
एफ 5	127	39	64	28
एफ 4	335	57	173	46
एफ 3	247	29	72	24
एफ 2	68	68	215	43
एफ 1	33	33	.	.
कुल	952	287	553	178

फसल सीजन 2017–18 के अंतर्गत एफ6 एवं एफ7 पीढ़ियों से 24 होनहार संततियों का चयन किया गया जिनमें विभिन्न गुण जैसे मजबूत पौधाए अच्छी बाली, सघन बाली, अर्द्ध बौनापन एवं रोग प्रतिरोधिता विद्यमान है। इन सभी संततियों को प्राथमिक उपज परीक्षण में मूल्यांकन के लिए उगाया गया है।

इसके अतिरिक्त एक प्रविष्टि जो कि अंतर्राष्ट्रीय छिलका रहित जौ नर्सरी से चयनित की गयी थी। मूल्यांकन के उपरांत यह पाया गया कि प्रविष्टि अच्छी उपज, बौनी एवं पीला रतुआ के प्रतिरोधी गुणों से संपन्न है। इन सभी प्रविष्टियों को मिलाकर प्राथमिक उपज परीक्षण गठित किया गया।

झुलसा रोग के लिये जौ में आनुवंशिक सुधार

उपज मूल्यांकन के लिए परीक्षण

रबी 2017.18 में एक संवर्धित डिजाइन में तीन ब्लॉकों (डी. डब्ल्यू.9137, डी.डब्ल्यू.बी.137 और आर.डी. 2035) और तीन चेक की किस्मों के साथ तीन लाइनों (6 मी. की 5 पंक्तियों) में तैंतीस लाईनों का मूल्यांकन किया गया। चेक की किस्म बी.एच.946 में सबसे अधिक उपज प्राप्त की गई। पैदावार में कोई भी परीक्षण प्रविष्टि श्रेष्ठ नहीं पाई गई। रबी 2018.19 में आई.सी.ए.आर.डी.ए. के बहु–स्थान अंतर्राष्ट्रीय परीक्षणों / नर्सरी में उनकी उपज के प्रदर्शन के आधार पर 18 अभिजात वर्ग लाईनों का एक सेट स्टेशन परीक्षण में दो उपज के लिए चेक की किस्मों (बी. एच. 946 और एन. डी. बी. 943) के साथ मूल्यांकन किया जा रहा है।

संकरण, चयन और पीढ़ी की उन्नति के प्रतिरोध के लिए 5–डोनर्स सहित 41–जीनोटाईप के एक क्रोसिंग ब्लॉक को लगाया गया और रबी में 12 उच्च उपज वाले, लेकिन अतिसंवेदनशील किस्मों के बीच कुल 71 नए क्रॉस बनाये गये। इसके अलावा 2017.18 में पर्ण झुलसा रोग और पीला रतुआ की प्रतिरोधिकता के लिए छः बैक क्रॉस बनाये गए। 2018 की गर्मियों के दौरान दालंग मैदान में 59 एफ.1 बोए गए। अठाईस एफ.1 जिन्हें 2017 की गर्मियों में दालंग मैदान में लगाया गया था और

तालिका 6.8 : चारा एवं खाद्य के लिए चयनित किये गए नवीन संभार (बल्क)

क्र.स.	बल्क	संकरण
1	डी डब्ल्यू आर एफ बी 40	डी एल 456 / ई आई बी ओएन 17
2	डी डब्ल्यू आर एफ बी 41	आर डी 2552 / आई सी ए आर डी ए 257
3	डी डब्ल्यू आर एफ बी 42	आर डी 2552 / आई सी ए आर डी ए 257
4	डी डब्ल्यू आर एफ बी 43	आर डी 2552 / बी सी यू 549
5	डी डब्ल्यू आर एफ बी 44	डी डब्ल्यू आर यू बी 64 / सी डी सी मनले
6	डी डब्ल्यू आर एफ बी 45	डी डब्ल्यू आर यू बी 64 / आर डी 2052
7	डी डब्ल्यू आर एफ बी 46	डी डब्ल्यू आर यू बी 64 / आर डी 2052
8	डी डब्ल्यू आर एफ बी 47	आर डी 2552 / बी सी यू 6779
9	डी डब्ल्यू आर एफ बी 48	बी सी यू 6821 / पी एल 172
10	डी डब्ल्यू आर एफ बी 49	आर डी 2592 / बी सी यू 6969
11	डी डब्ल्यू आर एफ बी 50	आर डी 2592 / बी सी यू 6969
12	डी डब्ल्यू आर एफ बी 51	आर डी 2592 / बी सी यू 7045
13	डी डब्ल्यू आर एफ बी 52	डी डब्ल्यू आर यू बी 64 / बी सी यू 6764
14	डी डब्ल्यू आर एफ बी 53	बी सी यू 7045 / बी सी यू 6857
15	डी डब्ल्यू आर एफ बी 54	बी सी यू 8 / बी सी यू 2366
16	डी डब्ल्यू आर एफ बी 55	बी सी यू 8 / बी एच 902
17	डी डब्ल्यू आर एफ बी 56	डी डब्ल्यू आर 83 / आर डी 2052
18	डी डब्ल्यू आर एफ बी 57	डी डब्ल्यू आर 83 / आर डी 2052
19	डी डब्ल्यू आर एफ बी 58	डब्ल्यू 260 / बी सी यू 8
20	डी डब्ल्यू आर एफ बी 59	डब्ल्यू 260 / बी सी यू 8
21	डी डब्ल्यू आर एफ बी 60	आर डी 2552 / डी एल 88
22	डी डब्ल्यू आर एफ बी 61	(ड्रमोंन / बी सी यू 8) / डी डब्ल्यू आर यू बी 64
23	डी डब्ल्यू आर एफ बी 62	(वी एम150 / बी एच 902) / डी डब्ल्यू आर यू बी 64
24	डी डब्ल्यू आर एफ बी 63	(पी एल 426 / ई आई बी ओ एन 18) / आर डी 2552

उनसे एफ.2 बीज मिले थे, उनमें से छब्बीस एफ.2 क्रोसेस को रबी 2017.18 के दौरान करनाल में लगाया गया। एफ.2 पीढ़ी में सात क्रॉस को अस्वीकार कर दिया गया और शेष 19 एफ.2 क्रॉस में फेनोटाइपिक रूप से बेहतर पौधों से 92 एफ.3 वालियों को चयन करके अलग से काटा गया। एफ.3 वंशावली में चयनित 19 क्रॉस. बाईस संयोजनों को दालंग मैदान में (स्पाइक.टू.रो) में लगाया गया और 2018 की गर्मियों में एफ.4 पीढ़ी के लिए उन्नत किया गया।

जंगली गोंणों के बीज की वृद्धि

रबी 2017.18 के मौसम में आई.सी.ए.आर.डी.ए. ए मोरक्को से प्राप्त हॉर्डियम वुल्गेयर स्पोंटेनियम के 45.जंगली परिग्रहणों को उनके लक्षण वर्णन के लिए उनके बीज को बढ़ाया गया। कुछ रूपात्मक विशेषताओं पर टिप्पणियों को दर्ज किया गया। रबी 2018–19 में करनाल में पर्ण झुलसा रोग के लिए इक्तालीस जंगली परिग्रहणों का प्रदर्शन किया जा रहा है। शिमला में रतुआ, पत्ती के धब्बे और पाउडरी मिल्ड्यू जैसी अन्य बिमारियों की प्रतिक्रिया के लिए

चित्रः हॉर्डियम वुल्गेयर स्पोंटेनियम

इस जंगली प्रजाति के 44 परिग्रहणों को स्क्रीन किया जा रहा है।

जौ के पर्ण झुलसा रोग के लिए प्रतिक्रिया के लिए जननद्रव्य प्रविष्टियों की जाँच

पच्चीस जननद्रव्य लाईनें जिनमें बी.सी.यू..5214 (वाराणसी में

2016.17 में पर्ण झुलसा रोग के लिए मध्यम प्रतिरोध पाया गया था) शामिल हैं को फैजाबाद, वाराणसी और करनाल में स्क्रीनिंग के लिए लगाया गया था। इनमें छह लाइनें (त्रित्य जी.एस.वाई.टी..(2016).10, आई.एन.बी.ओ.एन..एच.आई. (2016).11, आई.एन.बी.ओ.एन..एच.आई. (2016).63, आई.एन.बी.ओ.एन..एच.आई..(2016).74, एच.यू.बी. 250 और एच.यू.बी. 616, त्रित्य जी.इस.वाई.टी..(2016).10,आई.एन.बी.ओ.एन..एच.आई..(2016).11, आई.एन.बी.ओ.एन..एच.आई. (2016). 63, आई.एन.बी.ओ.एन..एच.आई..(2016).74, एच.यू.बी. 250 और एच.यू.बी.246) ने वाराणसी में 24 का ब्लाइट स्कोर दर्ज किया और बी.सी.यू. 5214 ने पिछले साल के प्रदर्शन को दोहराते हुए 35 ब्लाइट स्कोर दर्ज किया। करनाल में पीले रतुये की प्रतिक्रिया के लिए 50 लाईनों की जाँच की गई और उच्चतम रतुये के लिए स्कोर अतिसंवेदनशील चेक एन. डी. बी. 943 में पाया गया। इक्कीस प्रविष्टियाँ बीमारी (0एस) पूरी तरह से मुक्त पाई गई।

जननद्रव्य का विनिमय एवं मूल्यांकन

अंतर्राष्ट्रीय नर्सरी और आई.सी.ए.आर.डी.ए. के परीक्षणों का समन्वय

आई.सी.ए.आर.डी.ए. की 378 जननद्रव्य लाईनों के लिए अलग–अलग परीक्षण स्थानों से प्राप्त डेटा को 3 अलग–अलग परीक्षणों के रूप में मूल्यांकन किया गया और प्रत्येक चार स्थानों पर समान संख्या में नर्सरी का संकलन, विश्लेषण और व्याख्या की गई। सात जननद्रव्य अर्थात् आई.बी.वाई.टी.एच.आई.(2018).20, आई.बी.वाई.टी.एच.आई. (2018). 6, आई.एनबी.वाई.टी.एच.आई.18).11, 5वीं जी.एस.बी.वाई.टी.18.1, आई.बी.ओ.एन.एच.आई.(2018). 97,आई.बी.ओ.एन.एच.आई.(2018). 108 और आई.बी.ओ.एन.एच.आई. (2018). 47 को विभिन्न परीक्षण स्थानों पर उपज के लिए बेहतर पाया गया। आई.सी.ए.आर.डी. से विभिन्न परीक्षणों (आई.बी.वाई.टी.एजी.एस.बी.वाई.टी.) और नर्सरी (आई.बी.ओ.एन.ए.जी.एस.बी.ओ.एन.) के रूप में प्राप्त 347 लाईनों को मूल्यांकन के लिए करनाल के अतिरिक्त तीन अन्य परीक्षण स्थानों पर लगाया गया। आई.आई.डब्ल्यू.बी.आर., करनाल में भी नर्सरी और परीक्षण के सभी 4.सेट लगाये गए। इसके अलावा एन.बी.जी.एस.एन. में 15 लाईनों का मूल्यांकन किया गया और जौ के 10 सहकारी केन्द्रों में ई.बी.जी.एन. में 45 लाईनों का मूल्यांकन किया गया।

अंतर्राष्ट्रीय जननद्रव्यों का चयन और उपयोग

रबी 2017.18 में आई.आई.डब्ल्यू.बी.आर.,करनाल में आयोजित प्रक्षेत्र दिवस के दौरान ईकार्ड़ा के छह अलग–अलग अंतर्राष्ट्रीय परीक्षणों और नर्सरी से विभिन्न सहकारी केन्द्रों के जौ प्रजनकों द्वारा अपने प्रजनन कार्यकर्मों में उपयोग के लिए कुल 94 जनन द्रव्यों का चयन किया। 2017–18 के सीजन में मोरक्को और ईकार्ड़ा के क्षेत्रीय केन्द्र, अमलाह में कुल 345 जननद्रव्यों का चयन किया गया और इन जननद्रव्यों के बीजों को आयात किया गया है।

जननद्रव्य संरक्षण और डी.यू.एस. विशेषताएँ

आई.सी.ए.आर–आई.आई.डब्ल्यू.बी.आर, करनाल में जौ के



फिग.: ईकार्ड़ा के जननदद्रव्यों का उपयोग (2017–18)

तालिका 6.9 : उच्च दाना प्रोटीन और 1000 दाने भार जीनोटाईप और चेक का विवरण (2017–18)

जीनोटाईप	पंक्ति	दानो प्रोटीन (प्रतिशत)	1000 दाना भार (ग्राम)
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 193	2	16.8	59.0
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 194	2	16.0	70.2
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 195	6	16.6	44.2
बी.के. 1127′	2	15.5	70.0
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 91	2	12.3	56.2
डी.डब्ल्यू.आर.बी. 92	2	13.4	54.3
डी.डब्ल्यू.आर.यू.बी. 64	6	11.5	47.0
बी.एच. 902	6	11.0	44.3

कुल 8193 लाईनें संरक्षित और पोषित किया है। मध्यम अवधि भण्डारण में 2017–18 के दौरान 600 जननद्रव्य लाईनों का पुनर्जीवन किया और रबी मौसम में 2018–19 के दौरान 500 जननद्रव्य जातियों को पुनर्जीवन और लक्षणों के हेतू बुआई की गई। रबी के दौरान 2017–18 में एक कृषक जाति भगत जौ–1 के लक्षणों को 8 संकेतिक जाातियों के साथ चिंहित और 2018–19 के दौरान 16 कृषक किस्मों का परीक्षण किया जा रहा है।

नवीन आनुवंशिक संसाधन

उच्च दाने प्रोटीन मात्रा के साथ मोटा दाना जीनोटाईप की पहचान

द्वि पक्ति जौ जीनोटाईप डी.डब्ल्यू.आर.बी. 193 और डी.डब्ल्यू. आर.बी. 194 और एक छः पक्ति जौ जीनोटाईप डी.डब्ल्यू. आर.बी. 195 में दाना प्रोटीन मात्रा के साथ मोटा दाना पाया गया। जीनोटाईप डी.डब्ल्यू.आर.बी. 193 में उच्च प्रोटीन मात्रा (16.8 प्रतिशत) और 1000 दाना भार 59.0 ग्राम देखा जबकि जीनोटाईप डी.डब्ल्यू.आर.बी. 194 में उच्च 1000 दाने भार 70.2 ग्राम और 16 प्रतिशत प्रोटीन पाया गया। छः पंक्ति जौ जीनोटाईप डी.डब्ल्यू.आर.बी. 195 में उच्च दाना प्रोटीन 16.6 प्रतिशत देखा गया जबकि छः पंक्ति चेक डी.डब्ल्यू.आर.यू.बी. 64) बी.एच. 902 में उच्च प्रोटीन दाना मात्रा कमंशः 11.5 प्रतिशत और 11.0 प्रतिशत पाया गया द्वि पंक्ति पंर्जीकृत आनुवंशिक स्टोक बी. के. 1127 में क्रमशः 1000 दाने भार 70 ग्राम और दाना प्रोटीन मात्रा 15.5 प्रतिशत प्राप्त हुई। द्वि पंक्ति माल्ट जौ चेक डी.डब्ल्यू.आर.बी. 91 और डी.डब्ल्यू. आर.बी. 92 में प्रोटीन क्रमशः 12.3 प्रतिशत और 13.4 प्रतिशत प्राप्त हुई। अतः द्वि पंक्ति जौ और छः पंक्ति जौ का जीनोटाईप चयन 1000 ग्राम दाने भार के साथ उच्च प्रोटीन मात्रा का चयन बहुत महत्त्वपूर्ण है। दाने प्रोटीन मात्रा और 1000 दाने भार का विवरण तालिका में प्रस्तुत है।

पंजीकृत स्टोक

चारा जौ के नवीन आनुवंशिक संसाधन

डी डब्ल्यू आर एफ बी 15

यह छः पंक्ति वाली चारा जौ की प्रविष्टि है। डी डब्ल्यू आर 83/ई आई बी ओ एन 19 जो कि इस प्रविष्टि को वर्ष 2016–17 के अंतर्गत आई.बी.डी.एस.एन. में आर्टिफिशियल एपिफाइटोटिक स्थिति में विभिन्न स्थानों पर मूल्यांकन किया गया। सभी स्थानों पर यह प्रविष्टि पीला रतुआ के लिए रोगरोधी पायी गई इसके अलावा अंकुर प्रतिरोधी परीक्षण (एसआरटी) में भी यह प्रविष्टि पीला रतुआ के प्रति रोगरोधी पायी गई।

डी डब्ल्यू आर एफ बी 19

डी.डब्ल्यू.आर.एफ.बी. 19 को सी.डी.सी. मनले/बी.सी.यू. 2889 के मध्य संकरण के द्वारा विकसित किया गया। इस प्रविष्टि को 2016–17 एवं 2017–18 के दौरान आर्टिफिशियल एपिफाइटोटिक स्थिति में आई बी.डी.एस.एन.में विभिन्न स्थानों पर मूल्यांकन किया गया। सभी स्थानों पर यह प्रविष्टि पीला रतुआ के लिए रोगरोधी पायी गई इसके अलावा अंकुर प्रतिरोधी परीक्षण (एसआरटी) में भी यह प्रविष्टि पीला रतुआ के लिए रोगरोधी पायी गई।

खाद्य जौ की नवीन आनुवंशिक संसाधन

डी डब्ल्यू आर एन बी 28

यह जीनोटाईप दो पंक्ति वाली छिलका रहित जौ जिसका चयन बौनेपन के लिए ईकार्डा से प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय जौ नर्सरी से किया गया। वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 के दौरान आर्टिफिशियल एपिफाइटोटिक स्थिति में आई.बी.डी.एस.एन में विभिन्न समन्वित केंद्रों पर मूल्यांकन किया गया। इन सभी स्थानों पर यह जीनोटाइप पीला रतुआ के लिए रोगरोधी पायी गई।

तालिका 6.10 : डी.डब्ल्यू.आर.एफ.बी. 15 और डी.डब्ल्यू.आर.एफ.बी. 19 जौ प्रविष्टियों में पीला रतुआ प्रतिरोधिता प्रतिक्रिया

प्रविष्टि	आई बी डी एस एन (2016–17)		आई बी डी एस एन (2017–18)	
	ए सी आई	एच एस	ए सी आई	एच एस
डी डब्ल्यू आर एफ बी 15	0.16	टी एम एस	4.00	20 एस
डी डब्ल्यू आर एफ बी 19	0.00	0	0.00	0
इन्फेक्टर	76.0	100 एस	72.0	100 एस

फसल संरक्षण

रोगों और कीटों की स्थिति

विभिन्न रोगों और कीटों की समग्र स्थिति की निगरानी के लिए फसल के मौसम 2017–18 के दौरान जौ उत्पादन क्षेत्र में विभिन्न सहयोगी केंद्रों के वैज्ञानिकों द्वारा सर्वेक्षण किया गया। सहयोगी केंद्र आर.ए.आर.आई., दुर्गापुरा, जयपुर के वैज्ञानिकों ने जयपुर के आस–पास के क्षेत्रों में जौ के रोगों की स्थिति जानने के लिए चोमू, रामपुरा, तारकाडा और नागाल जिले में सर्वेक्षण किया। किसी भी सर्वेक्षण वाले क्षेत्र में रतुआ रोग नहीं देखा गया। कुछ क्षेत्रों में कुछ खेतो में अल्प मात्रा में आवृत कंड का संक्रमण देखा गया। इसके अलावा कुछ क्षेत्रों में पत्तों पर धारीदार बीमारियों को भी नोट किया गया था। आई.आई. डब्ल्यू.बी.आर., करनाल के वैज्ञानिक द्वारा हरियाणा और पंजाब के क्षेत्रों में भी सर्वेक्षण किया गया था। जौ के बहुत अलग–अलग क्षेत्र को देखा गया था। इन क्षेत्रों में सर्वेक्षण के दौरान कोई भी रतुआ रोग दर्ज नहीं की गई थी। इसी तरह जौ की फसल पर कीट और उनके प्राकृतिक शत्रुओं की घटनाओं का निर्धारण करने के लिए भी सर्वेक्षण किया गया। विजापुर में, जौ के खेतों में एफिड की आबादी मध्यम से ऊंचे दर्ज की पाई गई। प्राकृतिक दुश्मनों में, कैंपोलैटिस क्लोरिडिया, एच आर्मिजेरा का लार्वा परजीवी देखा गया। इसके अलावा कोक्सीनेलिड बीटल्स, क्राइसोपरला और सिरिफिड फ्लाई जैसे शिकारी अकसर गेहूँ और जौ एफिड्स पर अकसर दिखाई देते हैं। कानपुर में जौ किस्म के 551 में 50–60 एफिड्स/पौधा का संक्रमण देखा गया। लुधियाना और करनाल में, जौ की फसल में एफिड कीट का संक्रमण मुख्य था। एफिड्स के प्राकृतिक दुश्मन से प्रभावित कुछ क्षेत्रों में कोबिनेलिड बीटल, सिरिफिड फ्लाई और क्राइसोपरला के ग्रब्स और वयस्क देखे गए थे। कुल मिलाकर जौ उत्पादन के सभी क्षेत्रों में जौ की फसल स्वस्थ थी।

जौ के रतुआ रोग के प्रभेदों का वितरण

जौ उत्पादन के अधिकांश क्षेत्रों में प्राकृतिक रूप से 2017–18 के दौरान रतुआ रोग का संक्रमण नगण्य पाया गया। हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और नेपाल से जौ के पीले रतुआ के सात नमूनों का विश्लेषण किया गया था। पी. स्ट्रिपफॉर्मिस होर्डे प्रभेद ओएसओ (57) और 1एसओ (ड) की पहचान क्रमशः चार और तीन नमूनों में की गई।

प्रजनन लाईनों और उन्नत प्रविष्टियों में प्रतिरोध के लिए मूल्यांकन

वयस्क पौधे में प्रतिरोधकता

फसल वर्ष 2017–18 के दौरान विभिन्न सहयोगी केंद्रों पर

तालिका 6.11 : डी.डब्ल्यू.आर.एन.बी 28 एवं चेक प्रजातियों के पौधों की उचाई (सेमी)

प्रविष्टि	वर्ष	पौधों की ऊंचाई (सेमी)		
		डी.डब्ल्यू.आर.एन.बी. 28	करण 16	एन.डी.बी. 943
हिसार	2014.15	62.0	84.5	95.9
हिसार	2015.16	62.5	80.9	100.8
हिसार	2016.17	61.5	89.0	97.0
हिसार	2017.18	61.3	105.4	113.0
	औसत	61.8	89.9	101.7
	प्रतिशत लाभ		31.3	39.2

तालिका 6.12 : डी डब्ल्यू आर एन बी 28 में पीला रतुआ प्रतिक्रिया

प्रविष्टि	आई.बी.डी.एस.एन (2015–16)		आई.बी.डी.एस.एन (2016–17)	
	ए सी आई	एच एस	ए सी आई	एच एस
डी डब्ल्यू आर एन बी 28	0.00	0	3.00	15 एम एस
इन्फेक्टर	66	100 एस	84.0	100 एस

विभिन्न बीमारियों, एफिड और सीसीएन के खिलाफ प्रतिरोध के लिए विभिन्न नर्सरियों (आई.बी.डी.एस.एन., एन.बी.डी.एस.एन. और ई.बी.डी.एस.एन.) के तहत कुल 634 प्रविष्टियां का मूल्यांकन किया गया। 2017–18 के दौरान आई.बी.डी.एस. एन. के तहत कुल 417 प्रविष्टियों का मूल्यांकन किया गया था। इनमें से 39 प्रविष्टियों को पीले रतुआ (एसीआई = 0) से मुक्त पाया गया और 132 प्रविष्टियों ने प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दिखाई, जिसमें एसीआई 10 से कम है। पर्ण झुलसा स्क्रीनिंग, 120 प्रविष्टियों ने माध्यम दर्जे कि प्रतिरोधकता पाए गई जिसमें द्विअंक पद्दति के अनुसार औसत अंक 14.35 और अधिकतम अंक 57 के से कम थे। एन.बी.डी.एस.एन. के तहत मूल्यांकन की गई 136 प्रविष्टियों में से 19 प्रविष्टियां पीला रतुआ से मुक्त पाई गईं, 65 प्रविष्टियों ने प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दिखाई और 21 प्रविष्टियां पर्ण झुलसा के खिलाफ मध्यम प्रतिरोधी पाई गई। ई.बी.डी.एस.एन. में जांच की गई 81 प्रविष्टियों में से 16 प्रविष्टियाँ पीले रतुआ से मुक्त पाई गई हैं। जबकि 46 में प्रतिरोधी प्रतिक्रिया दिखाई गई है। एक प्रविष्टि डी. डब्ल्यू.आर.बी. 101 को पर्ण झुलसा के लिए प्रतिरोधी पाया, जबकि 22 प्रविष्टियों ने पर्ण झुलसा के खिलाफ मध्यम स्तर कि प्रतिरोधकता दिखाई।

रतुआ प्रतिरोधी लाइनों की पहचान करने के लिए एन.बी.डी.एस.एन. की 136 प्रविष्टियों और ई.बी.डी.एस.एन. की 81 प्रविष्टियों का पी.

स्ट्रिपिफॉर्मिस एफ.एस.पी. होर्डे (पीला रतुआ / स्ट्राइप रस्ट), के छह पैथोटाइप्स (एमए 7 एस 0ए 6 एस 0ए 24ए 57 और जी) के खिलाफ,



जौ के तीन रतुआ रोग के खिलाफ पोध प्रतिरोधकता के लिए मूल्यांकन

पी. ग्रैमिनीस ट्रिटीटी (कला रतुआ/स्टेम रस्ट) के पांच पैथोटाईप्स (79जी31 (11), 62जी29 (40 I), 117–6 (37 जी 19), 122 (7 जी 11) और 295 (7 जी 43) और पी. होर्डेई (भूरा रतुआ/लीफ रस्ट) के पांच पैथोटाईप्स (एच 1ए एच 2ए एच 3 ए एच 4 और एच 5) के खिलाफ प्रतिरोधकता के लिय प्रकाश और तापमान की नियंत्रित स्थितियों में मूल्यांकन किया गया।

एन.बी.डी.एस.एन. प्रविष्टि में से कोई भी काले, भूरे या पीले रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोधी नहीं पाया गई। काले और पीले रतुआ रोगजनकों के सभी प्रभेदो के लिय प्रतिरोध केवल डी.डब्ल्यू.आर.बी. 182 में रह सात प्रविष्टियों (एच.बी.एल. 804, एच.बी.एल. 812, जे.बी. 357, आर.डी. 2786 (सी), आर.डी. 2973, आर.डी. 2974 और आर.डी. 2976) ने पीले और भूरे रतुआ के सभी प्रभेदों के लिये प्रतिरोधकता दर्शाई। क्रमशः इकतीस, उन्नीस और दो प्रविष्टियाँ पीले, भूरे और काले रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोधी थीं।

ई.बी.डी.एस.एन. प्रविष्टियों में से कोई भी काले, भूरे और पीले रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोध नहीं पाया गई। सात प्रविष्टियाँ (आर.डी. 2786, आर.डी. 2941, आर. डी.

तालिका 6.13 : एन.बी.डी.एस.एन लाइनों में रतुआ प्रतिरोधकता

प्रतिरोधकता	लाइनों की संख्या	विवरण
पीला एवं भूरा रतुआ	07	एच् बी एल 804, एच् बी एल 812, जे बी 357, आर डी 2786 (सी), आर डी 2973, आर डी 2974 और आर डी 2976
पीला एवं काला रतुआ	01	डी डब्ल्यू आर बी 182
पीला रतुआ	31	डी डब्ल्यू आर बी 137 (सी), डी डब्ल्यू आर बी 185, डी डब्ल्यू आर बी 186,एच् बी एल 814, एच् यु बी 113 (सी), एच् यु बी 260, जे बी 360, जे बी 364, के बी 1606, के बी 1634, एन डी बी 1682, एन डी बी 1683, एन डी बी 1698, पी एल 892, पी एल 900, पी एल 902, आर डी 2552 (सी), आर डी 2715 (सी), आर डी 2899 (सी), आर डी 2907(सी), आर डी 2948, आर डी 2969, आर डी 2971, आर डी 2972, आर डी 2975, आर डी 2977, आर डी 2978, आर डी 2981, आर डी 2982, आर डी 2983, यु पी बी 1070
भूरा रतुआ	19	बी एच एस 380 (सी), बी एच एस 400 (सी), बी एच एस 462, बी एच एस 465, बी एच एस 466, बी एच एस 467, बी एच एस 468, डी डब्ल्यू आर बी 184, एच बी एल 113, एच बी एल 789, एच बी एल 821, के बी 1632, यु पी बी 1072, यु पी बी 1073, वी एल बी 118, (सी), वी एल बी 155, वी एल बी 157, वी एल बी 158, वी एल बी 160
काला रतुआ	02	डी डब्ल्यू आर बी 188, एच बी एल 793

तालिका 6.14 : ई.बी.डी.एस.एन. लाईनों में रतुआ प्रतिरोधकता

प्रतिरोधकता	लाईनों की संख्या	विवरण
पीला एवं भूरा रतुआ	07	आर.डी. 2786, आर डी 2941, आर डी 2949, आर डी 2955, आर डी 2956, आर डी 2957, वी एल बी 153
पीला रतुआ	11	एच बी 1009, एच बी 1017, एच बी 1019, के बी 1622, डी डब्ल्यू आर बी 137, पी एल 892, आर डी 2899, आर डी 2947, आर डी 2948, आर डी 2951, आर डी 2954
भुरा रतुआ	11	

2949, आर.डी 2955, आर.डी. 2956, आर.डी. 2957 और वी.एल. बी. 153) पीले और भूरे रतुआ के रोगजनकों के सभी प्रभेदों के लिए प्रतिरोधी पायी गई ।

जौ पर्ण झुलसा का रासायनिक नियंत्रण

जौ पर्ण झुलसा के नियंत्रण के लिय धारवाड़, कानपुर और फैजाबाद में प्रयोग किया गया था। विभिन्न फफूंदनाशक उपचारों में वीटावैक्स पावर के साथ बीज उपचार + प्रोपीकोनाजोल/0.1 प्रतिशत स्प्रे और वीटावैक्स पावर के साथ बीज उपचार + टेबुकोनाजोल (फॉलिकर)/0.1 प्रतिशत स्प्रे के साथ कानपुर और फैजाबाद केंद्रों पर समान रूप से प्रभावी पाया गया, जबकि टेबुकोनाजोल (रैक्सिल) के साथ बीज उपचार + प्रोपिकोनाज़ोल/0.1 प्रतिशत धारवाड़ केंद्र में बेहतर पाया गया।

जौ व्याधि स्क्रीनिंग नर्सरी में फोलियर एफिड के लिए स्क्रीनिंग

वर्ष 2017–18 जौ व्याधि स्क्रीनिंग नर्सरी के तहत फोलियर एफिड स्क्रीनिंग चार केन्द्रों (लुधियाना, कानपुर, करनाल और दुर्गापुरा) में की गई। कुल 137 एनबीडीएन जौ प्रविष्टियों की जांच की गई। एफिड की सख्या एक सप्ताह के अंतराल में ली गई और यह पाया गया कि सभी केन्द्रों में अधिकांश प्रविष्टियों या मामूली प्रतिरोधी (ग्रेड 3) या अतिसंवेदनशील (ग्रेड 4) या अतिसंवेदनशील (ग्रेड 5) क्षमता वाली थी। कोई भी प्रविष्टि पूर्णरूप से प्रतिरोधी नहीं पाई गई। करनाल केन्द्र पर, तीन प्रविष्टियां डीडब्ल्यूआरबी 182, डीडब्ल्यूआरबी 183 एवं केबी 1638 और लुधियाना केन्द्र में आरडी 2715, केबी 1633 एपीएल 891 एवं आजाद को मध्यम प्रतिरोधिता (ग्रेड 3) पाई गई।

कानपुर सेंटर पर एक प्रविष्टि डीडब्ल्यूआरबी 184 प्रतिरोधी (ग्रेड 2) एवं आरडी 2794 एवं एचयुबी 263 को मध्यम प्रतिरोधिता (ग्रेड 3) पाई गई ।

फोलियर एफिड का नियंत्रण

एफिड के नियंत्रण के लिए वर्ष 2017–18 आठ कीटनाशियों का छिड़काव किया गया। परीक्षण किए गए कीटनाशकों के बीच, कुइनल्फोस 25 प्रतिशत ई.सी/400 मिली/है., ईमिडाक्लोप्रिड 200 अस अल/100 मि.ली/है. 100 मिली अथवा असेटमीप्रिद 200 अस पी 100 ग्राम/है. एफिड नियंत्रण सबसे अधिक प्रभावशाली पाया गए। तीन जैव कीटनाशकों में से, एजेडिरोक्टिन 1000 पीपीएम तुलनात्मक रूप से बेवेरिया बैसियाना और मेटार्हिजियम एनिसोप्ला, से बेहतर था। अधिकांश परीक्षण किए गए स्थानों पर उपचार और नियंत्रण प्लॉट्स से प्राप्त पैदावार के बीच कोई महत्वपूर्ण अंतर नहीं थे।

भंडारण कीटों का बीज रक्षकों द्वारा प्रबंधन

पौधों द्वारा निकाले गए पदार्थ की प्रभावकारिता भंडारण के तीन प्रमुख कीटों, सूंडवाली सुरसरी (साइटोफेलस ओराइजी), छोटा छिद्रक या घुन (राइजोपरथा डोमिनीका) एवं आटे का कीट (ट्राईबोलियम कास्टेनिएम) के खिलाफ बीज रक्षक के रूप में मूल्यांकन किया गया था। वेखंड पाउडर/10 ग्राम/किग्रा बीज के साथ बीज उपचार ने काफी हद तक अनुपचारित नियंत्रण में सीटोफिलस ओरेजा या राइजोपेरथा डोमिनिका की सबसे कम संख्या दर्ज की।

जौ की लोकप्रिय किस्मों का भंडारण कीटों के प्रति मूल्यांकन

जौ की लोकप्रिय किस्मों का मूल्यांकन भंडारण के तीन प्रमुख कीटों, सूंडवाली सुरसरी (साइटोफेलस ओराइजी), छोटा छिद्रक या घुन (राइजोपरथा डोमिनीका) एवं आटे का कीट (ट्राईबोलियम कास्टेनिएम) के प्रति प्रतिरोधिता जांच के लिए किया गया। इन तीनों कीड़ों में अधिकतम क्षति प्रजाति डब्ल्यूआरबी 92 और डीडब्ल्यूआरबी 101 को हुई थी और न्यूनतम क्षति डीडब्ल्यूआरबी 73 में पाई गई। इसके अतिरिक्त कीटों का उच्चतर आकर्षण डीडब्ल्यूआरबी 91 और डीडब्ल्यूआरबी 92 की तरफ दर्ज किया गया जबकि न्यूनतम आकर्षण डीडब्लूआरबी 73 की तरफ दर्ज किया गया ।

जौ–धान फसल चक्र के प्रमुख कीटों पर जुताई का प्रभाव

जौ–धान फसल–चक्र के प्रमुख कीटों की आपेक्षिक विपुलता पर किया गया। फोलियर एफिड की संख्या सबसे अधिक सीधी बुआई धान, शून्य जुताई जौ–हरा चना फसल चक्र में पाई गई। इसके अतिरिक्त गुलाबी तना बेधक एवं दीमक की संख्या शून्य जुताई वाले जौ में अधिक पाई गई। धान में पत्ती – भक्षण कीट की संख्या अन्य उपचारों के तुलना में प्रत्यारोपित धान में ज्यादा थी।

जौ प्रविष्टियों का सी सी एन के खिलाफ मूल्यांकन

कुल 217 प्रविष्टियाँ जिनमें एनबीडीएसएन की 136 प्रविष्टियों और ईबीडीएसएन की 81 प्रविष्टियों शामिल हैं, को तीन स्थानों दुर्गापुरा, लुधियाना और हिसार पर अनाज सिस्ट नेमाटोड (सी सी एन) के विरुद्ध प्रतिरोधकता के लिय जांचा गया। अधिकांश प्रविष्टियाँ संवेदनशील या अतिसंवेदनशील की श्रेणी में आती हैं।

जौ गुणवत्ता

माल्टिंग तथा मैशिंग का जौ बीटा ग्लूकन पर प्रभाव

माल्टिंग तथा ब्रूइंग के उपयोग में आने वाले जौ में कम बीटा ग्लूकन की मात्रा अपेक्षित होती है। जौ में उपस्थित बीटा ग्लूकन का माल्टिंग तथा मैशिंग प्रक्रिया के दौरान क्षय होता है। इस प्रक्रिया मे जौ के बीटा ग्लूकन मॉलिक्यूल की संरचनाए बीटा



माल्टिंग तथा मैशिंग के पश्चात् बीटा ग्लूकॉन में परिवर्तन को दर्शाता ग्राफ



जौ के माल्ट में बीटा ग्लुकानेज़ एंजाइम की क्रिया



दानो में प्रोटीन तथा बीटा ग्लूकॉन की मात्रा



दानो तथा माल्ट में बीटा एमिलेज एंजाइम की क्रिया

ग्लूकानेज़ एंजाइम की क्रिया तथा अन्य कई कारक बीटा ग्लूकॉन के टूटने का कारण बनते हैं। इस अध्ययन में बीस जीनोटाईप का चयन किया गया, जो बीटा ग्लूकॉन मात्रा मे अधिक या काम थे। इन जीनोटाईप के दानो, माल्ट तथा वॉर्ट में बीटा ग्लूकॉन को मापा गया तथा पाया गया कि स्लूप एस ए डब्ल्यू एल 3167 व स्लूप वी ऑय सी वी बी 9953 में वॉर्ट बीटा ग्लूकॉन की मात्रा सब से कम थी। ये दोनों जीनोटाइप माल्ट जौ सुधार कार्यक्रम हेतु अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो सकते हैं। किलंड माल्ट के दानो में

तालिका 6.15 : छिलका रहित जौ के दानो की गुणवत्ता

जीनोटाइप	टेस्ट भार (कि.ग्रा./है ली)	मोटे दाने (प्रतिशत)	पतले दाने (प्रतिशत)	हजार दानो का वजन (ग्रा)	प्रोटीन (प्रतिशत शुष्क भार)	बीटा ग्लूकन (प्रतिशत शुष्क भार)	एमाइलेज (प्रतिशत)
बी सी यू 8023	76.9	53.0	14.7	45.1	12.2	6.0	26.3
बी सी यू 8024	75.8	31.9	21.7	37.9	11.1	5.3	25.7
बी सी यू 8025	76.2	36.8	17.1	42.7	9.4	5.3	24.3
बी सी यू 8026	76.2	55.9	12.0	38.4	10.0	5.5	26.3
बी सी यू 8027	77.3	52.2	11.1	38.3	11.5	6.3	21.5
बी सी यू 8028	78.4	48.6	13.7	36.3	11.1	7.3	27.6
बी सी यू 8029	78.2	27.5	22.9	36.7	9.5	4.6	23.5
बी सी यू 8030	77.4	40.0	14.6	39.9	10.7	5.5	24.5
बी सी यू 8031	77.4	44.6	14.6	40.9	11.9	5.5	26.8
बी सी यू 8032	77.2	27.0	20.6	39.9	10.7	5.8	30.7
बी सी यू 8033	76.6	24.1	25.0	38.4	11.0	5.5	28.1
बी सी यू 8034	75.9	62.3	14.7	40.3	11.0	5.9	28.1
बी सी यू 8035	74.5	50.2	17.1	39.1	10.6	5.0	28.3
बी सी यू 8036	77.6	22.9	25.9	39.5	10.1	5.6	22.3
बी सी यू 8037	77.5	51.4	11.4	44.1	10.8	5.6	22.9
बी सी यू 8038	78.8	61.3	7.6	49.1	10.4	5.9	24.2
बी सी यू 8039	77.1	40.4	16.4	42.9	10.6	5.7	26.9
बी सी यू 8040	76.9	32.8	21.1	40.1	10.5	5.3	27.2
बी सी यू 8041	65.6	73.6	5.6	44.7	9.2	4.9	23.6
बी सी यू 7998	78.4	65.5	6.1	47.1	10.1	6.1	23.5
डी डब्ल्यू आर 62	78.7	72.3	3.7	37.5	10.2	4.9	24.8
डी डब्ल्यू आर 80	75.9	71.9	4.1	41.5	9.8	5.5	26.5
डोलमा (चेक)	75.6	9.9	45.3	36.0	10.2	6.5	26.2
एन डी बी 943 (चेक)	79.1	46.5	9.3	39.3	10.9	5.8	22.2
करण 16 (चेक)	75.2	33.3	21.8	37.9	10.0	5.3	29.8
बी एच एस 352 (चेक)	76.4	20.6	34.0	37.6	10.3	6.6	29.7
गीतांजली (चेक)	79.6	64.2	4.6	40.8	9.7	5.3	32.8
एच बी एल 276 (चेक)	75.4	12.7	43.1	32.5	11.1	6.0	26.1
अताहुलपा (चेक)	66.5	56.5	7.4	46.7	14.3	6.5	30.8
एल एस डी (5%)	1.4	10.7	6.1	4.2	0.8	0.9	

बीटा ग्लुकानेस एंजाइम की क्रिया को भी मापा गया तथा बी सी यू 2030 बेहतर पाया गया।

भारतीय जौ किस्मो की माल्ट गुणवत्ता का तुलनात्मक अध्ययन

माल्ट गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम 1990 के दौरान शुरू हुआ और अब तक माल्ट बनाने हेतु कई किस्में अनुमोदित की गयी हैं। इन प्रजातियों को तथा कुछ फीड जौ की किस्मों की एक साथ गुणवत्ता की जाँच की गयी ताकि माल्ट गुणवत्ता के बेहतर स्रोत्रों का पता चल सके। कुल 19 किस्मों के दानो तथा माल्ट का परीक्षण किया गया तथा पाया गया कि अधिकतम टेस्ट भर अल्फा 93 में (70० कि ग्राम प्रति हेटोलिटर), बोल्ड दानो का प्रतिशत डी डब्ल्यू आर बी 92 (95.4 प्रतिशत) में पाया गया। छिलके की मात्रा अल्फा 64 (8. 6 प्रतिशत), प्रोटीन की मात्रा डी डब्ल्यू आर यू बी 64 (8.6 प्रतिशत) तथा बीटा ग्लूकॉन की मात्रा अम्बर (2.9 प्रतिशत) में पाई गयी है। दानों में बीटा एमिलेज एंजाइम की अधिकतम क्रिया अल्फा 93 में तथा माल्ट में आर एस 6 में पाई गई। माइक्रोमाल्टिंग में गर्म पानी का एक्सट्रेक्ट अधिकतम डी डब्ल्यू आर बी 101 ए फ्राएबिलिटी अल्फा 93 में तथा डायस्टेटिक क्षमता अम्बर में पाई गई।

छिलका रहित जौ की गुणवत्ताः बहुअन्न पदार्थ बनाने हेतु छिलका रहित जौ ज्यादा बेहतर विकल्प है। इस क्रम में 22 छिलका रहित जीनोटाईप का गुणवत्ता परीक्षण किया गया। अधिकतम बीटा ग्लूकॉन की मात्रा बी सी यू 8028 में तथा मोटे दानो की संख्या बी सी यू 8041 में पाई गई

अखिल भारतीय समन्वित गेहूँ एवं जौ सुधार परियोजना के अन्तर्गत जौ के नमूनों का परीक्षणः इस कार्यक्रम में 133 माल्ट तथा 444 फीड जौ के नमूने प्राप्त हुए। माल्ट गुणवत्ता में डी डब्ल्यू आर बी 160 व पी एल 905 बेहतर पाई गयी। माल्ट एवं फीड जौ की गुणवत्ता का विवरण तालिका 1 तथा 2 में दिया गया है।

संसाधन प्रबंधन

बदलते जलवायु परिवेश में जौ की खेती के लिए उर्वरक प्रबंधन, सिंचाई प्रबंधन, बिजाई प्रबंधन, फसल का गिरना, वृद्धि नियामकों की भूमिकाएं, खरपतवार प्रबंधन, देर से बिजाई में फसल प्रबंधन व संरक्षित खेती मुख्य मुद्दे हें।

जौ की विभिन्न प्रजातियों का संरक्षित खेती हेतू मूल्यांकन

पश्चिमी मैदानी भागों में जौ की प्रजातियों का तीन जुताई तकनीकों में मूल्यांकन किया तथा पाया की हैप्पी सीडर द्वारा बिजाई से बिजाई लागत व समय की बचत होती है जिससे शुद्ध लाभ में वृद्धि हुई। आर डी 2552 की हैप्पी सीडर द्वारा बिजाई से अधिकतम पैदावार (50.34 कुंतल प्रति है.) प्राप्त हुई। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में परम्परागत विधि से बिजाई करने पर अधिक पैदावार प्राप्त हुई।

उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में विभिन्न किस्मों का बीज की मात्रा का निर्धारणः बी.एच.एस. 400 किस्म की पैदावार दूसरी किस्मों से अधिक प्राप्त हुई। 100 कि.ग्रा. व 125 कि.ग्रा. बीज प्रति है. प्रयोग करने से बराबर पैदावार प्राप्त हुई जबकि 75 कि.ग्रा. बीज प्रयोग करने से सभी किस्मों की पैदावार में कमी हुई।

खाद के विभिन्न घटकों का जौ उत्पादन पर प्रभाव : उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्रों मे खाद की सिफारिश शुद्ध मात्रा के साथ 5 टन प्रति है. गोबर की खाद डालने से विभिन्न घटकों के प्रयोग के बराबर पैदावार प्राप्त हुई जबकि उतर पूर्वी मैदानी भागों में खाद की सिफारिश शुद्ध मात्रा के साथ 0.5 प्रतिशत जिंक सल्फेट के पर्ण छिडकाव या 0.5 प्रतिशत पोटाशियम क्लोराइड के दो पर्ण छिड़काव करने से विभिन्न उपचारों की अपेक्षा अधिक पैदावार प्राप्त हुई।

जौ में समेकित उर्वरक प्रबंधनः जौ की उत्पादकता बढ़ाने के लिये तीन उर्वरक मात्रा (नत्रजन की सिफारिश शुद्ध मात्रा का 50 प्रतिशत, 75 प्रतिशत व सत प्रतिशत) व चार जीवाणुखाद (एजोटोबेक्टर, पी.एस.बी, एजोटोबेक्टर पी.एस.बी. व बायोमिक्स) तथा एक बिना किसी जीवाणुखाद के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों में परीक्षण किया गया। एजोटोबेक्टर + पी.एस.बी. जीवाणुखाद से बीज उपचार करने व सिफारिश खाद की मात्रा प्रयोग करने से जौ की उत्पादकता में वृद्धि हुई ।

पौध वृद्धि नियामक का जौ पर प्रभावः उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र व उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र में वृद्धि नियामक क्लोरमेक्वैट क्लोराइड (1.25 लि./प्रति है., वृद्धि अवस्था 30–31) व इथेयोफोन (1.0 लि./प्रति है., वृद्धि अवस्था 39–40) का स्प्रे करने से सबसे अधिक पैदावार प्राप्त हुई

जौ में चौड़ी पत्ती के खरपतवारों का नियंत्रण : उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र, उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र व मध्य क्षेत्र में हलाक्सिफ़ेन मिथाइल एस्टर+ फ्लोरासुलम + कारफेंट्राजोन + सर्फेक्टेंट, हलाक्सिफ़ेन–मिथाइल एस्टर + फ्लोरासुलम + पालीग्लाइकोल और 2,4.डी ई + कारफेंट्राजोन खरपतवारनाशी के छिड़काव से चौड़ी पत्ती के खरपतवारों का नियंत्रण अन्य

तालिका 6.16 : माल्ट गुणवत्ता हेतु बेहतर प्रविष्टियाँ

गुण	प्रविष्टि
टेस्ट भार	डी डब्ल्यू आर बी 160, डी डब्ल्यू आर बी 181
मोटे दान	डी डब्ल्यू आर बी 160, पी एल 904, डी डब्ल्यू आर बी 184, आर डी 2986, डी डब्ल्यू आर बी 181, आर डी 2987
हजार दानो का वजन	डी डब्ल्यू आर बी 160, पी एल 904, आर डी 2985, आर डी 2988, आर डी 2986
छिलका	पी एल 905, आर डी 2986, पी एल 904
बीटा ग्लूकन	डी डब्ल्यू आर बी 182, पी एल 905, ज्ञठ 1638, आर डी 2987, डी डब्ल्यू आर बी 181
माल्ट फ्राएबिलिटी	डी डब्ल्यू आर बी 184, पी एल 905
हॉट वाटर एक्सट्रेक्ट	पी एल 905
फिल्ट्रेशन रेट	पी एल 904, पी एल 905
डाएस्टेटिक पावर	आर डी 2986, डी डब्ल्यू आर बी 182, डी डब्ल्यू आर बी 183
सम्पूर्ण माल्ट गुणवत्ता	डी डब्ल्यू आर बी 160, पी एल 905

तालिका 6.17 : दानो की गुणवत्ता के आधार पर फीड जौ की बेहतर प्रविष्टियाँ

परीक्षण	क्षेत्र	टेस्ट भार (कि.ग्रा./है ली)	हजार दानो का वजन (ग्रा)	मोटे दाने (प्रतिशत)	पतले दाने (प्रतिशत)
ए वी टी (वर्षा आधारित)	उत्तरी हिमालय क्षेत्र	बी एच एस 352 © (73.2)	यू पी बी 1071 (46.5)	यू पी बी 1070 (89.4) ए एच बी एल 793 (73.2)	यू पी बी 1070 (2.2)
ए वी टी (द्विउदेश्यीय)	उत्तरी हिमालय क्षेत्र	एच बी एल 797 (73.7)	यू पी बी 1072 (54.8)	यू पी बी 1070 (91.1)	यू पी बी 1070 (1.9)
ए वी टी (सिंचित)	उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	आर डी 2948 (59.7)	ज्योति © (43)	डी डब्ल्यू आर बी 137 © (84.0) डी डब्ल्यू आर बी 137 © (2.0)	
आइ वी टी (सिंचित)	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र	एच यू बी 261 (65.0) तथा उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	पी एल 900 (45.1)	आर डी 2786 © (87.7)	आर डी 2786 © (2.5) ए पी एल 900 (2.5)
आइ वी टी (वर्षा आधारित)	उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	पी एल 905 (64.4)		आर डी 2981 (96.7) आर डी 2981 (51.6)	आर डी 2981 (0.6)
ए वी टी (सैलिनिटी / अल्कालिनिटी)	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र तथा उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	डी डब्ल्यू आर बी 180 (61.8)	आर डी 2980 (48.5)	आर डी 2980 (92.6) आर डी 2980 (1.0)	
आइ वी टी (द्विउदेश्यीय)	उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र तथा उत्तर पूर्वी मैदानी क्षेत्र	आज़ाद ौ (57.3)	एन डी बी 1682 (33.7)	एन डी बी 1682 (51.0)	यू पी बी 1075 (20.5)

खरपतवारनाशी उपचारों से ज्यादा हुआ जिससे खरपतवार मुक्त उपचार के बराबर पैदावार प्राप्त हुई। उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में हलाक्सिफ़ेन मिथाइल एस्टर+ फ्लोरासुलम + कारफेंट्राजोन + सर्फेक्टेंट व हलाक्सिफ़ेन.मिथाइल एस्टर + फ्लोरासुलम + पालीग्लाइकोल और खरपतवार मुक्त अवस्था में बराबर पैदावार प्राप्त हुई।

संरक्षित खेती : बदलते जलवायु परिवेश में अंतस्थ ऊष्मा तनाव, खरपतवारों के समाधान तथा जौ पर परीक्षण किया गया। परीक्षण में पाया की जौ की बिजाई शून्य जुताई तकनीक तथा 6 टन प्रति है. धान फसल के अवशेषों में बिजाई करने से जौ की उत्पादकता एवं गुणवत्ता में वृद्धि हुई। फसल अवशेषों के कारण जौ फसल की कैनोपी का तापमान कम हुआ तथा एन डी वी आई व क्लोरोफिल कन्टेन्ट इंडेक्स में बढ़ात्तरी हुई।

07 क्षेत्रीय केन्द्र, फ्लावरडेल, शिमला

गेहूँ एवं जौ रतुआ रोगों की व्यापकता

इस वर्ष के दौरान भारतवर्ष में गेहूँ एवं जौ का रतुआ कुछ स्थानों पर छिटपुट अवस्था में देखा गया जो भारत एवं पड़ोसी देशों में उपेक्षणीय था। उतरी भारत के कुछ राज्यों में पीला रतुआ बहुत ही कम आवृति में देखा गया। आरंभिक अवस्था में व्यापक चौकसी के कारण पीला रतुआ अधिक नहीं फैल सका। भूरा रतुआ का उपस्थिति महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक से प्राप्त हुई । काले रतुए की उपस्थिति भारत के किसी भी राज्य एवं किसानों के खेतो से प्राप्त नहीं हुई। मूलतः यह वर्ष रतुआ मुक्त रहा।

गेहूँ एवं जौ रतुआ प्रभेदों की व्यापकता

भारत के 13 राज्यों एवं भूटान और नेपाल से प्राप्त गेहूँ एवं जौ रतुओं के 546 नमूनों को इस वर्ष के दौरान विश्लेषित किया गया। इस फसल वर्ष के दौरान पाये गये रतुआ प्रभेदों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

गेहूँ एवं जौ का पीला (धारीदार) रतुआ

उतरी भारत के सात राज्यों जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उतराखंड, पंजाब, हरियाणा, उतर प्रदेश और राजस्थान तथा भूटान और नेपाल से प्राप्त 113 नमूनों का विश्लेषण किया गया। भारतीय पीला रतुआ विशेषकों पर 10 प्रभेदों की पहचान की गयी। प्रभेद 46एस119 की आवृति वाईआर 2,3,4,6,7,8,9,17, 18,19,21,22,23,25 और वाईआर ए पर उग्र होता है वह सबसे अधिकतम 46.9 प्रतिशत नमूनों में देखा गया तथा इसके बाद 110एस119 प्रभेद 31.9 प्रतिशत नमूनों में रहा। प्रभेद 238एस119 लगभग 4 प्रतिशत नमूनों में पाया गया बाकि 7 प्रभेदों को मात्र कुछ नमूनों में ही देखा गया। प्रभेद 78एस84 जो 2010–11 तक प्रबल था को पीला रतुआ नमूनों में नहीं देखा गया। पीएसटी पॉपुलेश्न को वाईआर 5,10,15 और वाईआर एसपी में पाया गया। जौ पीला रतुआ नमूनों के विश्लेषण में प्रभेद 0एस0 (57) और 1एस0(एम) को भारतवर्ष में बराबर प्रचलित पाया गया।

तालिका 7.1 : भारतीय गेहूँ पर प्रचलित प्रभेदों का विवरण

गेहूँ रतुआ	प्रचलित प्रभेद
काला	79जी 31(11) और 62जी29 (40ए)
भूरा	121आर60–1(77–9) और 121आर63–1(77–5)
पीला	46एस 119, 110एस 119

गेहूँ का काला (तना) रतुआ

भारत के पांच राज्यों एवं नेपाल से प्राप्त 80 नमूनों में गेहूँ एवं जौ काला रतुआ के 7 प्रभेदों को पहचाना गया। पिछले वर्षों की भांति एसआर 26,27,31,32,35,39,40,43, टीटी3 और टीएमपी भारतीय तना रतुआ फिल्ड पापुलेशन पर प्रतिरोधी रहे। अधिकतम काला रतुआ नमूने तमिलनाडु और कर्नाटक से प्राप्त हुए। प्रभेद 11 (79जी31) एसआर 2,5,6,7बी,9बी,9सी,9डी, 9एफ, 9जी, 10,13,14,15,16,17,18,19,20,21,28,29,30,34,36, 38, और एमसीएन पर प्रबल तथा गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र से प्राप्त 60 प्रतिशत नमूनों पर विश्लेषित किया गया। प्रभेद 40ए (62जी29) कर्नाटक, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु से प्राप्त नमूनों पर देखा गया। प्रभेद 11ए(203जी15), 21(9जी5), 21–1(24जी5), 117(37जी3) और 117–6(37जी 19) कुछ नमूनों पर देखा गया।

गेहूँ का भूरा (पत्ता) रतुआ

इस वर्ष 353 नमूनों में प्रभेद विशलेषण किया गया गया । भारत के 11 राज्यों, भूटान एवं नेपाल से पक्सिनिया ट्रीटीसीना के 18 प्रभेद गेहूँ पर पाये गये। एलआर 9,19,24,25,29,32,39,45 और एलआर 47 भूरा रतुआ प्रतिरोधी पाई गई। प्रभेद 77–9 और 77–5 सबसे अधिक मात्रा (64 और 24 प्रतिशत क्रमशः) में पाए गये। पिछले वर्ष से यही स्थिति बनी हुई है। शेष 16 प्रभेद मात्र 22 प्रतिशत नमूनों में पाई गई। प्रभेद 77–9 सबसे विस्तृत स्तर पर पायी गयी तथा भारत के 10 प्रदेशो में देखी गयी। प्रभेद 77–5 को आठ प्रदेशों तथा भूटान में विशलेषित किया गया। प्रभेद 104–2 और 104–3 को कम नमूनों में पिछले वर्षों की भांति पाया गया। अन्य प्रभेद 12–3, 12–9, 104ए, 106, और

162–4 को एक–एक नमूने में देखा गया।

नए प्रभेद

इस वर्ष भूरे रतुए के छः नए प्रभेद पाए गए। इनमें से 1आर31, 21आर28, 83आर37 शिलोंगिनी (असम) 29आर39 मध्य प्रदेश से 25आर28–1, 7 कर्नाटक तथा 61आर47 नेपाल से प्राप्त हुआ। ये सब प्रभेद कम उग्र हैं तथा इनके विरूद्व प्रर्याप्त मात्रा में प्रतिरोधी गेहूँ की किस्में विद्यमान है अतः ये महामारी की स्थिति में नहीं आ सकती हैं।

गेहूँ में रतुआ प्रतिरोधकता

इस वर्ष 3687 गेहूँ एवं जौ के द्रव्यों में रतुआ सामग्री, सिमिट, मैक्सिको एवं इकारड़ा, मोरक्को से संबन्धित गेहूँ एवं जौ के द्रव्य हैं। इन सब पंक्तियों को संबन्धित प्रभेदों से पौध अवस्था में सटीक तापमान एवं प्रकाश के अंतर्गत मूल्यांकन किया गया।

गेहूँ की अग्रिम प्रक्तियों में रतुआ प्रतिरोधकता

गेहूँ की एचएस661 एवं पीबीडब्ल्यू 763 में भूरे, काले एवं पीले रतुए के लिए प्रतिरोधिता पायी गयी। आठ अन्य द्रव्यों एकेएडब्ल्यू4924, जीडब्ल्यू 491, जीडब्ल्यू 492, जीडब्ल्यू 493, जीडब्ल्यू 495 एचआई 1544, एचआई 1625 और एमएसीएस 6222 में भूरे एवं काले रतुओं के विरूद्व प्रतिरोधिता पाई गई जबकि वीएल 1016 में पीले एवं काले रतुओं को प्रतिरोधी है। 12 पंक्तियां जीडब्ल्यू 1339, एचआई 1624, एचएस665, एचएस 666, मैक्स 3949, पीबीडब्ल्यू 757, पीबीडब्ल्यू 770, पीबीडब्ल्यू 771, पीबीडब्ल्यू 777, पीबीडब्ल्यू 797, यूएएस 446 और वीएल 3018 भूरा रतुआ प्रतिरोधी हैं। दस पंक्तियां डीबीडल्यू110, एचडी 3226, एचडी 3237, एचआई 1628, एचएस 542, एचएस 634, के1317, एमपी 1338, एमपी3288,और पीबीडब्ल्यू 769 काले रतुए को तथा पाँच द्रव्य पीबीडब्ल्यू 752, पीबीडब्ल्यू 762, पीबीडब्ल्यू 800, पीबीडब्ल्यू 801 और वीएल 1015 पीला रतुआ प्रतिरोधी हैं।

अग्रिम पंक्तियों में जीन विविधता

जीन तुलनात्मक विधि द्वारा गेहूँ की अग्रिम पंक्तियों को परखा गया तथा उनमें तीनों रतुओं के प्रतिरोधी जीन देखे गए। इसके लिए उपयुक्त तापमान, प्रकाश, प्रभेद, तुलनात्मक जीन रखे गए तथा परीक्षण को पुनरावृति द्वारा भी सत्यापित किया गया।

वाईआर जीन

नब्बे अग्रिम पंक्तियों में पांच वाईआर जीन पाए गए, इनमें से वाईआर 2 को 56, वाईआर 9 को 17, वाईआरए को 12 पंक्तियों में वाइआर 9+ए एवं वाईआर 9+18 को 2 और तीन लाईनों में क्रमशः परखा गया।

एलआर जीन

एलआर जीन जांच 83 प्रतिशत गेहूँ की अग्रिम पंक्तियों में संभव हुई जिनमें एलआर 1,2ए,3,9, 10,13,18, 23, 24,26 और एलआर34 को अनुमानित किया गया। एलआर 13 जो उच्च तापमान पर अधिक प्रतिरोधी होता है, को 52 पंक्तियों , एलआर 23, एलआर 10 प्रत्येक को 38, एलआर 26 को 22 तथा एलआर 1 को 17 पंक्तियों में देखा गया। अन्य जीन जैसे कि एलआर 2ए, 3,9,18 24 और एलआर 34 को कुछ पंक्तियों में पाया गया।

एसआर जीन

तने के रतुए के अवरोधी जीन 78.5 प्रतिशत पंक्तियों में परखे गए। बारह एसआर जीन, एसआर 2,5,7बी, 8ए, 9इ, 11,13,24, 28,30 और 31 117 अग्रिम पंक्तियों में पाये गये। एसआर 2 एक वयस्क पौध जीन जो एक किस्म की पीली और हरी सूक्ष्म कणों के आधार पर परखा जाता है 36.9 प्रतिशत पंक्तियों में मिला। एसआर 11 को 40, एसआर 7बी को 23, एसआर 31 को 22 और एसआर 28 को 14 पंक्तियों में चिन्हित किया गया। इसके अतिरिक्त एसआर9इ, 9बी प्रत्येक 5 पंक्तियों में, एसआर 24, एसआर 30 प्रत्येक 3 में तथा एसआर 8ए, एसआर 13 प्रत्येक 7 में अनुमानित किये गये।

अग्रिम पंक्ति प्रभेद विशेष वयस्क पौध रतुआ प्रतिरोधिता

तने के रतुए के लिए प्रर्याप्त मात्रा में प्रतिरोधिता है लेकिन पीले और भूरे रतुए में आवश्यकता को देखते हुए अग्रिम पंक्तियों में प्रभेद विशेष के लिए वयस्क प्रतिरोधिता परखी गयी। पीले रतुऐ के 110एस119, 110एस84 एवं भूरे रतुए के 77–9 और 104–2 को अध्ययन के लिए चुना गया। पीले रतुए के लिए 28 पंक्तियों में तथा भूरे रतुए के लिए 11 में व्यस्क पौध प्रतिरोधकता देखी गयी। दो गेहूँ की पंक्तियों एचएस634 और यूएएस428 में भूरे एवं पीले रतुए की उपरोक्त प्रभेदों के लिए प्रतिरोधिता देखी गई।

तालिका 7.2 : अग्रिम गेहूँ में रतुआ जीन विविधिता

रतुआ	पंक्तियों की संख्या	विस्तृत जीन विविधिता
पीला	90	चारः वाईआर 2,9,ए,18
भूरा	124	ग्यारह : एलआर 1ए 2ए,3,9,10,13,18,23,24,26,34
काला	117	बारहः एसआर 2,5,7बी,8ए, 9बी, 9इ, 11,13,24,28,30,31

तालिका 7.3 : गेहूँ की पंक्तियों में रतुआ प्रतिरोधिता

प्रतिरोधी	संख्या	गेहूँ की पंक्तियां
सब रतुओ को	2	एचएस 661, पीबीडब्ल्यू 763
भूरा, काला रतुआ	8	एकेएडब्ल्यू 4924, जीडब्ल्यू 491, जीडब्ल्यू 492, जीडब्ल्यू 493, जीडब्ल्यू 495 एचआई 1544, एचआई 1625, एमएसीएस 6222
काले व पीला रतुआ	1	वीएल 1016
भूरा रतुआ	12	जीडब्ल्यू 1339, एचआई 1624, एचएस 665, एचएस 666, मैक्स 3949, पीबीडब्ल्यू 757, पीबीडब्ल्यू 770, पीबीडब्ल्यू 771, पीबीडब्ल्यू 777, पीबीडब्ल्यू 797, यूएएस 446, वीएल 3018
काला रतुआ	10	डीबीडल्यू110, एचडी 3226, एचडी 3237, एचआई 1628, एचएस 542, एचएस 634, के1317, एमपी 1338, एमपी 3288, पीबीडब्ल्यू 769
पीला रतुआ	5	पीबीडब्ल्यू 752, पीबीडब्ल्यू 762, पीबीडब्ल्यू 800, पीबीडब्ल्यू 801, वीएल 1015

इबीडीएसएन एवं एनबीडीएसएन में पौध रतुआ प्रतिरोधिता

इबीडीएसएन की 81 और एनबीडीएसएन की 163 पंक्तियों को तीनों रतुओ के विभिन्न प्रभेदों से पौध अवस्था में संक्रमण करके प्रतिरोधिता जांची गई। पीले रतुए के 6 (एम, 7एस0, 6एस0, 24, 57,जी), काले रतुए के पांच (11, 40ए, 117–6, 122, 295) और भूरे रतुऐ के पांच प्रभेदों (एच1, 2, 3, 4, 5) को मूल्यांकन के लिए चयनित किया गया।

एनबीडीएसएन में पौधावस्था में रतुआ प्रतिरोधिता

एनबीडीएसएन की किसी भी लाईन में सब रतुओं के विरूद्ध प्रतिरोधिता नहीं पाई गयी लेकिन पीले और काले रतुओं के लिए डीडब्ल्यूआरबी 182, में और भूरे एवं पीले रतुए के लिए एचबीएल 804, एचबीएल 812, जेबी 357, आरडी 2786 (सी) आरडी2973, आरडी 2976 में प्रतिरोधिता देखी गयी। इसके अतिरक्ति 31 पंक्तियों में पीले, 19 में भूरे और 2 में काले रतुए के लिए प्रतिरोधिता चिन्हित की गई।

एसएसआर मार्करों का पक्सिीनीया ट्रिटीसीना प्रभेदों में बहुरूपता परख हेतु विकास

भूरे रतुए का गेहूँ पर संक्रमण कर के कुल 37268 ट्रांसकृप्ट पाए गए। इनमें से 6809 (1.8 प्रतिषत) में एसएसआर पाए गए। कलास 1 (झ20बीपी) एसएसआर 363 (5.33 प्रतिषत), कलास 2 (12–19बीपी) एसएसआर 6446 (94.67 प्रतिषत) अधिक मात्रा में विद्यमान थे। प्राईमर जोड़े पक्सिनिया ट्रिटिसीना के 50 प्रभेदों के लिए बनाए गए लेकिन 28 (56 प्रतिषत) में बहुरूपता देखी गयी। कुल 163 एलील 48 प्रभेदों में विस्तृत इएसएसआर मार्कर थे। प्रत्येक ठिकाने पर 2–12 एलील पाए गए ओर एक एसएसआर प्रति 5.72 एलील थे। बहुरूपता सूचना सामग्री 0. 29–0.96 तक थी तथा औसतन संख्या 0.69 थी। हेटरोजाईगोस्टिरेंज 0.10–0.48 और औसत 0.21 थी। पीटी इएसएसआर से मालूम हुआ कि 18 ख्यात ट्रांसकृप्ट है। इसमें दिलचस्प बात यह थी कि पीटीइएसएसआर7 की अनुरूपता इमारिया मैक्सिमा के ग्लाईकोसिल ट्रांसफरेज परिवार के 20 प्रोटीनों के साथ पायी गयी जो पैथेजैनिसिटी का कारण हैं । डैंड्रोग्राम जो एसएसआर डेटा पर आधारित थी से पता चला कि भारत के भूरे रतुए के प्रभेद 2 श्रेणियों में निर्धारित होते है।

आनुवंशिक अध्ययन एवं रतुआ प्रतिरोधी गेहूँ के द्रव्यों का विकास

गेहूँ रतुआ प्रतिरोधी आनुवंशिकी अध्ययन

गेहूँ की छः आनुवंशिक श्रेणियों का रतुआ प्रभेदों के विरूद्ध परीक्षण किया गया। एफ4 लोकल रेड/डीडीके1009, एफ4 एलडब्ल्यूएच/यूएएस347, एफ7 एलडब्ल्यूएच/एचडी2922, एफ7 आगरा लोकल/एनआई5439 का रतुओं से परीक्षण किया गया तथा डीएनए आणविक विष्लेशण हेतु लिया गया। एलडब्लयूएच/यूएएस347 को चुनिंदा रूप से 250 आणविक मार्कर द्वारा परखा गया। इनमें वाईआर47/एलआर52 की तरह प्रतिरोधकता देखी गयी जो 5बी क्रोमोजोम पर है। एलीलिजम परीक्षण जारी है।

वयस्क पौध पीला और भूरा रतुआ प्रतिरोधिता

तीस गेहूँ की किस्मों को आणविक मार्कर एवं भूरा और पीला रतुआ प्रतिरोधिता हेतु जांचा गया। वाईआर18/ एलआर34 (सीएसएलवी34) और वाईआर46/ एलआर67 (एलआर67 पीएलयूएसएचएसयूटीएफ– 5पीएस यूटीआर) को इन जीन की परख हेतु प्रयोग में लाया गया। सी306, एचडी2888, एनआईएडब्लयू 34, एनआई 5439 और एनपी 876 में

तालिका 7.4 : इबीडीएसएन में रतुआ प्रतिरोधिता

प्रतिरोधिता	लाईनों की संख्या	लाईनें
पीला, भूरा रतुआ	7	आरडी 2786, आरडी 2941, आरडी 2949, आरडी 2955, आरडी 2956, आरडी 2957, वीएलबी 153
पीला	11	बीएच1009, बीएच1017, बीएच 1019, बीके1622, डीडब्ल्यूआरबी 137, पीएल 892, आरडी 2899, आरडी 2947, आरडी 2948, आरडी 2951, आरडी 2954
भूरा	11	बीसीयू 7746, बीके 1601, बीके 1626, बीके 1633, डीडब्ल्यूआरबी127, डीडब्ल्यूआरबी 178, एचबीएल 113, पीएल 895, आरडी 2959, वीएलबी 151, वीएलबी 154

वाईआर46 / एलआर67 की उपस्थिति पायी गयी।

रतुआ प्रतिरोधिता हेतु गेहूँ सुधार

इस वर्ष गेहूँ की 2800 पंक्तियों जिनमें पेरेन्टस डोनर सैग्रीगेटिंग फेमिलिज को उतरी पश्चिमी एवं उतरी पर्वतीय क्षेत्रों में उपयुक्ता के लिए परखा गया। इनमें से 740 को दालंग मैदान की बेमौसमी फसल में मूल्यांकन किया गया। चौबीस डबल / थ्रीवे / वैकक्रोस बनाए गये तथा 124 डब्बल हैपलायड लाईनों को बढ़ाया गया। कुल 15 क्रौस में से 45 बल्क सेलेक्सन किए गए। इसके अतिरक्ति गेहूँ की 5 लाईनों को पीपीएसएन (2017–18) में मूल्यांकन किया गया।

आनुवंशिक द्रव्यों का पंजीकरण

चार आनुवंशिक द्रव्यों का विकास किया गया इनकी रतुआ प्रतिरोधी गुणवता को देखते हुए इनका भाकृअनुप–एनबीपीजीआर, नई दिल्ली में पंजीकरण किया गया है।

राष्ट्रीय रतुआ रोग प्रभेदों का संग्रह एवं आपूर्ति

गेहूँ, जौ, जई एवं अलसी के 145 प्रभेदों का फ्लावरडेल स्थित राष्ट्रीय रतुआ प्रभेद कोष में जिवित एवं क्रायो जनित रख रखाव किया गया तथा 40 से अधिक वैज्ञानिकों / केन्द्रों को प्रभेदों की आपूर्ति की जिससे अन्य लोग भी अपना शोध एवं मूल्यांकन सुचारू रूप से कर सके।

गेहूँ रोग निगरानी नर्सरी

इस वर्ष गेहूँ निगरानी नर्सरी के पचास वर्ष पूरे हुए है तथा इसके द्वारा गेहूँ के रोगों की निगरानी सुचारू रूप से हो पाई है। यह नर्सरी 40 से अधिक स्थानों पर लगाई गयी। ये स्थान प्रमुख गेहूँ उगाए जाने वाले इलाकों में बीमारियों की प्राकृतिक स्थिति का दर्पण हैं। इस वर्ष भी यूजी99 किस्म का काला रतुआ और ब्लास्ट इत्यादि भारत में नहीं पाई गई। पीला रतुआ उत्तरी भारत में, काला रतुआ मध्य प्रदेष और कर्नाटक में तथा भूरा रतुआ कटुआ राजौरी, जम्मू (जम्मू और कश्मीर), अल्मोडा, पंतनगर (उतराखंड) हिसार (हरियाणा) में सूचित की गयी। इसके अतिरिक्त सार्क गेहूँ रोग निगरानी नर्सरी भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश एवं भूटान में 29 स्थानों पर लगाई गई तथा बीमारियों की स्थिति देखी गयी।

तालिका 7.5 : इबीडीएसएन में रतुआ प्रतिरोधिता

क्रमांक	आनुवंशिक द्रव्य	पंजीकरण का वर्ष	प्रतिरोधिता
1	एफएलडब्ल्यू18 आइएनजीआर17070	2017	काला, भूरा रतुआ
2	एफएलडब्ल्यू31 आइएनजीआर17040	2017	काला भूरा रतुआ एवं यूजी99 किस्मों को
3	एफएलडब्ल्यू32 आइएनजीआर17041	2017	काला रतुआ एवं यूजी 99 किस्मों को
4	एफएलडब्ल्यू33 आइएनजीआर17042	2017	काला, भूरा रतुआ और यूजी 99 किस्मों को

इनमें से एफएलडब्ल्यू 31,32,33,यूजी99 किस्म के प्रभेदों को भी प्रतिरोधी है।

08 क्षेत्रीय केन्द्र, दालंग मैदान, लाहौल स्पीति

गेहूँ प्रजनन कार्यक्रम छोटी अवधि में किस्मों के विकास के लिए ऑफ–सीजन नर्सरी सुविधा का कुशल उपयोग आनुवंशिक लाभ में सुधार करता है और इसको अधिक कुशल और प्रभावी बनाता है। आईसीएआर– आईआईडब्ल्यूबीआर क्षेत्रीय केंद्र दालंग मैदान रणनीतिक स्थानों में से एक है जो कई पादप प्रजनन

कार्यक्रमों के इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मदद करता है। घाटी का प्राकृतिक वातावरण देश के गेहूँ वैज्ञानिकों को संतति वृद्धिकरण के लिए सुविधा का उपयोग करने और पीले रतुआ और पाउडर फफूंदी के लिए स्क्रीनिंग का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। शटल ब्रीडिंग अप्रोच फो –टो–पिरियोडिक एलील को हटाने और जीनोटाइप को बेहतर स्थिरता प्रदान करने में मदद करता है। देश के गेहूँ और जौ शोधकर्ताओं को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान करने के लिए, हिमाचल प्रदेश के लाहौल और स्पीति के दालंग मैदान में स्थित आईसीएआर–आईआईडब्ल्यूबीआर क्षेत्रीय केंद्र एक राष्ट्रीय सेवा केंद्र के रूप में कार्य करता है। वर्ष 2018 के दौरान विभिन्न उद्देश्यों के तहत की गई प्रगति निम्नलिखित शीर्षक के तहत प्रस्तुत की गई है।

ऑफ–सीजन (मई–अक्टूबर, 2018) के दौरान गेहूँ, जौ और अन्य फसलों की पीढ़ी उन्नति

मई–अक्तूबर, 2018 की अवधि के दौरान ग्रीष्मकालीन नर्सरी सुविधा के कुशल उपयोग के लिए। विभिन्न संस्थानों के 36 सहयोगियों के गेहूँ और जौ की लगभग 31,000 लाईनें आईआईडब्ल्यूबीआर क्षेत्रीय केंद्र दालंग मैदान में संतति वृद्धिकरण किया गया। सभी प्रमुख गेहूँ जोन से केंद्र पर सामग्री का वृद्धिकरण किया गया। अधिकतम सामग्री उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र और उसके बाद उत्तरी पहाड़ी क्षेत्र और मध्य क्षेत्र से प्राप्त की गई थी। ऑफ–सीजन सुविधा का उपयोग करने के लिए आईसीएआर– आईआईडब्ल्यूबीआर के अलावा, आईएआरआई नई दिल्ली, सीसीएस एचएयू हिसार, एनएबीआई मोहाली और

जीबीपीयूएटी पंतनगर प्रमुख सहयोगी थे। सभी सामग्रियों की बुवाई 14–16 मई, 2018 के दौरान की गई । सभी अनुसंधान सामग्री को 2018 के सितंबर–अक्तूबर महीने में काटा गया और समय पर संबंधित शोधकर्ताओं को आपूर्ति की गई। पीला रतुआ और पाउडर फफूंदी दोनों के लिए रोग का दबाव लाईनों की स्क्रीनिंग के लिए पर्याप्त था और देश भर के गेहूँ शोधकर्ताओं द्वारा इसका उचित उपयोग किया गया। पीला रतुआ की निगरानी के लिए आईसीएआर–आईआईडब्ल्यूबीआर क्षेत्रीय केंद्र शिमला द्वारा 21 लाइनों वाले गेहूं रोग निगरानी नर्सरी भी लगायी गयी।

फसल के मौसम के दौरान 26–28 सितंबर 2018 को भारी बर्फबारी हुई और 10 दिनों तक फसल बर्फ से ढकी रही। महत्वपूर्ण शोध सामग्री को बचाया गया और सहयोगियों को पहुँचाया गया।

सुधारात्मक संकरण

वर्ष 2018 की ग्रीष्मकालीन की नर्सरी के दौरान, विभिन्न संस्थानों के शोधकर्ताओं द्वारा 550 से अधिक सुधारात्मक क्रॉस बनाये गए। आईसीएआर –आईएआरआई नई दिल्ली, आईसीएआर वीपीकेएएस– अल्मोड़ा, एसकेयूएएसटी जम्मू,

सीएसकेएचपीकेवी पालमपुर, एनएबीआई मोहाली और एनडीयूएटी फैजाबाद जैसे विभिन्न संस्थानों के वैज्ञानिक और सहायक स्टाफ सदस्य कई अन्य लोगों ने जुलाई और अगस्त 2018 के महीनों के दौरान नर्सरी का दौरा किया।

रोग स्क्रीनिंग

पीला रतुआ और पाउडर फफूंदी की जाँच के लिए मौसम बहुत अनुकूल था। विभिन्न केंद्रों द्वारा लगभग 15,000 लाइनों की जाँच की गई। जुलाई के अंतिम सप्ताह में पहली बार पीला रतुआ का प्रकोप देखा गया था और रोग का दबाव अगस्त, 2018 के मध्य में सबसे अधिक था। पाउडर फफूंदी रोग भी अगस्त के अंतिम सप्ताह के दौरान दिखाई दिया।

गेहूँ और जौ जर्मप्लाज्म के लिए प्राकृतिक रिपॉजिटरी

क्षेत्रीय केंद्र गेहूँ और जौ जर्मप्लाज्म के लिए एक प्राकृतिक रिपॉजिटरी के रूप में कार्य करता है और वर्तमान में 9000 गेहूँ और 2000 जौ के उपयोग को प्राकृतिक परिस्थितियों में संरक्षित किया जा रहा है।

महत्वपूर्ण कल्चर/किस्मों का बीज उत्पादन

आईसीएआर– आईआईडब्ल्यूबीआर करनाल से गेहूँ की किस्म डीबीडब्ल्यू 187 (कर्ण वंदना) का बीज उत्पादन किया गया। सीड ड्रिल का उपयोग करके बुवाई की गई और लगभग 11 कुंतल बीज की आपूर्ति की गई।

09 बीज एवं अनुसंधान प्रक्षेत्र, हिसार

बीज और अनुसंधान इकाई, भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल हिसार के अंतर्गत कुल 200 एकड़ भूमि है। जिसमें से 185 एकड़ भूमि का उपयोग फसल उगाने के लिए किया जा रहा है, इसके अतिरिक्त 15एकड़ भूमि को तलाब, सिंचाई की नालियाँ, नलकूप, सड़क, कार्यालय भवन एवं बीज भण्डार के लिए उपयोग में लाया जा रहा है। वर्ष 2017–18 के दौरान 28.4 एकड़ भूमि पर गेहूँ की बीजाई की गई, जिसमें 490 कुंतल प्रजनक बीज का उत्पादन हुआ है (तालिका 9.1)। जबकि जौ की बीजाई 22.5 एकड़ भूमि पर की गई, जिसमें 282.30 कुंतल प्रजनक बीज का उत्पादन हुआ है। गेहूँ एवं जौ के प्रजनक बीजों की औसत उपज 15.3 कुंतल प्रति हैक्टर एवं 13.44 कुंतल क्रमशः दर्ज की गई। प्रयोगात्मक सामग्री से प्राप्त गेहूँ एवं जौ का मिश्रण को 24.6 कुंतल दर्ज किया गया। गेहूँ एवं जौ से प्राप्त लगभग 282.00 कुंतल भूसा प्राप्त हुआ और इसे भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल एवं भाकृअनुप–केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार के आपसी समझौते के तहत भाकृअनुप–केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार को प्रदान किया गया।

खरीफ मौसम के दौरान, खेत में ढैंचा की फसल को पूरे खेती योग्य क्षेत्र में उगाया गया था ताकि मिट्टी की उर्वरता बनी रहे एवं साथ ही लवणता भी कम हो सके। ढैंचा की फसल को बारिश के समय जुताई करके पूरे खेत में हरियाली आने पर मिट्टी में दबा दिया गया था।

तालिका 9.1 भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम

क्र.स.	फसल का नाम	उत्पादन (कुंतल)	प्राप्त राजस्व (रुपये)
1.	गेहूँ बीज उत्पादन	490.00	भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल को स्थानांतरित किया गया।
2.	जौ बीज उत्पादन	278.70	भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल को स्थानांतरित किया गया।
3.	गेहूँ एवं जौ का मिश्रण	24.60	भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल एवं भाकृअनुप–केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार के स्टाफ को रुपये 37295 में बेचा गया।
4.	गेहूँ एवं जौ का भूसा	282.00	आपसी समझौते के तहत भाकृअनुप–केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान, हिसार को प्रदान किया गया।

डीबीडब्ल्यू-71

डीबीडब्ल्यू-17

डीबीडब्ल्यू-160

सीबीडब्ल्यू-38

डीडब्ल्यूआरबी-101

डीडब्ल्यूआरबी-137

डीडब्ल्यूआरबी-123

डीडब्ल्यूआरबी-123

10 संस्थान की गतिविधियाँ

1. दिनांक 30–31 मई, 2018 के दौरान संस्थान अनुसंधान समिति की बैठक संस्थान में आयोजित की गई।

2. 24–26 अगस्त, 2018 के दौरान 57वीं अखिल भारतीय गेहूँ एवं जौ कार्यकर्ता सम्मेलन, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय, रांची, झारखंड में आयोजित की गई। इस अवसर पर माननीय राज्यपाल महोदया, श्रीमती द्रौपदी मुर्मु, झारखंड ने मुख्य अतिथि के रुप में शिरकत की।

3. दिनांक 17 सितम्बर, 2018 को संस्थान प्रबन्धन समिति की बैठक आयोजित की गई।

4. भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में कृषक–वैज्ञानिक कार्यशाला एवं बीज दिवस का आयोजन 15 अक्तूबर, 2018 के दौरान किया गया। जिसमें हरियाण, पंजाब, उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश के लगभग 1500 किसानों ने भाग लिया।

5. दिनांक 12 नवम्बर, 2018 को अनुसंधान सलाहकार समिति की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता डॉ. एच एस गुप्ता (पूर्व महानिदेशक, बी.आई.एस.ए. एवं निदेशक, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली) ने की।

6. दिनांक 10–11 दिसम्बर, 2018 के दौरान संस्थान की "पंचवर्षीय पुनर्विलोकन समिति" की बैठक प्रोफेसर आर. बी. सिंह, कुलाधिपति, केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय, इम्फाल एवं पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय कृषि विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली की अध्यक्षता में भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में आयोजित की गई।

7. दिनांक 3 दिसम्बर, 2018 को कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में किया गया

8. विश्व मृदा दिवस का आयोजन दिनांक 5 दिसंबर, 2018 को गाँव वेद खेरी, उत्तर प्रदेश किया गया ।

9. भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल का स्थापना दिवस 9 फरवरी 2019 को खुशी एवं उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर डॉ के.वी. प्रभु, अध्यक्ष, पीपीवी और एफआर, नई दिल्ली समारोह के मुख्य अतिथि थे।

10. भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल के प्रक्षेत्र दिवस का आयोजन 29 मार्च, 2019 को मनाया गया। इस अवसर पर गेहूँ और जौ वैज्ञानिकों ने बड़ी संख्या का भाग लिया और साथ ही अनुसंधान कार्यक्रम के लिए उचित जननद्रव्य का चयन किया ।

सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियाँ

11. स्वच्छ भारत अभियान के तहत, स्वछता पखवाड़ा 16–30 अक्तूबर, 2018 के दौरान संस्थान में आयोजित किया गया। इस अवधि के दौरान, इस संस्थान के सभी सदस्यों ने बेहतर पर्यावरण की सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

12. स्वछता अभियान पखवाड़ा 15 सितम्बर से 3 अक्टूबर, 2018 के दौरान भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में आयोजित किया गया। इस अवधि के दौरान संस्थान के सभी सदस्यों ने शहर के विभिन्न स्थानों को साफ–सफाई करने के लिए सक्रिय रूप से भाग लिया।

13. संगठित बीज उत्पादन इंटरफेस बैठक का आयोजन दिनांक 17 सितंबर, 2018 को संस्थान में आयोजित किया गया जो कि पब्लिक–प्राइवेट–पार्टनरशिप (पीपीपी) की ओर एक बढ़ता कदम है।

समारोह

14. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21 जून, 2018 को भाकृअनुप–भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल में मनाया गया । इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्टाफ के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

15. 70वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी 2019 को

